# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, बुधवार 1 मई 2024


बर्फ में फंसे सैलानी मनाली पहुंचाए गए

## अटल टनल से 14 घंटे कटा रहा कोकसर



**शिमला।** लाहौल घाटी में बर्फबारी के बाद मंगलवार को मौसम साफ रहा। घाटी में और दो जगह हिमस्खलन हुआ। कुठ बिहाल की पहाड़ी से सोमवार शाम हिमस्खलन से अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल से कोकसर का संपर्क 14 घंटे तक कटा रहा।






## इंदौर के बाद मुरैना में बड़ा 'खेला'

# एक और बड़ा झटका: विधायक रामनिवास रावत महापौर शारदा ने कांग्रेस छोड़ी, भाजपा में शामिल

पहले से भाजपा के संपर्क में थे रावत, सोलंकी

भाजपा नेतृत्व से बातचीत के बाद दोनों हुए तैयार

वीडी, डॉ. मोहन यादव ने श्योपुर में दिलाई सदस्यता

माना जा रहा है कि पार्टी नेतृत्व से हुई बातचीत के बाद रावत राज्य सरकार में मंत्री बन सकते हैं। रावत को लोकसभा चुनाव के बाद मोहन कैबिनेट में शामिल किया जा सकता है

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

खजुराहो में वीडी शर्मा और इंदौर में कैलाश विजयवर्गीय के बाद विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने मुरैना लोकसभा क्षेत्र में बड़ा खेला कर दिया। वीडी शर्मा के क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन रद्द हुआ था और इंदौर में कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन वापस। तोमर ने भाजपा नेतृत्व, प्रदेश ▶▶ शेष पेज 4 पर



### कतार में थे शारदा और रामनिवास

विधायक रामनिवास रावत और महापौर शारदा सोलंकी अचानक कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में नहीं आए, बल्कि ये पहले से कतार में थे। शारदा सोलंकी की भाजपा में आने की चर्चा लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले थी। वे नरेंद्र तोमर के साथ दिल्ली में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मिली ▶▶ शेष पेज 4 पर

### कांग्रेस से इसलिए नाराज थे रामनिवास?



रामनिवास रावत कांग्रेस से तभी से नाराज थे जब जीतू को प्रदेश अध्यक्ष, उमंग सिंघार को नेता प्रतिपक्ष और हेमंत कटारे को उप नेता प्रतिपक्ष बनाया गया था। लेकिन उन्होंने कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की थी। कांग्रेस ने जैसे ही सत्यपाल सिकरवार को मुरैना से लोकसभा प्रत्याशी घोषित किया तो उनका गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी चयन में उनकी सलाह नहीं ली ▶▶ शेष पेज 4 पर

### जितना चाहता था नहीं कर पाया विकास

*भाजपा ज्वॉइन करने के बाद रामनिवास रावत ने कहा कि हर किसी की इच्छा रहती है कि वह क्षेत्र की जनता के लिए कुछ करे, लेकिन जितना विकास मैं चाहता था, नहीं करा पाया। अब भाजपा में शामिल होकर क्षेत्र को प्रदेश की मुख्यधारा तक ले जाना चाहता हूं। रावत के भाजपा में शामिल होने के बाद विजयपुर विधानसभा सीट के लिए उप चुनाव होना तय हो गया है। हालांकि, मंगलवार शाम तक विधानसभा सचिवालय को उनका इस्तीफा नहीं मिला था। रावत कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष और कांग्रेस सरकार में मंत्री रह चुके हैं। वे मुरैना-श्योपुर लोकसभा सीट से 2 बार लोकसभा चुनाव भी लड़ चुके हैं। दोनों बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।*









### खबर संक्षेप

#### राष्ट्रपति मुर्मू आज रामलला के दर्शन करेंगी

**अयोध्या।** बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू परिवार सहित अयोध्या आएंगी। वह करीब चार घंटे



अयोध्या में रहकर हनुमानगढ़ी और रामलला के दर्शन कर सरयू आरती में शामिल होंगी। राष्ट्रपति करीब चार बजे दोपहर महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर उतरने के बाद कार से हनुमानगढ़ी पहुंचकर दर्शन करेंगी।

#### यादव बने दिल्ली कांग्रेस के नए अंतरिम अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष रहे अरविंदर सिंह लवली के इस्तीफे के बाद अब



पार्टी ने बड़ा फैसला लिया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने देवेंद्र यादव को दिल्ली कांग्रेस का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया है। यादव पंजाब कांग्रेस कमेटी के प्रभारी भी हैं।

#### एक और खुदकुशी सुसाइड नोट मिला

**कोटा।** कोटा में एक और छात्र द्वारा सुसाइड करने का मामला सामने आया है। बीते दो दिनों में



यह खुदकुशी की दूसरी घटना है। 5 मई को एग्जाम होने वाला है, उससे पहले दो स्टूडेंट मौत को गले लगा चुके हैं। एक सुसाइड नोट भी मिला है जिसमें लिखा है कि सॉरी पापा, इस बार भी मेरा सलेक्शन नहीं हो पाएगा।

रक्षा मंत्री राजनाथ ने सूरत-इंदौर के घटनाक्रमों पर कहा

## हम निर्विरोध हुए तो कांग्रेस को 'खतरे' में लगने लगा लोकतंत्र

अब कोई भी महंगाई पर फिल्म नहीं बनाता क्योंकि यह नियंत्रण में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

जिले के पुनासा में मंगलवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि कांग्रेस डायनासोर की तरह विलुप्त हो जाएगी। कांग्रेस एक डूबता जहाज है, उसे दुनिया की कोई ताकत नहीं बचा सकती है। महात्मा गांधी ने भी कहा था कि कांग्रेस को भंग कर देना चाहिए, लेकिन कांग्रेस में उनकी बात नहीं मानी गई।

अब देश की जनता ने ही ठान लिया है कि कांग्रेस का सफाया होना चाहिए। रोटी कपड़ा और मकान, पीपली लाइव का जिक्र करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के राज में महंगाई बेकाबू थी, इसी कारण फिल्में बनी थी। राजनाथ सिंह ने सूरत और इंदौर की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि यह तो करिश्मा हो गया, कांग्रेस के प्रत्याशी भाजपा ज्वॉइन कर रहे हैं। अब कांग्रेस को लोकतंत्र खतरे में नजर आ रहा है। इससे पहले भी 20 बार लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए तब लोकतंत्र खतरे में ▶▶ शेष पेज 4 पर



इससे पहले 20 बार लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए तब लोकतंत्र खतरे में नहीं आया था?

### जब बच्चे कहेंगे कौन कांग्रेस?

कांग्रेस के समय को घोटालों का दौर बताते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि भाषण देने से भ्रष्टाचार खत्म नहीं होता है। सिस्टम में बदलाव लाकर ही इसे खत्म किया जा सकता है। पीएम मोदी ने जनधन, मोबाइल और आधार को एक दूसरे से अटैच कर के भ्रष्टाचार को समाप्त करने का काम किया है। कुछ साल बाद जब बच्चों से कांग्रेस के बारे में पूछेंगे तब बच्चे कहेंगे कि कौन कांग्रेस?

भिंड में राहुल का भाजपा पर तीखा हमला

## यदि वे चुनाव जीत गए तो संविधान फाड़कर फेंक देंगे


भाजपा चाहती है कि ये किताब फेंक दी जाए और देश को 20-25 अरबपति चलाएं

◆ राहुल ने कहा-आजादी के बाद किसानों, गरीबों, मजदूरों, पिछड़ों, आदिवासियों को जो भी कुछ मिला, इस किताब के कारण ही मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिंड

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भिंड की चुनावी सभा में भाजपा पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस नेता ने हाथ में संविधान की कॉपी लेकर कहा कि अगर वो चुनाव जीते तो इस किताब (संविधान को) को फाड़कर फेंक देंगे। राहुल ने संविधान के लिए कहा- ये मामूली किताब नहीं है।

आजादी के बाद किसानों, गरीबों, मजदूरों, पिछड़ों, आदिवासियों को जो भी कुछ मिला है इस किताब के कारण मिला है। अब प्रधानमंत्री ने, अमित शाह ने और उनके सांसदों ने मन बना लिया है कि अगर वो चुनाव जीतेंगे तो वो इस किताब (संविधान ) को फाड़कर फेंक देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा चाहती है कि ये किताब फेंक दी जाए और देश को 20-25 अरबपति चलाएं। हिंदुस्तान में पब्लिक सेक्टर बना, गरीबों को आरक्षण मिला, सेना में आपकी भर्ती होती है, पेंशन मिलती है, सारे के सारे अधिकार इस किताब से मिलते हैं। दुनिया में कोई शक्ति नहीं है जो इसको बदल सके। ये हिंदुस्तान के लोगों की आत्मा है। कांग्रेस और आंबेडकर ने, हिंदुस्तान की जनता ने मिलकर लड़ाई की और से संविधान बनाया। इसको ऐसे मिटने नहीं देंगे। राहुल बोले कि ये मामूली चुनाव नहीं है। इस चुनाव में दो विचारधाराओं की टक्कर है। एक तरफ कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन है, जो संविधान को बचाने की कोशिश कर रहा है।



### सारे काम आरक्षण के खिलाफ

*राहुल गांधी ने पूछा कि भाजपा कहती है कि वो आरक्षण के खिलाफ नहीं है। तो अगर आप आरक्षण के खिलाफ नहीं हो तो पब्लिक सेक्टर को क्यों प्राइवेटाइज कर रहे हैं, आप रेलव का क्यों निजीकरण कर रहे हैं, आप अग्निवीर योजना क्यों लेकर आए? आप ठेकेदारी प्रथा को क्यों बढ़ावा दे रहे हैं? ये सब के सब काम आरक्षण के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि आप अरबपतियों का कर्जा माफ करते हो। 16 लाख करोड़ रुपया, 22-25 लोगों का कर्जा केंद्र ने माफ किया है। मैं पूछता हूं किसानों, मजदूरों का कितना कर्जा माफ किया है?*

इटारसी-मुंबई जाने वाली ट्रेनें प्रभावित

## बिना इंजन के ही दौड़ने लगी मालगाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

खंडवा रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को सुबह करीब 8 बजे उस वक्त हड़कंप मच गया, जब यहां खड़ी मालगाड़ी बिना इंजन के ही ट्रैक पर दौड़ने लगी। कुछ दूर जाकर वह बिजली के पोल से टकरा गई। इस घटना में एक तरफ जहां उसके 5 कोच पटरी से उतर गए, तो दूसरी तरफ दिल्ली-मुंबई-इटारसी की ओर आने-जाने वाली गाड़ियों पर असर पड़ा। हालांकि, दिल्ली रूट को कुछ देर बाद ही शुरू कर दिया गया। इटारसी-मुंबई ट्रैक को ठीक किया जा रहा है। रेलवे के सीनियर अधिकारी मौके की ▶▶ शेष पेज 4 पर



सबसे वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी थे शर्मा

## सेवानिवृत्त हुए पुरुषोत्तम शर्मा की जगह अनुराधा शंकर सिंह बनीं स्पेशल डीजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मप्र पुलिस के स्पेशल डीजी पुरुषोत्तम शर्मा मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। उनकी जगह एडीजी (प्रशिक्षण) अनुराधा शंकर सिंह स्पेशल डीजी बनाई गई हैं। वह एक माह ही इस पद पर रहेंगी, क्योंकि 31 मई को वह भी सेवानिवृत हो रही हैं। इसके बाद उनकी जगह एडीजी (अजाक) राजेश गुप्ता पदोन्नत होकर स्पेशल डीजी बनेंगे। उधर, एडीजी बीबी शर्मा भी 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो गए। प्रदेश पुलिस के मुखिया डीजीपी सुधीर सक्सेना भी इसी वर्ष नवंबर में ▶▶ शेष पेज 4 पर

मई में पश्चिमी विक्षोभ के असर से 45 डिग्री को पार नहीं कर सकेगा पारा

## इस माह औसत अधिकतम पारा 41 से 43 डिग्री के बीच रहने का अनुमान, जारी रहेगा बादल और बारिश का दौर

2022 में 14 मई को रहा था सर्वाधिक 45.1 डिग्री पारा, पिछले साल 14 मई को 43.4 डिग्री था, इस साल पहला और दूसरा सप्ताह निकलेगा बादल, बौछारों के बीच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में अप्रैल में गर्मी का पारा डाउन रहा। अब मई में भी इस साल गर्मी एक साल पहले यानि वर्ष 2022 को रिकार्ड नहीं तोड़ पाएगी। वर्ष 2022 में 14 मई को भोपाल में दिन का तापमान सर्वोच्च स्तर पर 45.1 डिग्री रहा था। पिछले साल यह पूरे महीने में 14 मई को ही यह केवल 43.4 डिग्री तक पहुंच सका है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला ▶▶ शेष पेज 4 पर




*रंगमहल के पास धूप से बचती महिलाएं*

अगले दो तीन दिन में बढ़ेगी गर्मी

### प्रदेश में औसत तापमान 41 से 42 डिग्री जाएगा

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ अफगानिस्तान के आसपास सक्रिय है। यह चक्रवाती घेरे के रूप में है। इसके असर से जबलपुर, मंडला, डिंडौरी सहित पूर्वी और उत्तर पूर्वी मप्र में बादल, तेज हवाएं और कहीं कहीं बारिश होगी। इससे तापमान में ज्यादा अंतर नहीं होगा, लेकिन गर्मी नहीं बढ़ेगी। अगले तीन दिन में पारा औसतन दो डिग्री तक बढ़कर पूरे प्रदेश में औसत तापमान 41 से 42 डिग्री तक ▶▶ शेष पेज 4 पर

हरिभूमि ने पद्मश्री से सम्मानित प्रदेश की कुछ प्रतिभाशाली महिलाओं को तलाशा और बात की

# मजदूरी से लेकर पद्मश्री तकः सड़कों पर ईंटे ढोईं, घरों में झाड़ू-पोंछा किया, इसी बीच अपनी कला को निखार हासिल किया 'पद्मश्री'

मधुरिमा राजपाल ▶▶ भोपाल

मजदूर दिवस विशेष

जो जीवन की धूल चाट कर बड़ा हुआ है, तूफानों से लड़ा और फिर खड़ा हुआ है, जिसने सोने को खोदा लोहा मोड़ा है, जो रवि के रथ का घोड़ा है.... शायद एक मजदूर का जीवन इन्हीं पंक्तियों को साकार करता है, जिसकी सारी उम्र शायद पीठ पर सीमेंट, गारा, मलबा ढोने में बीत जाती है तो वहीं मजदूरी करने वाली औरतों का जीवन लोगों के घरों की जूठन साफ करने और उनके घर में झाड़-पोंछा करने में, जिससे इनके घरों में दो जून की रोटी आ पाए, लेकिन इन मजदूरों की मेहनत रंग लाती है और किस्मत ऐसी करवट लेती है कि एक दिन यही मजदूर भारत के चौथे सबसे बड़े नागरिक पुरस्कार पद्म श्री से सम्मानित होते हैं। आज मजदूर दिवस पर हरिभूमि ने प्रदेश की कुछ ऐसी पद्मश्री से सम्मानित महिलाओं को तलाशा और बात की, जिनके जीवन के कई दशक दूसरों के घरों में साफ-सफाई करने और मजदूरी करने में बीता, लेकिन उनकी लगन और मेहनत ने उन्हें पद्मश्री जैसे चौथे सर्वोच्च सम्मान तक पहुंचाया।

## कई बार तो घर में भोजन के लिए भी नहीं होते थे पैसे, करती थी मजदूरी



पारंपरिक भील चित्रों को पढ़ाने और संरक्षित करने में बहुत बड़ा योगदान देने वाली झाबुआ जिले के पिटोल गांव की रहने वाली पद्मश्री भूरी बाई का भी जीवन मजदूरी से कलाकार बनने तक का सफर काफी संघर्ष भरा रहा। बचपन से ही भूरी बाई चित्रकारी करने की शौकीन थी, उन्होंने कैनवास का इस्तेमाल कर आदिवासियों के जीवन से जुड़ी चित्रकारी को करने की शुरूआत की और देखते ही देखते ही उनकी पहचान पूरी देश में हो गई। उन्होंने कहा कि मेरा बचपन बेहद गरीबी में बीता, गांव में घर की दीवारों पर पिथोरा पेंटिंग करने से शुरुआत की।

### सर्वोच्च सम्मान से हुई सम्मानित

किस्मत से संस्कृति विभाग की तरफ से पेंटिंग बनाने का काम दिया गया और फिर शुरु हुआ सम्मानों का सिलसिला। जिसमें मुझे मध्य प्रदेश सरकार के सर्वोच्च पुरस्कार शिखर सम्मान, अहिल्या सम्मान के बाद देश के चौथे सर्वोच्च सम्मान पद्म श्री से सम्मानित किया गया। जो मेरे लिए सौभाग्य की बात है। आज मेरी बनी पेंटिंग्स विदेशों में भी काफी प्रसिद्ध हैं।

## भोपाल आकर रोजी-रोटी के लिए घरों में किया झाड़ू-पोंछा करने का काम



गोंड पेंटिंग करने वाली दुर्गाबाई व्याम का जीवन भी कष्टों भरा रहा। उन्होंने कहा कि मैंने मां और दादी को देखकर पेंटिंग सीखी, इसके बाद 15 साल की उम्र में मेरी शादी हुई और 1996 मैं भोपाल आ गई। जहां मैंने रोजी रोटी के लिए बड़े बड़े घरों में झाड़ू-पोंछा का काम किया, कई घरों में लीपापोती के दौरान डिजाइन बनाया करती, कच्चे मकानों की दीवारों पर गोंड भित्ती चित्रकला बनाया करती थी। उन्होंने कहा कि मेरे काम के आधार पर भोपाल के संग्रहालय में चित्रकारी का काम मिल गया। इसके बाद मेरे बने चित्रों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला

मेरी जीवन की इसी यात्रा और मेरी कला को सराहना देते हुए भारत सरकार ने मुझे देश के चौथे सर्वोच्च सम्मान पद्म श्री से सम्मानित किया। दुर्गा बाई ने कहा इसके अलावा मुझे 2004 में मप्र हस्तशिल्प विकास परिषद द्वारा सम्मानित किया गया, 2008 में तारा प्रकाशन द्वारा प्रकाशित बच्चों की किताब 'द नाइट लाइफ ऑफ ट्रीज' के लिए इटली में बोलोग्ना रागाजी पुरस्कार प्रदान किया।

## जोधैया बाई ने उम्र के छठवें दशक में शुरू की चित्रकारी, मिला सम्मान



उमरिया जिले की रहने वाली जोधैया बाई बैगा अन्य आदिवासी महिलाओं की तरह ही साधारण जिंदगी गुजारी। वह लकड़ियां और गोबर बेचकर घर चलाने में अपने मजदूर पति की मदद करती थीं। जब उनके पति दुनिया को छोड़कर चले गए तब 67 वर्ष की आयु में अपने जीवन का रुख कला की ओर किया, जिसमें दिवंगत कलाकार आशीष स्वामी जनगण से चित्रकारी सीखी। जोधैया ने पहले फर्श पर रंगोली बनानी सीखी, फिर सब्जियों पर चित्रकारी की और बाद में लकड़ी पर अपनी कला को उभारा। इसके बाद जोधैया बाई को पूर्व प्रधानमंत्री रामनाथ कोविंद ने जोधैया बाई को नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित किया। वहीं देश के चौथे सर्वोच्च सम्मान पद्म श्री से सम्मानित किया गया। आज जोधैया बाई की पेंटिंग्स की प्रदर्शनी केवल मध्य प्रदेश में ही नहीं, बल्कि देश के कई शहरों में और विदेशों में भी लगी।

## खबर संक्षेप



### सिख समाज की बैठक कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**भोपाल।** शहर के पटेल नगर में सिख समाज की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार के मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में मुख्य अतिथि मनजिंदर सिंह सिरसा उपस्तिथ रहे। इस मौके पर मंत्री कृष्णा गौर, नेहा बग्गा, जतिंदर पाल सिंह गिल वा अन्य साथी उपस्थित रहे।

### शेपिंग यंग माइंड्स कार्यक्रम कल



**भोपाल।** भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन (बीएमए) कोलार रोड स्थित एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के आर्यभट्ट सभागार में 2 मई को शेपिंग यंग माइंड्स कार्यक्रम का आयोजन करेगा। मंगलवार को पत्रकार वार्ता में संगठन के अध्यक्ष सुनील भार्गव ने बताया कि सुबह 9 बजे से शाम 4:30 बजे तक व्याख्यान होंगे। इसमें लेसोथो, दक्षिण सूडान और लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद में प्रधानमंत्री के राजदूत और विशेष सलाहकार डॉ. दीपक बोहरा, केपीएमजी के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड रेखी, न्यूट्रीवेल हेल्थ इंडिया लिमिटेड की संस्थापक डॉ. शिखा नेहरू शर्मा, इंटीग्रल कोच फैक्ट्री के पूर्व महाप्रबंधक सुधांशु मणि अपने अनुभव साझा करेंगे।

### सकलपर्णा समूह के सदस्यों ने बांटे सकोरे



**भोपाल ।** शहर के करुणा धाम मंदिर के प्रांगण से सकलपर्णा समूह के सदस्यों द्वारा एक अभियान जीवन देता एक सकोरा, उस में रख दो पानी थोड़ा प्रारंभ किया गया, जिसके तहत समूह के सदस्यों द्वारा पंछियों को पानी पीने के लिए सकोरे बांटे साथ ही लोगों से पानी बचाने की भी गुजारिश भी की। कार्यक्रम में सर्वप्रथम समूह की सदस्य सुधा दुबे और श्यामा गुप्ता ने अपनी अपनी कविताओं को पढ़कर भी सुनाया तथा सबको समझाया भी। संस्था की अध्यक्ष अनीता सक्सेना ने सभी से अपील की कि बढ़ती गर्मी और लू के प्रकोप से इंसानों के साथ-साथ पशु-पक्षियों को भी बचाना जरूरी है और इसलिए उनके लिए पानी रखना आवश्यक है।

मतदान वाले क्षेत्रों के प्रेक्षकों से चर्चा कर की समीक्षा

## मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा-मतदान का प्रतिशत बढ़ाने मिलकर करें प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि मतदाता वोट करने मतदान केन्द्रों तक आएं, इसके लिए मतदान केन्द्रों में सभी समुचित व्यवस्थाएं की जाएं। मतदाताओं को हर जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

मतदान बढ़ाने के लिए रिटर्निंग ऑफिसर, प्रेक्षक, स्वीप नोडल और पूरी निर्वाचन टीम सभी मिल जुलकर सामूहिक प्रयास करें। मुख्य निर्वाचन आयुक्त कुमार ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए तीसरे चरण में मतदान वाले सभी लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में नियुक्त केन्द्रीय प्रेक्षकों से चर्चा कर मतदान की तैयारियों की समीक्षा किए। वीसी में निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेन्द्र कुमार एवं डॉ. एसएस संधू भी उपस्थित थे।

### तीसरे चरण में 9 लोकसभा क्षेत्रों में 7 मई को मतदान

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने आयोग को अवगत कराया कि प्रदेश में तीसरे चरण में 9 लोकसभा क्षेत्रों में 7 मई को मतदान होना है। यहां बीएलओ से डोर-टू-डोर वोटर पर्ची बांटकर मतदाताओं से व्यक्तिगत सम्पर्क कर उनसे वोट करने की अपील की जा रही है। तीसरे चरण के लिए एक मई को और चौथे चरण के लिए 7 मई को सभी मतदान केन्द्रों में "चलें बूथ की ओर" अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान व्यापक गतिविधियां की जाएंगी। मतदाताओं तक अपनी बात पहुंचाने के लिए हर संभव तरीकों का उपयोग किया जा रहा है। मतदाता वोट करने मतदान केन्द्र तक आएं, इसके लिए समन्वित प्रयास तेजी से किए जा रहे हैं। तीसरे और चौथे चरण में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं की जरूरत के अनुसार हर मतदान केन्द्र में पेयजल, रौशनी, रैम्प, बैंचेस, सुविधा घर और छाया के लिए शामियाना आदि की व्यवस्थाएं की जा रही हैं। मुरैना एवं राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र के केन्द्रीय प्रेक्षकों ने भी आयोग को अपना-अपना फीडबैक दिया और मतदान बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कुमार कौल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी तरुण राठी, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी प्रमोद कुमार शुक्ला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### हर हाल में पहुंचे मतदान केंद्रों तक

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने मतदाताओं से अपील की कि सभी मतदान केन्द्रों में छाया, शीतल पेयजल, पंखे, कूलर, रैम्प, दवा, ओआरएस पैकेट आदि की समुचित व्यवस्था रहेगी। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्र तक आएं और वोट जरूर करें। यदि मतदाता सूची में नाम है, परंतु वोटर आईडी कार्ड नहीं हैं, तो आयोग की ओर से मान्य 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज दिखाकर मतदाता वोट कर सकते हैं।

### मुरैना एवं राजगढ़ संसदीय क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षकों से की चर्चा

मुख्य निर्वाचन आयुक्त कुमार ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन तथा प्रदेश के मुरैना एवं राजगढ़ लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षकों से चर्चा की और सभी तैयारियों की सिलसिलेवार जानकारी ली। कुमार ने कहा कि तीसरे और चौथे चरण में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अतिरिक्त प्रयास किए जाएं। मतदाताओं से सीधा सम्पर्क कर उन्हें वोट करने के लिए प्रेरित करें और उनकी सुविधाओं के व्यापक इंतजाम भी करें।



## स्वच्छता, सुखी जीवन की आधारशिला हैः प्रो. पांडे

**भोपाल।** इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में मंगलवार को संग्रहालय स्वच्छता पखवाड़ा 2024 के अंतर्गत पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत आयोजित स्कूली बच्चों हेतु संग्रहालय में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य का महत्व विषय पर पोस्टर-पेंटिंग प्रतियोगिता एवं संग्रहालय कर्मियों हेतु निबंध लेखन प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को संग्रहालय के निदेशक प्रो. अमिताभ पांडे ने प्रमाण-पत्र, प्रतीक चिन्ह एवं नगद राशि देकर पुरस्कृत किया। पोस्टर-पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार (कमला नेहरू स्कूल, भोपाल) के मुस्कान साहू व अन्नया भारद्वाज, द्वितीय पुरस्कार मानस सक्सेना व अश्विका मिश्रा (नारायणा आई टेको स्कूल, भोपाल) को मिला। इस अवसर पर संग्रहालय के निदेशक प्रो. अमिताभ पांडे ने कहा कि स्वच्छता एक अच्छी आदत है, ये हमे मानसिक, शारीरिक, सामाजिक और बौद्धिक रूप से स्वस्थ्य रखता है।

- संग्रहालय स्वच्छता पखवाड़ा 2024 के अंतर्गत पुरस्कार वितरण हुआ आयोजित

कई राशियों पर पड़ेगा विशेष प्रभाव

## बृहस्पति 12 साल बाद अपनी शत्रु राशि वृषभ में करेंगे प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ज्ञान, बुद्धि और धार्मिक कारक ग्रह देवगुरु बृहस्पति 12 साल बाद एक मई को अपनी शत्रु राशि वृषभ में प्रवेश करेंगे। ज्योतिषविदों के मुताबिक बुधवार दोपहर 1.02 बजे बृहस्पति का मेष से वृषभ राशि में प्रवेश होगा। इस बीच गुरु ग्रह नौ मई को अस्त हो जाएगा। इसका कई राशियों पर विशेष प्रभाव पड़ेगा। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पं.रामजीवन दुबे ने बताया कि लगभग 13 मास बृहस्पति इसी राशि में विचरण करेंगे। खगोलीय मंडल में होने वाले इस बदलाव का मिथुन, तुला व कुंभ राशि के जातकों को मध्यम फल मिलेगा। साथ ही गर्मी में भी तेजी आएगी। शिक्षा, उद्योग, धार्मिक, अध्यात्म और सामाजिक क्षेत्रों में कई सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे व नए आयाम भी स्थापित होंगे।

### गुरु ग्रह नौ अक्टूबर से वक्री

उधर, गुरु ग्रह नौ अक्टूबर से चार फरवरी, 2025 तक उल्टी (वक्री) चाल चलेगा। वृष राशि में गुरु के गोचर से मेष, वृष, कन्या, वृश्चिक व मकर राशि के जातकों को विशेष लाभ मिलेगा।

## 7 मई को आपकी जिम्मेदारी को बताएगा, अंगुली पर लगा चुनाव का निशानः सारिका



**भोपाल।** आपकी उंगली में ये हिम्मत है कि वो आने वाले पांच सालों के लिए देश की सरकार बना सकती है। इसके लिए अब सभी मतदाताओं को घर से निकलना है और मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान कर अपनी सरकार बनाना है और इसके माध्यम से आपकी उंगली की ताकत दिखाना है। ये बात स्वीप आईकॉन सारिका घारू ने स्वीप गतिविधियां के अंतर्गत भोपाल के मतदाताओ से वोट क्लब , चिनार पार्क तथा जिला अदालत के सामने आयोजित कार्यक्रम में गीत तथा ग्रुप डांस के माध्यम से समझाई।

नेता प्रतिपक्ष ने अफवाहों का किया खंडन

## भाजपा की मुझे पार्टी में लाने की आरजू अधूरी रहेगीः सिंघार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के भाजपा में जाने की अफवाहों का खंडल करते हुए कहा कि मैंने हमेशा ही सिद्धांतों की लड़ाई लड़ी है और लड़ता रहूंगा। उन्होंने कहा कि जो लोग मेरे भाजपा में जाने को लेकर अनर्गल अफवाह उड़ा रहे हैं वे शायद अभी मेरे व्यक्तित्व से परिचित नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं सिद्धांतों की राजनीति करता हूं और करता रहूंगा। भाजपा की मुझे पार्टी में लाने की आरजू अधूरी ही रहेगी। शायरी भरे लहजों में सिंघार ने भाजपा को जबाव देते हुए कहा कि अगवा उड़ाने वालों के लिए मैं बस यही कहूंगा कि दिल को बहलाने के लिए ये ख्याल भी अच्छा है गालिब। सिंघार ने कहा कि भाजपा इस तरह की इतनी ओछी मानसिकता की राजनीति और अनर्गल बयानबाजी से परहेज करें। भाजपा के पास कुछ बचा नहीं है इसलिए वह जनता को भ्रमित करने के हर षड्यंत्रकारी कृत्य कर रही है।

रैली निकालकर लोगों को सच बताएंगे

## इंदौर में किसी को समर्थन नहीं करेगी कांग्रेस, नोट होगा विकल्पः पटवारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश की हाईप्रोफाइल सीट इंदौर से कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय कांति बम ने अचानक नामांकन पत्र वापस ले लिया था। नामांकन वापस लेने के बाद उन्होंने भाजपा भी ज्वॉइन कर ली। इस घटना से कांग्रेस हैरान है। अब मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि इंदौर में कांग्रेस पार्टी किसी को समर्थन नहीं देगी। इंदौर में जीतू पटवारी ने कहा कि रैली निकालकर लोगों को सच बताएंगे। पहले बूथ कैप्चर होते थे। अब प्रत्याशी ही कैप्चर हो रहा है। कल का घटनाक्रम इंदौर को कलंकित करने वाला है। हमारे विधायक हारे पर हमने तो कोई गलत कदम नहीं उठाया। देश में राजनीतिक माफिया पनप रहा है। जीतू पटवारी ने कहा कि ये लड़ाई भाजपा-कांग्रेस की नहीं है। कांग्रेस अब चुनाव नहीं लड़ रही है। उसका चुनाव चिन्ह ही निकल गया, पर ये लड़ाई अब न्याय की है। चुनाव का बहिष्कार हम नहीं करेंगे, लेकिन हमारे पास नोटा का विकल्प है।

## एकीकृत बहुजन रिपब्लिकन एक्शन कमेटी ऑफ इंडिया की प्रेसवार्ता आज

**भोपाल।** एकीकृत बहुजन रिपब्लिकन एक्शन कमेटी ऑफ इंडिया (प्रस्तावित एकीकृत रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया) द्वारा राजधानी के एमपी नगर स्थित नाइन मसाला में बुधवार दोपहर 12 बजे प्रेसवार्ता आयोजित की जाएगी। लोकसभा संसदीय क्षेत्र, इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी अधिवक्ता अरुण कुमार श्रीवास्तव के समर्थन में यह पत्रकारवार्ता आयोजित की जाएगी। इस पत्रकार वार्ता को एकीकृत बहुजन रिपब्लिकन एक्शन कमेटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता शांति प्रकाश दिल्ली, कमेटी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रोफेसर रामनरेश चैधरी गोरखपुर उप्र, पटना हाई कोर्ट के अधिवक्ता अरुण कुमार कुशवाहा, एवं जबलपुर हाईकोर्ट के अधिवक्ता ओबीसी अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रमेश ठाकुर, कमेटी के संयुक्त सचिव अरुण घायवान, चंद्रपुर महाराष्ट्र एवं कमेटी के राष्ट्रीय संयोजक तथा प्रस्तावित एकीकृत रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बौद्ध संबोधित करेंगे।



## विहान ड्रामा वर्क्स की बाल नाट्य कार्यशाला का आयोजन

**भोपाल।** विहान ड्रामा वर्क्स की बाल सृजन इकाई स्वप्नयान द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन बाल नाट्य कार्यशाला 1 मई से 26 मई तक सेवन हिल्स स्कूल, न्यू मार्केट में आयोजित की जा रही है। इसमें 4 साल से 15 साल तक के बच्चे व किशोर सहभागिता करेंगे। कार्यशाला में सौरभ अनंत के निर्देशन में एक नाटक तैयार किया जाएगा, जिसका मंचन 27 मई को शहीद भवन में होगा। विहान के वरिष्ठ व युवा रंगकर्मी बच्चों को रंगकर्म की सभी विधाओं से परिचित कराते हुए उनको मार्गदर्शन देंगे। इस कार्यशाला में बच्चों के साथ विभिन्न मनोरंजक खेल खेलते हुए उन्हें डांस, अभिनय, संगीत सिखाया जाएगा।

हाउस ऑफ याकूब सिंगारचोली में चलेगी क्लास

## समर कैंप में बच्चे सीखेंगे कई प्रकार की क्रिएटिविटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल में ही आपके बच्चों के सपनों को पंख मिलने वाले हैं और आपके बच्चों को हुनरमंद बनाने का बीड़ा उठाया है अपने जमाने के मशहूर अभिनेता जावेद खान और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी यूके से लेखन में एक्सपर्ट होकर आई जीना याकूब ने।

1 मई से भोपाल के एयरपोर्ट रोड स्थित हाउस ऑफ याकूब सिंगार चोली में शाम 4:30 से , 6:30 बजे तक एयरकंडीशन क्लासरूम में शुरू होने वाले इस समर कैंप में आप मॉडलिंग, अभिनय,डांस, पिलेट्स, क्राव मागा, मुक्केबाजी, फिल्म और टीवी अभिनय, एक्स्टेंपोर स्पीकिंग, सेल्फ कॉन्फिडेंस, शिष्टाचार, पिकासो, सिरेमिक पेंटिंग, उपन्यास लेखन, निबंध लेखन, स्क्रिप्ट लेखन, क्रियेटिव राइटिंग, मास्टर पीटीई, आईईएलटीएस जैसे न जाने कितने ही कोर्सेस में उत्कृष्टता हासिल कर सकते हैं और अधिक जानकारी के लिए वाट्सअप नंबर 9863025355 पर संपर्क किया जा सकता है।

महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष ने गोहद में सम्मेलन को किया संबोधित

## कांग्रेस ने महिलाओं को आगे बढ़ने से रोकाः वानती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस पार्टी ने हमेशा महिलाओं को आगे बढ़ने से रोका है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के विकास के लिए अनेक योजनाओं के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर विकास की दिशा से जोड़ने का कार्य किया है। यह लोकसभा चुनाव भारत को समृद्ध, विकसित बनाने और महिला सशक्तिकरण के लिए है। यह बात भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वानती श्रीनिवासन ने भिंड जिले के गोहद में महिला हितग्राही सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। श्रीनिवासन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीते 10 वर्षों में महिलाओं के सम्मान, उत्थान और सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाओं को लागू किया गया है।

### महिलाओं के लिए कांग्रेस ने नहीं किया कार्य

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने कहा कि आजादी के बाद कांग्रेस ने देश में 50 साल से अधिक समय तक शासन किया, लेकिन कांग्रेस के शासनकाल में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कोई कार्य नहीं किया। अगर कांग्रेस शासनकाल में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कोई कार्य किया गया होता तो आज स्थिति बहुत अलग होती। भाजपा देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मध्यप्रदेश में डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए काम कर रही है।

### हमें अपने बूथ पर काम करना है : माया

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया ने कहा कि हमें अपने बूथ पर काम करना है, क्योंकि बूथ जीता तो चुनाव जीता, यही हमारा संकल्प है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की संसद और प्रदेशों की विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए नारी शक्ति वंदन कानून बनाया है। अगले लोकसभा चुनाव से संसद में महिलाओं का प्रतिनिधित्व और बढ़ने ज रहा है।



## वैज्ञानिक गतिविधियों पर प्रतियोगिता का आयोजन

**भोपाल।** क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान भोपाल में विद्यार्थी परिषद 2023-24 के अंतर्गत मंगलवार को वैज्ञानिक गतिविधि के अंतर्गत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में नवीनतम प्रगति पर पोस्टर प्रस्तुतीकरण, विज्ञान आधारित रंगोली, भविष्य के विज्ञान में स्वदेशी ज्ञान के प्रयोग पर प्रदर्शन एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिपेक्ष्य में विज्ञान की समझ का पावर पॉइन्ट प्रस्तुतीकरण पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रत्येक प्रतियोगिता के लिए तीन से चार निर्णायकों का लिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्थान के प्राचार्य प्रो. जयदीप मंडल रहे।

भोपाल
बुधवार, 1 मई 2024
वैशाख मास कृष्ण पक्ष-08
वर्ष : 11, अंक : 37
पृष्ठ : 12 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 38
न्यून. 24

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

10 आईपीएल : कोहली ने 7वीं बार एक...



विचार पेज
06 स्वास्थ्य चुनावी मुद्दा क्यों...

## जांच के लिए पुलिस राजस्थान झारखंड, नगालैंड, उत्तर प्रदेश हरियाणा और मप्र भी गई

# अमित शाह के फेक वीडियो केस में 16 नेता लपेटे में, सभी को समन, आठ राज्यों तक पहुंची पुलिस

### सपा के लोकसभा उम्मीदवार और राजस्थान व नगालैंड में कांग्रेस के दो नेताओं को भी फोन के साथ पुलिस के सामने पेश होने के लिए कहा गया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के छेड़छाड़ किए गए वीडियो से जुड़े मामले में दिल्ली पुलिस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी सहित आठ राज्यों के 16 नेताओं को तलब किया है। मामले की जांच के तहत पुलिस राजस्थान, झारखंड, नगालैंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और मध्य प्रदेश में गई।

सूत्रों के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी (सपा) के एक लोकसभा उम्मीदवार ▸▸ शेष पेज 4 पर

**पुलिस को शक है कि कांग्रेस के आईटी सेल के किसी शख्स ने ही जानबूझकर व साजिश के तहत भाजपा को बदनाम करने व मतदाताओं को गुमराह करने के मकसद से फेक वीडियो बनाया है।**





**पांच नेताओं की आज होगी पेशी**

29 अप्रैल को आइएफएसओ ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी समेत तेलंगाना कांग्रेस के प्रदेश सचिव शिवा शंकर, पार्टी प्रवक्ता अस्मा तस्लीम, इंटरनेट मीडिया प्रभारी माने सतीश व इंटरनेट मीडिया कन्वेनर नवीन को पूछताछ में शामिल होने के लिए नोटिस दिया है। पांचों को हैदराबाद स्थित उनके घरों पर जाकर नोटिस दिया गया। इन्हें एक मई की सुबह 10.30 बजे द्वारका स्थित आइएफएसओ के मुख्यालय में उपस्थित होने को कहा गया है। अगर ये सभी बुधवार को पूछताछ में शामिल होने दिल्ली आएंगे तब इनसे ▸▸ शेष पेज 4 पर

### यह जानने की कोशिश करेगी दिल्ली पुलिस

डीसीपी आईएफएसओ हेमंत तिवारी का कहना है कि पुलिस इनसे पूछताछ कर केवल यह जानने की कोशिश करेगी कि इन्हें फेक वीडियो किसने दिया। उस आधार पर पुलिस को फेक वीडियो बनाने वाले शख्स को पकड़ने में आसानी होगी। आईएफएसओ की एक बड़ी टीम इंटरनेट मीडिया के सभी प्लेटफार्म को देखकर यह पता करने की कोशिश कर रही है कि बीते 27 अप्रैल से किन-किन राज्यों में किन-किन लोगों ने अब ▸▸ शेष पेज 4 पर

### क्या कहती है सीआरपीसी की धारा 91 और 160

फेक वीडियो पोस्ट करने वाले को सीआरपीसी की धारा 91 व 160 के तहत नोटिस भेजा जा रहा है। सीआरपीसी 160 का मतलब होता है किसी केस की जांच के लिए पुलिस के पास अधिकार होता है कि वह ▸▸ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### पीएचक्यू के टेनिस कोर्ट में सिपाही की मौत



**भोपाल।** पुलिस मुख्यालय में मंगलवार सुबह टेनिस कोर्ट के केयरटेकर (आरक्षक) की ड्यूटी के दौरान मौत हो गई। घटना के वक्त वहां कई आईपीएस अफसर मौजूद थे। केयरटेकर को अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टर्स ने कार्डियक अरेस्ट की आशंका जताई है। पुलिस ने मौत के मामले में प्रकरण दर्ज नहीं किया है। गाजीपुर उप्र के रहने वाले उमाकांत राय (50) भोपाल में 23वीं बटालियन में आरक्षक थे। घटना सुबह करीब 7:30 की बताई गई है।

### मप्र में 20 मई तक होगी गेंहू की खरीदी



**भोपाल।** मप्र की डॉ.मोहन सरकार ने लोकसभा चुनाव के बीच प्रदेश के किसानों को बड़ी राहत दी है। सरकार ने किसानों के हित में फैसला लेते हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की तारीख बढ़ा दी है। अब पूरे प्रदेश में 20 मई तक गेहूं की खरीदी होगी। इससे उन किसानों को भी लाभ मिल पाएगा जिन्होंने देरी से बोनी की थी और कटाई और गहाई चल रही है। इसके आदेश भी जारी हो गए हैं।

### कांग्रेस के डमी प्रत्याशी की याचिका खारिज



**इंदौर।** कांग्रेस को इंदौर लोकसभा क्षेत्र में एक बार फिर झटका लगा, जब मप्र उच्च न्यायालय ने उसके 'डमी' उम्मीदवार मोती सिंह की याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। मोती सिंह का नामांकन पत्र निर्वाचन अधिकारी द्वारा चार दिन पहले खारिज किया जा चुका है, लेकिन उन्होंने इंदौर से कांग्रेस उम्मीदवार अक्षय कांति बम के पर्चा वापस लेने का हवाला देते हुए पार्टी चुनाव चिन्ह से चुनाव लड़ने की अनुमति मांगी थी।

*मुख्यमंत्री यादव ने चुनावी सभा में कहा- 5 हजार साल पहले भी गाली बकने वाला शिशुपाल था, जैसे ही उसकी 100 गाली पूरी हो गई, भगवान श्रीकृष्ण ने अंगुली ऊपर की और उस पर सुदर्शन चक्र आ गया*

# कांग्रेस को गाली देने दो, 7 मई को आपकी अंगुली पर भी 'सुदर्शन चक्र' आने वाला है



प्रधानमंत्री को कोई गिफ्ट देता है, तो उसे नीलाम करके काशी में गंगा माता की सफाई के लिए लगा देते हैं

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को विदिशा, मुरैना व भोपाल लोकसभा क्षेत्र के सघन चुनावी दौरे पर रहे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जिसने किसी का कुछ नहीं बिगाड़ा, जो देश के लिए जी रहे हैं, कांग्रेस के लोग उन्हें रोज गाली बक रहे हैं।

5 हजार साल पहले भी गाली बकने वाला शिशुपाल था। जैसे ही उसकी 100 गाली पूरी हो गई, भगवान श्री कृष्ण ने अंगुली ऊपर की और उस पर सुदर्शन चक्र आ गया। शिशुपाल का काम तमाम हो गया। ऐसे ही कांग्रेस के लोगों को जितनी गाली बकना है, बक लेने ▸▸ शेष पेज 4 पर

सीएम ने कहा कि इस बार तीसरा वोट देश के मान-सम्मान, उन्नति, प्रगति के साथ मथुरा के लिए पड़ना चाहिए। 2029 का चुनाव आते-आते मथुरा धाम भी जगमगाएगा



श्योपुर के प्रेमसर में मुख्यमंत्री ने सभा की, यहां उनका स्वागत हुआ।

### श्योपुर जिले का नाम बदलेगा, अब होगा 'शिवपुर'

डॉ. यादव ने कहा कि श्योपुर जिले का सही नाम शिवपुर है। बोलने में इसका नाम श्योपुर हो गया। आप चाहोगे तो इसका विधानसभा में संशोधन करके इसका नाम शिवपुर कर देंगे। बाबा महाकाल का मिलता-जुलता एक नाम शिव है। ऐसे नाम को सही रूप में लें तो आनंद आएगा। हमारे महाकाल का महालोक में महा आनंद आया था, तो श्योपुर का नाम शिवपुर होना चाहिए। ▸▸ पढ़ें पेज 02 भी

### भाजपा ही है कि मुझ जैसे लोगों को मुख्यमंत्री बनाया

यादव ने कहा कि मैं उत्तरप्रदेश, झारखंड के दौरे पर गया, तो वहां लोग बोलते हैं कि आपको मुख्यमंत्री कैसे बना दिया? मैंने कहा जिनको भी मुख्यमंत्री बनना है, भाजपा में आ जाओ। ये भारतीय जनता पार्टी है, जो सब का सम्मान करती है। स्व. अटल बिहारी वाजपेयी इसी ग्वालियर अंचल से ही आते हैं। वे तो देश के प्रधानमंत्री बने। गरीब आदमी का बच्चा प्रधानमंत्री क्यों नहीं बनना ▸▸ शेष पेज 4 पर

### इस बार का वोट मथुरा के लिए पड़ना चाहिए

डॉ. यादव ने कहा कि हमने पहला वोट 2014 में देश की सुरक्षा के लिए दिया था। 2014 से पहले देश में कहीं भी और कभी भी आतंकी हमले हो जाते थे, अब ऐसा नहीं होता है। दूसरी बार के वोट से 5 साल से भी कम समय में कश्मीर से धारा 370 हटी। धारा 370 के कारण 40 ▸▸ शेष पेज 4 पर

### कांग्रेस अब किसी काम की नहीं रही : शिवराज

पूर्व मुख्यमंत्री और विदिशा लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा ने जितने विकास के काम किए हैं, उतने कांग्रेस ने कभी नहीं किए। आज कांग्रेस के उल्टे फैसलों के कारण उसकी हालत ऐसी हो गई है कि इंदौर के लोकसभा प्रत्याशी भी कांग्रेस का दामन छोड़कर भाजपा में ▸▸ शेष पेज 4 पर

### सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से मांगा जवाब, जजों ने एएसजी पर की सवालों की बौछार

# सीएम केजरीवाल को चुनाव से 'पहले' क्यों गिरफ्तार किया?





ईडी से कहा कि जीवन और स्वतंत्रता बेहद महत्वपूर्ण हैं। आप इससे इनकार नहीं कर सकते।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आम चुनाव से पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के समय पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से सवाल किया और एजेंसी से जवाब मांगा।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से समय के सवाल पर जवाब देने को कहा। शीर्ष अदालत ने सुनवाई के दौरान ईडी से कहा कि जीवन और स्वतंत्रता बेहद महत्वपूर्ण हैं। आप इससे इनकार नहीं कर सकते। पीठ ने राजू से कई अन्य सवाल पूछे और जांच एजेंसी से केजरीवाल की उस याचिका पर सुनवाई की अगली तारीख पर जवाब देने को कहा, जिसमें उन्होंने आबकारी नीति घोटाले से संबंधित मनी लांड्रिंग ▸▸ शेष पेज 4 पर

### 21 मार्च को गिरफ्तार किया था केजरीवाल को

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन के मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत के तहत यहां तिहाड़ जेल में बंद हैं। शीर्ष अदालत ने 15 अप्रैल को ईडी को एक नोटिस जारी किया था और केजरीवाल की याचिका पर उसका जवाब मांगा था। यह विषय 2021-22 के लिए, दिल्ली सरकार की अब रद्द की जा चुकी आबकारी नीति तैयार करने और उसके क्रियान्वयन में कथित भ्रष्टाचार और धन शोधन से संबंधित है।

*नई दिल्ली में कार्यभार संभाला*

## 26 वें नौसेना प्रमुख बने वाइस एड. त्रिपाठी, पहले मां से लिया आशीर्वाद

■ इससे पहले उन्होंने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश के 26वें नौसेना प्रमुख के रूप में वाइस एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने मंगलवार को नई दिल्ली में कार्यभार संभाल लिया। इससे पहले उन्होंने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की।

साउथ ब्लॉक में गार्ड ऑफ ऑनर के बाद निवर्तमान नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार से उन्होंने चार्ज लिया। केंद्र सरकार ने 19 अप्रैल को वाइस एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी को भारतीय नौसेना का अगला अध्यक्ष नियुक्त किया था। वह वर्तमान में नौसेना में उप प्रमुख के रूप में कार्यरत थे। देश ▸▸ शेष पेज 4 पर ▸▸ पढ़ें पेज 09 भी

*कर्नाटकः अश्लील वीडियो कांड*

## रेवन्ना के खिलाफ बड़ा एक्शन, जेडीएस की कोर कमेटी ने पार्टी से किया निलंबित

■ इस केस में सरकार ने जांच के लिए बनाई हुई है एसआईटी



एजेंसी ⏭ हासन

कर्नाटक में राजनीतिक भूचाल आया हुआ है। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना की अश्लील वीडियो क्लिप्स वायरल हुई हैं। इसके बाद उनके निलंबन की मांग चल रही थी। अब जेडीएस ने उन्हें एसआईटी जांच पूरी होने तक के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया है। जेडीएस की कोर कमेटी की बैठक में ये फैसला हुआ है। जेडीएस की कोर कमेटी की बैठक में शामिल सदस्य जीटी देवगौड़ा ने कहा कि राज्य सरकार ने इस मामले में एसआईटी का गठन किया है और हम इसका स्वागत करते हैं। उन्होंने मीडिया को ▸▸ शेष पेज 4 पर

## गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र में आग के बाद ब्लास्ट



### चार मजदूर घायल हुए हमीदिया में इलाज

*भोपाल। गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र की एक पेंट फैक्टरी में मंगलवार दोपहर को आग लग गई। इस दौरान सिलेंडर या किसी अन्य उपकरण में ब्लास्ट हो गया। आग ने विकराल रूप नहीं पाई लेकिन ब्लास्ट से चार मजदूर घायल हो गए, घायलों को हमीदिया हॉस्पिटल में इलाज जारी है। माइकल इंडस्ट्री के प्रबंधक दीपक अग्रवाल ने हरिभूमि को बताया कि* ▸▸ शेष पेज 4 पर

*हांगकांग-सिंगापुर, अमेरिका के बाद...*

## अब ऑस्ट्रेलिया में भी जांच, खाद्य नियामक ने ग्राहकों से कहा-सचेत रहें

◆ एमडीएच व एवरेस्ट मसालों पर संकट और बढ़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




हांगकांग ने हाल ही में तीन एमडीएच मसालों और एवरेस्ट के फिश करी मसालों की बिक्री पर रोक दी है।

सिंगापुर ने एथिलीन ऑक्साइड के अत्यधिक स्तर का हवाला देते हुए बाजार से एवरेस्ट मसाले को मंगा लिया है। अब जांच की आंच अमेरिका से ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड तक पहुंच चुकी है। खाद्य मानक ऑस्ट्रेलिया न्यूजीलैंड (एफएसएएनजेड) ने मंगलवार को घोषणा की है कि वह भारतीय कंपनियों एमडीएच और एवरेस्ट की ओर से उत्पादित मसालों में गड़बड़ी के आरोपों की जांच कर रहा है। हांगकांग और सिंगापुर की तरह ही इस तरह की कार्रवाई के बाद ऑस्ट्रेलिया में भी इन उत्पादों को बाजार से वापस बुलाया जा सकता है। एफएसएएनजेड ने कहा कि हम इस मुद्दे को समझने के लिए अंतरराष्ट्रीय समकक्षों के साथ और संघीय, राज्य और क्षेत्रीय खाद्य प्रवर्तन एजेंसियों के साथ काम कर रहे हैं ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि ऑस्ट्रेलिया में आगे की कार्रवाई की आवश्यकता है या नहीं? एजेंसी ने कहा कि एथिलीन ऑक्साइड ▸▸ शेष पेज 4 पर

*बीसीसीआई ने 15 सदस्यीय टीम की कप्तानी सौंपी रोहित शर्मा को*

# टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा, 16 महीने बाद पंत की हुई वापसी

हार्दिक पंड्या को उप-कप्तान बनाया, संजू सैमसन भी टीम में

गिल, रिंकू 15 में नहीं, केएल राहुल का कटा पत्ता

टीम इंडिया में 25 मई तक बदलाव संभव

भारत को पहला मैच 5 जून को खेलना है वह ग्रुप ए में

एजेंसी ⏭ मुंबई

भारतीय टीम में चार रिजर्व खिलाड़ी भी घोषित किए गए हैं। टीम में 16 महीने बाद ऋषभ पंत की वापसी हुई है जो दिसंबर 2022 में कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होने वाले इस वैश्विक टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम में तीन तेज गेंदबाज और चार स्पिनरों को जगह मिली ▸▸ शेष पेज 4 पर



### भारत टी20 विश्व कप टीम

*रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या (उप-कप्तान), शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज।*
*रिजर्व : शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद, आवेश खान।*



### टी20 वर्ल्ड कप में भारत का ग्रुप स्टेज में शेड्यूल

05 जून: भारत बनाम आयरलैंड
09 जून: भारत बनाम पाकिस्तान
12 जून: भारत बनाम अमेरिका
15 जून: भारत बनाम कनाडा
भारत का ग्रुप
ग्रुप एः अमेरिका, भारत, पाकिस्तान, कनाडा और आयरलैंड।






## चार दशक बाद महापौर पद जीत कर कांग्रेस ने चौंकाया

# ग्वालियर में भाजपा-कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर, बसपा वोट कटवा पार्टी बनकर उभरी, जातीय आधार पर मतदाता लामबंद

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

चंबल-ग्वालियर अंचल की अन्य लोकसभा सीटों की तरह ग्वालियर में भी भाजपा-कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर के आसार हैं।

बसपा ने कल्याण सिंह कंसाना को मैदान में उतारा है, लेकिन वे वोट कटवा साबित होते दिख रहे हैं। भाजपा-कांग्रेस के दोनों प्रत्याशी भारत सिंह कुशवाहा और प्रवीण पाठक विधानसभा चुनाव हार चुके हैं। दोनों बड़े चेहरे नहीं हैं, लेकिन मतदाता उनसे परिचित हैं। जैसे-जैसे मतदान की तारीख नजदीक आ रही है, अंचल की तासीर के अनुसार जातीय आधार पर मतदाता लामबंद होता जा रहा है।

### दलित, मुस्लिम कांग्रेस के पक्ष में, क्षत्रिय-ब्राह्मण बंटे

**पिछड़े वर्ग की अधिकांश जातियां भाजपा के साथ**

राजनीतिक दांव-पेच के चलते बन-बिगड़ रहे समीकरण




**भाजपा के प्रत्याशी कुशवाहा पिछड़े वर्ग से**

भाजपा के प्रत्याशी कुशवाहा पिछड़े वर्ग से हैं, इसलिए इस वर्ग के तहत आने वाली अधिकांश जातियां कुशवाहा, गुर्जर, यादव, लोधी आदि भाजपा के साथ खड़ी दिखाई पड़ती हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस के प्रवीण पाठक ब्राह्मण हैं, इसलिए हमेशा भाजपा के साथ रहने वाला ब्राह्मण कांग्रेस की तरफ झुका नजर आ रहा है। क्षत्रिय भाजपा के खिलाफ है लेकिन आमतौर पर वह ब्राह्मणों के साथ नहीं जाता। इसलिए ब्राह्मण और क्षत्रिय दोनों दलों के बीच बंटे नजर आ रहे हैं। दलित मतदाता कांग्रेस और बसपा के साथ रहता है, इस बार भी यहीं स्थिति है। हालांकि बसपा प्रत्याशी दलित वर्ग से नहीं हैं, इसका लाभ कांग्रेस को मिल सकता है। हर बार की तरह इस बार भी मुस्लिम मतदाता कांग्रेस का समर्थन करता दिख रहा है। साफ है जिस ओर जातीय समर्थन का पलड़ा भारी हो जाएगा, जीत वहां दस्तक देगी। देश, प्रदेश में चूंकि इस समय भाजपा के पक्ष में माहौल ज्यादा है। इसलिए वह बढ़त में दिखाई पड़ रही है।

### पहले कांग्रेस, अब भाजपा का कब्जा

ग्वालियर में हमेशा जीत-हार के समीकरण बनते बिगड़ते रहे हैं। इस बार भी ऐसा होता दिख रहा है। वर्ष 2007 में हुए एक उप चुनाव के बाद ग्वालियर सीट पर भाजपा का कब्जा है। इससे पहले यहां कांग्रेस जीतती रही है। 1998 तक ग्वालियर से सांसद कांग्रेस के स्व माधवराव सिंधिया रहे। 1999 में वे गुना-शिवपुरी सीट से लड़े, तब ग्वालियर में भाजपा के जयभान सिंह पवैया ने जीत दर्ज की। 2004 में कांग्रेस के रामसेवक सिंह बाबूजी ने पवैया को हराया। इसके बाद दो बार भाजपा से यशोधरा राजे सिंधिया सांसद रहीं। तब से सीट पर भाजपा का कब्जा है। कोई चार दशक बाद ग्वालियर में कांग्रेस का महापौर जीता है। कांग्रेस विधायकों की तादाद भी कम नहीं है। इस लिहाज से सीट कभी कांग्रेस कभी भाजपा के पक्ष में जाती रही है। इस बार भी मुकाबला कड़ा दिख रहा है।

**किसी भी पक्ष में आ सकता है नतीजा**

ग्वालियर में भाजपा भारी दिखती है लेकिन कड़े मुकाबले में नतीजा किसी भी पक्ष में आ सकता है। विधानसभा चुनाव में भी भाजपा- कांग्रेस को क्षेत्र की 8 में से 4-4 सीटों में जीत मिली थी। कांग्रेस ने पहली बार नगर निगम में महापौर का चुनाव जीता था। इस लिहाज से भी दोनों दल बराबरी पर दिखते हैं। कांग्रेस के प्रवीण पाठक 2018 में विधानसभा चुनाव जीते थे, लेकिन 2023 में उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा। भाजपा के भारत सिंह कुशवाहा भी विधानसभा का चुनाव हार चुके हैं। दोनों प्रत्याशी समाजों को साधने में ताकत झोंक रहे हैं।

**प्रचार और मुद्दों में भाजपा से पिछड़ी कांग्रेस**

प्रदेश के अन्य लोकसभा क्षेत्रों की तुलना में ग्वालियर में दोनों दलों का प्रचार गति पकड़े दिख रहा है। क्षेत्र में भाजपा के साथ कांग्रेस और बसपा प्रत्याशियों के भी बैनर, पोस्टर देखने को मिल रहे हैं, लेकिन प्रचार और मुद्दों के मामले में भाजपा की तुलना में कांग्रेस पिछड़ती नजर आ रही है। इसकी वजह संसाधन, नेता और कार्यकर्ता हैं। भाजपा के पास इसकी कमी नहीं है। मुद्दों के लिहाज से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए काम, अयोध्या में राम मंदिर सहित राष्ट्रीय मसलों पर भाजपा मजबूत दिखती है। कांग्रेस के पास न नेता हैं, न कार्यकर्ता और न ही संसाधन। कांग्रेस के घोषणा-पत्र में मुद्दे अच्छे हैं लेकिन उनका प्रचार नहीं हो पा रहा। फिर भी जातीय समीकरणों के कारण कांग्रेस मुकाबले में है।

## चाय पे चर्चा

▶▶ टीटी नगर के जीटीबी कॉम्प्लेक्स स्थित हरी टी-स्टॉल पर चाय की चुस्कियों के साथ युवाओं ने की राजनैतिक चर्चा

# मतदाता हर उम्मीदवार की बातें सुन रहा पर किसे वोट करेगा, कोई नहीं जानता

राजधानी में इन दिनों आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चाओं का दौर हर दिन जोर पकड़ रहा है। लोग अपने पसंद की राजनैतिक पार्टी की जहां तारीफ करते नहीं थक रहे हैं, तो वहीं दूसरी पार्टियों का कमियां भी गिनाने में पीछे नहीं हट रहे हैं।

ऐसी ही एक चर्चा में शहर के रंगमहल एरिया के जीटीबी कॉम्प्लेक्स स्थित हरी टी-स्टॉल पर चाय की चुस्कियों के साथ सुनील कुमार, शफीद और गगन का कहना है कि इन दिनों सबसे अधिक चुनावी चर्चाएं तो दो



ही प्रमुख राजनैतिक दलों की सुनाई दे रही हैं। इनमें भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस पार्टी शामिल है। ऐसे में वोटर अभी हर पार्टी के उम्मीदवार की बातें सुन रहा है। उसे उसके पक्ष में वोट करने का भरोसा भी दे रहा है, लेकिन हकीकत में वोटर ईवीएम पर जाकर किसे वोट करेगा, कोई नहीं जानता। कहने का मतलब यह है कि अभी वोटर का रुख समझ से दूर है। ऐसे में चर्चाएं बहुत हैं, पर चर्चाओं की हकीकत चुनाव परिणाम ही बताएंगे।

## फर्स्ट टाइम वोटर

### कानून व्यवस्था और रोजगार के मुद्दे पर मतदान करूंगी...

पहली बार मतदान को लेकर काफी उत्साह हूं। मैं शिक्षा, विकास, रोजगार, भ्रष्टाचार के साथ कानून



व्यवस्था के मुद्दे पर मतदान करूंगी। मेरी प्राथमिकता है कि जो पार्टी या नेता देश के सभी लोगों को एक साथ लेकर चलने का कार्य कर सके, उसे मजबूत करने का कार्य करेंगे। रोजगार का मुद्दा भी मेरे लिए महत्वपूर्ण है। मैं काफी सोच समझकर वोट करूंगी। मैं मतदान के लिए सभी को प्रेरित भी करूंगी।

**श्वेता राज**, युवा मतदाता

### क्षेत्र का विकास और सक्षम नेता के समर्थन में वोट करूंगी...

मैं पहली बार मतदान करूंगी। यह मेरे लिए काफी बड़ा पल होगा। मुझे केंद्र की सरकार चुनने का मौका मिल रहा है।



मेरे हिसाब से सभी लोगों को क्षेत्र का विकास करने में सक्षम नेता को समर्थन देने की आवश्यकता है। मेरा वोट विकास के मुद्दे पर होगा। मैं शिक्षा, विकास, रोजगार की बात करने वाली पार्टी के पक्ष में मतदान करूंगी। साथ ही देश के लिए समर्पित दल और योग्य उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करूंगी। पहली बार मतदान का अवसर मिल रहा है, तो बेहतर नेता चुनूंगी।

**सृष्टि उपाध्याय**, युवा मतदाता

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने शर्मा ने श्योपुर के विजयपुर एवं प्रेमसर में की जनसभाएं

# प्रधानमंत्री मोदी ने देश के 140 करोड़ लोगों के लिए पूरी तरह समर्पित कर दिया जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यह चुनाव देश का मान-सम्मान बढ़ाने और सनातन धर्म की रक्षा का चुनाव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन खुली किताब है। उन्होंने अपना पूरा जीवन देशसेवा, राष्ट्र और समाज के लिए समर्पित कर दिया। प्रधानमंत्री ने अपने जीवन में 51 साल के पहले कोई चुनाव नहीं लड़े। उन्होंने न तो घर बसाया, न परिवार बसाया, न जमीन खरीदी, न मकान और न ही कोई दुकान बनाई। यह बात डॉ. मोहन यादव ने कही।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादन और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने मंगलवार को श्योपुर के विजयपुर एवं प्रेमसर में जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम सब जानते हैं कि पीएम मोदी ये तपस्या हम सबका जीवन अच्छा करने के लिए कर रहे हैं। जिनका खुद का मकान नहीं है, वो 4 करोड लोगों को मकान देने का सपना देखते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने देश के 140 करोड़ लोगों के लिए अपना जीवन पूरी तरह समर्पित कर दिया है। कोरोनाकाल के दौर में भाई का भाई नहीं हो रहा था, सगे-संबंधी दूर भाग रहे थे, उस दौर में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोर्चा संभाला और हम सबकी जान बचाने के लिए जुट गए।

**सीएम डॉ. यादव ने कहा- यह चुनाव देश का मान-सम्मान बढ़ाने वाला**



### कांग्रेस के दोहरे चरित्र वाले लोगों से सावधान रहे जनता: शर्मा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि आज पूरे देश में एक ही वातावरण बना हुआ है। पश्चिम बंगाल हो या जम्मू-कश्मीर का लाल चैक, जहां कभी तिरंगा नहीं फहराने देते थे। आज पश्चिम बंगाल से लेकर जम्मू-कश्मीर और देशभर से एक ही आवाज आ रही है कि नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। यह चुनाव कई मायनों में अलग है। कांग्रेस पार्टी में अब कोई रहना नहीं चाहता है। कांग्रेस पार्टी एक परिवार के अंदर सिमट कर रही गई है, फिर भी वह देश के अंदर जातियों में भ्रम फैलाकर लोगों को बांटने, लड़ाने का कार्य कर रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के दोहरे चरित्र वाले लोग आएंगे और लोगों को जातियों के नाम पर लड़ाने का कार्य करेंगे। ऐसे लोगों से आप सभी मतदाताओं को सावधान रहना है।

### बैरसियावासियों ने फूलों की बारिश की है, अपना प्रेम बरसाया है, उससे मन गदगद हो गया: सीएम

**भोपाल/बैरसिया।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पत्थर से घायल होते तो देखा था, लेकिन फूलों से घायल होते हुए पहली बार देखा है। जिस तरह से बैरसियावासियों ने फूलों की बारिश की है, अपना प्रेम बरसाया है। उससे मन गदगद हो गया है। यह बैरसिया के लोगों का प्रेम है। इस बार का चुनाव देश के मान-सम्मान और श्रीराम मंदिर का चुनाव है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को बैरसिया विधानसभा में रोड शो किया। इस दौरान विधायक विष्णु खत्री भी इनमें साथ रहे। उन्होंने कहा कि 2014 में जब आपने भाजपा को वोट दिया, तो देश से आतंकवाद का सफाया हो गया। दूसरी बार 2019 में वोट दिया था तो अयोध्या में श्रीरामलला विराजमान हो गए, भव्य मंदिर का निर्माण हो गया, कश्मीर से धारा 370 हटा दी।




**मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए बैरसिया में उमड़ा जनसैलाब**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एक किमी के रोड-शो में बस स्टैंड चौराहे से चौपड़ बाजार तक खुले रथ में सवार होकर हाथों में कमल का प्रतीक लेकर जनता का अभिवादन किया और आशीर्वाद मांगा। जनता ने सड़क के दोनों ओर खड़े होकर पुष्पवर्षा कर मोदी-मोदी के गगनभेदी नारों के साथ मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

**मुख्यमंत्री आज सागर, भिंड और ग्वालियर में करेंगे चुनाव प्रचार**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को सागर, भिण्ड व ग्वालियर में चुनाव प्रचार करेंगे। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा भोपाल, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान इच्छावर, लोकसभा चुनाव के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह सिरोंज, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अशोकनगर, शिवपुरी, महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वानती श्रीनिवासन दतिया, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला ग्वालियर, वरिष्ठ नेता व न्यू ज्वॉइनिंग टोली के प्रदेश संयोजक डॉ. नरोत्तम मिश्रा भिण्ड एवं पूर्व मंत्री उषा ठाकुर उज्जैन व मंदसौर के प्रवास पर रहेंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सुबह 10.30 सागर लोकसभा की बीना में जनसभा, दोपहर 12 बजे सागर के खुरई में जनसभा, दोपहर 1.05 बजे भिण्ड लोकसभा के लहार में जनसभा, दोपहर 3.05 बजे ग्वालियर लोकसभा के डबरा में जनसभा, शाम 4.10 ग्वालियर के भितरवार में जनसभा एवं शाम 5.30 ग्वालियर में आयोजित बैठक को संबोधित करेंगे।

## वीडी ने की चुनाव आयोग से शिकायत

# संविधान की अवमानना पर राहुल गांधी पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को लिखित शिकायत सौंपकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ संविधान की अवमानना की कार्रवाई किए जाने की मांग की है। शर्मा ने अपनी शिकायत में कहा है कि भिंड संसदीय क्षेत्र में आयोजित सभा के दौरान राहुल गांधी ने न सिर्फ देश के संविधान का अपमान किया है, बल्कि लोगों को भ्रमित कर हिंसा और अराजकता भड़काने का प्रयास भी किया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से आग्रह किया है कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी के खिलाफ द प्रिवेंशन ऑफ इन्सल्ट्स टू नेशनल ऑनर एक्ट 1971 के अंतर्गत कार्रवाई के आदेश प्रसारित किए जाएं।

***गुमराह करने तथा अराजकता फैलाने का प्रयास***

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने अपनी शिकायत में कहा है कि राहुल गांधी का यह भाषण द प्रिवेंशन ऑफ इन्सल्ट्स टू नेशनल ऑनर एक्ट 1971 की धारा 2 के अनुसार अपराध की श्रेणी में आता है। इसके साथ ही इस तरह के भाषण से राहुल गांधी ने उपस्थित जनसमुदाय तथा देश की जनता को भड़काने, गुमराह करने तथा अराजकता फैलाने का प्रयास किया है। इससे जनता यह सोच सकती है कि अगर संविधान रद्द किया जाता है, तो उनको जो लाभ मिल रहे हैं, वे बंद हो जाएंगे। साथ ही अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग में असंतोष पैदा हो सकता है और संविधान रद्द होने की आशंका से इन वर्गों के लोग धरना-प्रदर्शन पर उतारू हो सकते हैं।*

### कांग्रेस ने लोधी समाज के संघर्ष को कभी पहचान नहीं दी: सिंधिया

**भोपाल।** केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और प्रदेश शासन के मंत्री प्रहलाद पटेल ने मंगलवार को अशोक नगर जिले के सेहराई में लोधी समाज की बैठक को संबोधित किया। बैठक में सिंधिया ने कहा कि कांग्रेस ने आजादी के बाद 65 वर्षों तक लोधी समाज के संघर्ष को पहचान नहीं दी। लोधी समाज के संबंध में अगर किसी ने बात की तो सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की है।

## पूर्व मुख्यमंत्री ने सिलवानी में जन-आशीर्वाद यात्रा का किया शुभारंभ

**भावुक हुए चौहान, कहा-इस गेहूं से जो पैसा आएगा, उससे कन्याओं के विकास कार्य होंगे**

# महिलाओं ने गाए पारंपरिक गीत, आरती उतारी और शिवराज के हाथों में रख दी गेहूं की पोटली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को विदिशा लोकसभा की सिलवानी विधानसभा के ग्राम पहोल से जन-आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ किया।

यात्रा जब ग्राम गोरखी पहुंचीं तो महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाए, शिवराज को तिलक लगाकर आरती उतारी और हाथों में गेंहू की पोटली रख दी। गेहूं से बंधी पोटली देखकर शिवराज सिंह चौहान काफी भावुक नजर आए। महिलाओं ने कहा कि




चुनाव जिताने के लिए हम ये दे रहे हैं। पूर्व सीएम ने कहा कि आज कई सारी गेहूं की पोटलियां मिली हैं। इस गेहूं से जो पैसा आएगा, उसे कन्याओं के विकास के काम में ही लगाया जाएगा, जिससे उन्हें लाभ प्राप्त होगा। चुनाव बाद यहां आकर एक कार्यक्रम करेंगे।

**अपने कर्मों और गलत फैसलों के कारण ही कांग्रेस की ये हालत हो गई**

पूर्व मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि अपने कर्मों और गलत फैसलों के कारण ही कांग्रेस की ये हालत हो गई है। अब कांग्रेस में कुछ बचा नहीं है कांग्रेस समाप्ति की ओर है।



**मोदी युगपुरुष हैं**

पूर्व मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि मोदी युगपुरुष, युगदृष्टा हैं। मोदी के नेतृत्व में नए भारत का निर्माण हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक-एक कर सारे मुद्दे हल कर दिए हैं। कश्मीर से धारा 370 हट गई है। तीन तलाक जैसा काला कानून समाप्त हो गया है। 500 साल का संकल्प पूरा हो गया, जब आयोध्या में राममंदिर का निर्माण हुआ और रामलला विराजमान हुए।

## जनता आपको परिवार का हिस्सा मानकर 'मामाजी' कहती है: पीएम मोदी

# पीएम ने शिवराज को लिखा पत्र, कहा-आप जैसे ऊर्जावान साथी मुझे संसद में मजबूती प्रदान करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान के नाम पत्र लिखा है। प्रधानमंत्री ने पत्र में लिखा कि छात्र राजनीति, संगठनात्मक क्षमता और चार बार मुख्यमंत्री के रूप में आपका विशाल राजनीतिक अनुभव रहा है। आपके कार्यकाल में मध्यप्रदेश बीमारू राज्य से निकल कर अग्रणी राज्यों में शामिल हुआ है। महिलाओं, बच्चों और युवाओं को सशक्त बनाने के लिए योजनाएं लागू की। जनता आपको अपने परिवार का हिस्सा मानकर अपने 'मामाजी' कहकर सम्मान देती है। कृषि और उससे संबंधित क्षेत्रों में आपके दूरदर्शी नीतियों ने मध्यप्रदेश में किसानों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन किया है।



चाहे वह विज्ञान के साथ उत्पादन को आधुनिक बनाने के लिए संस्थानों की स्थापना हो, उपज के प्रभावी मार्केटिंग के लिए नए आयामों को स्थापित करना हो, विकास-संबंधी कार्यों में स्वयं सहायता समूहों को शामिल करना हो। जब कृषि की बात आती हैं, तो आप एक प्रेरणास्त्रोत के रूप में उभरे हैं। पत्र में यह भी लिखा कि विदिशा से आपका लगातार पांच बार चुने जाना, जनता की सेवा करने की आपकी प्रतिबद्धता को परिलक्षित करता है। मुझे विश्वास है कि संसद में आप जनता जनार्दन का भरपूर आशीर्वाद लेकर आएंगे और नई सरकार में हम सब एक साथ मिलकर देशवासियों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने का हरसंभव प्रयास करेंगे। आप जैसे ऊर्जावान साथी मुझे संसद में मजबूती प्रदान करेंगे।

# भोपाल रेलवे स्टेशन पर न सामान की जांच, न संदिग्धों की निगरानी, लगेज स्कैनर ज्यादातर दिन रहता है बंद, जब चालू होता है तो मौजूद नहीं रहता स्टाफ

## एयरपोर्ट को उड़ाने की धमकी के बाद भी स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई विशेष इंतजाम नहीं

कपिलदेव श्रीवास्तव ▶▶भोपाल

एक दिन पहले देशभर के एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर है, लेकिन भोपाल रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं हैं।

यहां न लगेज स्कैनर से यात्रियों के सामान की जांच की जा रही है न यात्रियों की। ऐसे में भोपाल रेलवे स्टेशन पर आतंकी खतरा हो सकता है, जबकि इन दिनों भोपाल स्टेशन पर भारी-भीड़-भाड़ देखने को मिल रही है।

**खास बातें**

- गर्मी के सीजन में स्टेशन पर रहती है भीड़
- स्टेशन से 150 से अधिक ट्रेनें गुजरती हैं




### चारो ओर से खुला हुआ है भोपाल रेलवे स्टेशन परिसर

### कोई भी संदिग्ध व्यक्ति कर सकता है वारदात

रेलवे पुलिस अधिकारी भोपाल रेलवे स्टेशन की सुरक्षा पुख्ता होने का दावा कर रहे हैं। मंगलवार को हरिभूमि की टीम ने रियलिटी चेक किया तो दावों की हवा निकाल गई। रेलवे स्टेशन चारों तरफ से खुला हुआ है। सुरक्षा के नाम पर एक नंबर प्लेटफार्म पर लगेज स्कैनर है। जो अधिकांश बंद रहता है। इसके अलावा स्टाफ भी तैनात नहीं होता है। ऐसे में कोई भी संदिग्ध व्यक्ति आसानी से हथियार के साथ ट्रेनों से यहां आ सकता है। या दूसरे शहर के लिए सफर कर सकता है।

### 45 से 50 हजार यात्री करते हैं सफर

राजधानी के भोपाल रेलवे स्टेशन से रोजाना 150 से अधिक ट्रेनें गुजरती हैं। इनमें करीब 45 से 50 हजार औसतन यात्री सफर करते है। हर दिन स्टेशन से हजारों लोग आते-जाते हैं। हैरानी की बात तो यह है कि इस रेलवे स्टेशन व यहां से गुजरने वाली कई ट्रेनों को बम उड़ाने की धमकी मिल चुकी है।

### जांच कर रहे हैं

रेलवे सुरक्षा बल की ओर से लगातार जवानों व रेलवे कर्मचारियों की मदद से पूरी तरह से निगरानी की जा रही है। स्टेशन चारों तरफ से पैक करके या लगेज स्कैनर भर से सुरक्षा इंतजाम करना संभव नहीं है। वैसे आरपीएफ की ओर से एचएचएमडी से हम लोग लगातार ट्रेनों में यात्रियों व लगेज की जांच कर रहे हैं।

**प्रशांत कुमार यादव**, सीनियर कमांडेंट आरपीएफ भोपाल रेल मंडल

## खबर संक्षेप

### 80 फीसदी मतदान कराने घर-घर जाएंगे अवेयरनेस ग्रुप

**भोपाल।** जिले में वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने और आसानी से मतदान कराने के लिए इस बार जिला निर्वाचन कार्यालय ने पोलिंग बूथ लेवल पर माइक्रो प्लान तैयार किया है। इस प्लान की मदद से बूथों पर तैनात अवेयरनेस ग्रुप के सदस्य मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदान की अपील करेंगे। दरअसल पिछले विधानसभा चुनाव में जिले के 200 मतदान केंद्रों पर 40 फीसदी से कम मतदान हुआ था। इस बार गर्मी को देखते हुए मतदान की प्रतिशत फिर घट सकता है। स्वीप प्लान के नोडल अधिकारी ऋतुराज सिंह का कहना है कि चालीस फीसदी से कम मतदान वाले केंद्रों पर जागरुकता अभियाना चलाया जा रहा है। स्वीप एक्टिविटी के तहत यहां मतदान प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है।

### मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष से मिले आदिवासी

**भोपाल।** कोलार रोड स्थित कांकरिया गांव के आदिवासी किसान शारदा बाई पत्नी रमेश, मोना बाई पत्नी लखन, भागवती पत्नी कमल सहित आदिवासियों के परिवार कांकरिया गांव में जमीन पर रहते हैं। महिलाएं परिवार व अन्य लोग श्यामला हिल्स मानवाधिकार आयोग के दफ्तर पहुंचे, अध्यक्ष मनोहर ममतानी को अपना दुखड़ा सुनाया। आदिवासियों ने अध्यक्ष से रविशंकर शर्मा और विकास शर्मा द्वारा धोखाधड़ी से जमीन हड़पने के मामले में कार्रवाई नहीं करने पर इच्छा मृत्यु की अनुमति देने की बात कही। अध्यक्ष ने बताया कि कलेक्टर भोपाल कौशलेंद्र विक्रम सिंह से जमीन के संबंध में तीन हफ्ते में जवाब मांगा है।

### स्कूलों में आज से शुरू हुई गर्मी की छुट्टियां

**भोपाल।** गर्मी में मौसम का तापमान तेजी से बढ़ता जा रहा है। देशभर में हीटवेव का अलर्ट कई जगहों पर कर दिया गया है। प्रदेश के सरकारी व गैर-सरकारी सभी स्कूलों में आज से गर्मी की छुट्टीयां बुधवार से शुरू होने जा रही है। स्कूल 15 जून तक बंद रहेंगे। शासकीय शिक्षकों के लिए अवकाश बुधवार मई से 31 मई तक घोषित किया गया है। इस वर्ष शिक्षकों के अवकाश में 9 दिन की कटौती की गई है।

### दो दर्जन से अधिक प्राचार्यों को नोटिस

**भोपाल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा दसवीं-बारहवीं के परिणाम जारी हो चुके हैं, लेकिन कुछ स्कूलों के परिणाम बहुत खराब रहे हैं। ऐसे में इन स्कूलों के प्राचार्यों पर कार्यवाही को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रक्रिया शुरू कर दे। परीक्षा परिणाम गिरने पर प्राचार्यों को नोटिस देकर जवाब मांगा गया है। इनमें कई प्राचार्य और शिक्षक राष्ट्रपति व राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त हैं, लेकिन परीक्षा परिणाम 18 फीसदी से भी कम आया है। वहीं 10वीं कक्षा में 17 स्कूलों का परिणाम 30 प्रतिशत से कम आया। 31 स्कूलों का 30 से 50 प्रतिशत के बीच आया है।

## प्रशासन का था दावा, अस्पतालों में लू से बचाव की रहेगी पर्याप्त व्यवस्था

# जेपी में गर्मी से घुट रहा मरीजों का दम, पंखों से आ रही गर्म हवा, वाटर कूलर में लगा ताला

*पड़ताल में सामने आई हकीकतः कहीं कूलर नहीं तो कहीं डोल रहा पंखा, ठंडे पानी की भी नहीं है व्यवस्था*




सचिन सिंह बैस ▶▶भोपाल

राजधानी का मॉडल अस्पताल जेपी की व्यवस्थाएं ठीक नहीं हैं। भर्ती मरीजों को गर्मी उमस से राहत दिलाने लगाए पंखे-कूलर गर्मी के शुरुआती दौर में ही जबाव दे गए। हालत यह है कि वार्डों में लगे लगभग 100 पंखों में 40 खराब पड़े हैं। कूलर भी ठंडी हवा नहीं दे पा रहे हैं। परिसर में लगे वाटर कूलरों से भी शीतल जल नहीं मिल रहा है।

100 बिस्तरों के जेपी अस्पताल में लगभग 17 वार्ड हैं। इसमें करीब 100 पंखे लगे हैं। लू के प्रकोप से बचाव के लिए अस्पतालों में मुकम्मल इंतजाम करने का प्रशासन की ओर से दावा किया था। मंगलवार को हरिभूमि टीम ने जेपी अस्पताल में पड़ताल की तो हकीकत दम को निकालने वाली मिली। किसी भी वार्ड में न तो कूलर लगा मिला और न ही ओआरएस कॉर्नर पाया गया। गर्मी से निजात के लिए लगा पंखा हिल रहा था। वहीं पानी के लिए दो स्थानों पर वाटर कूलर तो लगा मिला, लेकिन पानी ठंडा नहीं था। घर से धूप में आने वाले मरीजों का अस्पताल में भी गर्मी से दम घुट रहा था।

**खास बातें**

- जेपी अस्पताल में 17 वार्डों में लगे लगभग 100 पंखों में 40 खराब पड़े हैं
- लू के प्रकोप से बचाव के लिए अस्पताल में मुकम्मल इंतजाम नहीं




### एसी खराब, स्टाफ भी गर्मी से परेशान

अस्पताल के स्टाफ ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि हम कई दिनों से बीएमओ से अस्पताल में मरीजों के वार्डों सहित डाक्टरों के कक्षों में कूलर लगाने की मांग कर रहे हैं लेकिन हमारी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

### *मेडिसिन वार्ड में पंखें बंदः ओपीडी में हजार से 1500 मरीजों के लिए सिर्फ दो कूलर*

दोपहर करीब दो बजे। ओपीडी में 1000 से 1500 मरीजों की भीड़ थी। बड़े से हाल में दो तरफ दो कूलर तो लगा था, लेकिन चंद लोगों को ही राहत पहुंचा पा रहा था। बाकी गर्मी से परेशान थे। हड्डी रोग विशेषज्ञ चिकित्सक कक्ष के बाहर लगा पंखा बंद था। यहां बैठी सुमन गर्मी से परेशान थीं। उन्होंने कहा कि कहां जाएं जो पंखा चल भी रहा है, उसकी हवा पहुंच ही नहीं पा रही है। ओपीडी में पंखा तो लगा है, लेकिन उसकी रफ्तार बहुत कम है। यहां शुद्ध और ठंडे पानी के लिए लगा एक वाटर कूलर खराब था। आगे मेडिसिन वार्ड की गैलरी में कुछ लोग बैठे थे, जो गर्मी से परेशान थे। यहां लगे एसी बहुत पहले खराब हो चुके है। पंखा भी बंद था, मरीजों के साथ आए उनके परिवार के लोग परेशान थे। इमरजेंसी में भीड़ थी, यहां चार पंखे लगे है, लेकिन दो की हालत खराब है। अस्पताल की व्यवस्था को देखकर यह कहना गलत नहीं होगा कि मरीज ठीक होने के बजाए गर्मी से और बीमार हो जाएगा।

### इलेक्ट्रीशियन नहीं होने से मेंटेनेंस में परेशानी

बताया जाता है कि जेपी अस्पताल के पास कोई इलेक्ट्रीशियन नहीं है। इसलिए वार्डों में लगे पंखों का नियमित मेंटेनेंस नहीं होने के कारण यह खराब हो गए हैं। जेपी अस्पताल के पास लगभग 45 कूलर हैं। इनकी भी मरम्मत नहीं होने के कारण यह चलने लायक नहीं हैं।

### मरीज शीतल जल को मोहताज

गर्मी के दौरान मरीजों और उनके परिजनों को शीतल जल देने जेपी अस्पताल में वाटर कूलर लगे हैं, लेकिन यह काम नहीं कर रहे हैं। वाटर कूल के गेट पर ताला लगा है। मरीजों को बाहर स्थित दुकानों से बॉटल और अन्य जगह से पानी खरीदकर प्यास बुझाना पड़ रही है।

### मरीजों ने बताई परेशानी

हमारे वार्ड के सभी पंखे बंद हैं। गर्मी तेज हो गई है। उमस से हाल बेहाल हैं। मजबूरी में तख्ती से हवा कर बच्चे को सुला रहे हैं। वार्ड में पंखे चालू कराएं।

**नौशाद खाद**, भर्ती बालक के पिता

मेरा बच्चा भर्ती है। गर्मी के कारण दिन तो किसी तरह कट जाता है लेकिन गर्मी में रात बिताना मुश्किल हो जाता है। किसी तरह बच्चे का उपचार करा रहे हैं।

**लोकेन्द्र**, भर्ती बालक के पिता

### कूलरों को ठीक कराएंगे

सभी पंखों की रिपेरिंग करा रहे हैं। कूलरों को ठीक कराएंगे। पांच नए कूलर लेने की योजना है। दूसरे चरण में वाटर कूलर जल्द शुरू हो जाएंगे।

**डॉ. राकेश श्रीवास्तव**, सिविल सर्जन

### एक दिन में उल्टी-दस्त के 160 मामले आए

जेपी अस्पताल की ओपीडी में मंगलवार को बच्चों के बेड पूरी तरह फुल हो गए है। ऐसा इसलिए क्योंकि यहां एक दिन में उल्टी, दस्त और डायरिया के करीब 160 मामले सामने आए हैं। इतना ही नहीं मेडिसिन विभाग में अकेले 382 मरीज आए। दरअसल, तेज धूप और गर्मी और वायु प्रदूषण के चलते गले में खराश, जुकाम, खांसी, बदन दर्द और बुखार, अस्थमा अटैक जैसे मामले बढ़ रहे हैं। साथ ही छोटे बच्चों में वायरल के साथ उल्टी दस्त और पानी की कमी के मामले भी लगातार बढ़ रहे हैं। जेपी अस्पताल शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. पीयूष पंचरत्न ने बताया कि वर्तमान में सबसे अधिक मामले बच्चों में वायरल, डायरिया, निमोनिया और उल्टी दस्त के आ रहे हैं। इनमें सबसे ज्यादा प्रभावित बच्चे गर्मी से हो रहे हैं। यह सीजनल रोग है इसमें सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। इसके लिए अभिभावकों को सलाह दे रहे हैं कि वह अपने बच्चों को बाहर लेकर नहीं जाएं। साथ ही ओआरएस का सेवन कराएं।

## साफ-सफाई नहीं पाइपलाइन लीक, दो अफसरों को नोटिस

**भोपाल।** लोकसभा चुनावों के मद्देनजर मतदान केंद्रों व पहुंच मार्गों पर सफाई व सुधार कार्य को लेकर नगर निगम आयुक्त हरेंद्र नारायण ने मंगलवार को निरीक्षण किया। इसके बाद सभी मतदान केंद्रों पर उक्त कार्य शुरू किए गए।

उन्होंने सेमरा क्षेत्र में तीन जगह पानी की पाइपलाइन में लीकेज पाए जाने पर जोन 9 एवं 11 के प्रभारी सहायक यंत्री जलकार्य को कारण बताओ नोटिस जारी किया। वार्ड 37 में कचरे के ढेर व चांदबड़ कपड़ा मिल के पास मैदान में कचरा फैला हुआ पाए जाने व पूर्व में निर्देशित कार्य भी नहीं कराने पर संबंधित दारोगा को नोटिस जारी किया।

## कलेक्ट्रेट से लालघाटी तक काम जारी

# बीआरटीएस कॉरिडोर हटाने का काम अंतिम चरण में

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

राजधानी में कलेक्ट्रेट से लालघाटी तक बीआटीएस कॉरिडोर हटाने का काम अंतिम चरण में चल रहा है। 15 मई तक कॉरिडोर पूरी तरह से हटने के बाद स्ट्रीट लाइट लगाने का काम नगर निगम द्वारा करवाया जाएगा।

कॉरिडोर हटाने के साथ डिवाइडर बनाए जा रहे हैं। रात में ट्रैफिक को परेशानी है, इसलिए दिन में ही कॉरिडोर की जाली हटाई जा रही है। नगर निगम आयुक्त द्वारा निरीक्षण के दौरान काम में तेजी लाने के निर्देश दिए गए थे।



### मिसरोद व संत हिरदाराम नगर में अस्थाई डिवाइडर

कॉरिडोर के हटाने के साथ दो जगह अस्थाई डिवाइडर बनाए जा रहे हैं। इनमें संत हिरदाराम नगर में डबल डेकर फ्लाईओवर बनाने वाली कंपनी ही कॉरिडोर हटा रही है। इसलिए डिवाइडर की जगह जाली ही रखी जा रही है। वहीं मिसरोद रोड पर भी फ्लाईओवर बनना है।

## तीर्थ दर्शन

### अमरनाथ यात्राः पिछले वर्ष की तुलना में 20% से भी अधिक पंजीयन

**भोपाल।** अमरनाथ यात्रा इस वर्ष 29 जून से शुरू हो रही है। 15 अप्रैल से भोपाल के तीन बैंकों में इसके लिए पंजीयन किए जा रहे हैं। पिछले साल की तुलना में इस साल करीब 20 फीसदी अधिक लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराए हैं। अब तक 1150 से अधिक लोगों ने फार्म लिए हैं।

इस बार रजिस्ट्रेशन शुल्क 120 से बढ़ाकर 150 रुपए कर दिया है। ओम शिव शक्ति सेवा मंडल रजिस्टर्ड भोपाल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि बैंकों और ऑनलाइन से जो लोग रजिस्ट्रेशन करा रहे हैं, अब उन्हें 12 जुलाई के बाद की तारीखें ही मिल रही हैं।

# मसाला कारखानों से लिए गए हल्दी मिर्च और धनिया पाउडर के सैंपल्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा ब्रॉडेंड कंपनियों के मसालों का सैंपल्स लेने का सिलसिला तीसरे दिन मंगलवार को जारी रहा। विभाग की टीम ने गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल क्षेत्र स्थित तीन मसाला कारखानों से हल्दी, मिर्च और धनिया पाउडर के सैंपल्स लिए।



इन्हें जांच के लिए राज्य स्तरीय लैब भेजे जाएंगे। इससे पहले बीते दो दिनों में विभाग ब्रॉडेंड कंपनियों के गरम मसालों के 18 सैंपल्स ले चुका है। असल में विदेशों में भारतीय मसालों को बैन करने के बाद केंद्र सरकार ने मप्र सहित अन्य राज्यों में मसालों की गुणवत्ता की जांच के लिए सैंपल्स लिए जाने का अभियान चलाया है। इसके तहत ही राजधानी में सैंपल्स लिए जा रहे हैं। यह अभियान अगले सप्ताह तक जारी रहेगा।

### एटमॉस्फियर रेस्टोरेंट का लाइसेंस किया सस्पेंड

खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने मंगलवार को एमपी नगर स्थित एटमॉस्फियर रेस्टोरेंट का फूड लाइसेंस निरस्त कर दिया है। वह कारोबार नहीं कर सकेगा। उसे लाइसेंस के लिए नए सिरे से आवेदन करना होगा। लेकिन यह लाइसेंस कलेक्टर के बगैर आदेश के जारी नहीं हो सकेगा। मालूम हो कि इस रेस्टोरेंट में पुराने एक दिन के लाइसेंस पर लोगों को अवैध रूप से शराब पिलाई जा रही थी। आबकारी विभाग ने एक सप्ताह में उसके यहां दो बार कार्रवाई की थी। आबकारी विभाग ने इस रेस्टोरेंट के संचालक के खिलाफ प्रकरण बनाया था। इसके कारण बताओ नोटिस से संतुष्ट नहीं होने के बाद कलेक्टर ने सोमवार को फूड और गुमास्ता लाइसेंस निरस्त करने के आदेश जारी किए थे।

## मरीज को पहले से मधुमेह समेत हार्ट और फेफड़ों की बीमारी थी, आंखों की खराब हुई थी पुतली

# एम्स में बीमारियों से ग्रस्त बुजुर्ग को अल्ट्रा थिन डी सेक्ट से किया कॉर्निया ट्रांसप्लांट

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

एक 72 साल के बुजुर्ग की 62 साल की आयु में आंखों की पुतली खराब हो गई थी। उनका इससे पहले एक निजी अस्पताल में कॉर्निया ट्रांसप्लांट किया गया, जो असफल रहा। ऐसे में एम्स के नेत्र विभाग के डॉक्टरों द्वारा उनका एक विशेष प्रक्रिया से इलाज किया गया, जिसे अल्ट्रा थिन डी सेक्ट कहा जाता है। सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि मरीज को पहले से मधुमेह समेत हार्ट और फेफड़ों की बीमारी भी है। एम्स के नेत्र विभाग की एचओडी डॉ. भावना शर्मा ने बताया कि यह कॉर्निया रिट्रिवल प्रोग्राम से संभव हो सका है। एक सप्ताह में 4 नेत्रदान की मदद से 8 कॉर्निया प्राप्त हुई हैं। जिसके जरिए चार मरीजों का सफल कॉर्निया ट्रांसप्लांट किया गया है।

### *ये लोग जाते-जाते दूसरों की जिंदगी में रोशनी कर गए*




### दानदाता के परिवार को ग्रीन कार्ड

एम्स में दानदाता के परिजनों को ग्रीन कार्ड सुविधा दी जा रही है। इसके तहत जो व्यक्ति ग्रीन कार्ड के साथ इलाज के लिए अस्पताल आएगा, उसे विशेष सुविधा दी जाएगी। जिसमें परिवार को आईपीडी और ओपीडी में जांच से लेकर इलाज में एवम उपचार में प्राथमिकता प्रदान की जाएगी।

शुभांगी बावकर, विपिन साहु, वंदना पाटिल और देवी प्रसाद शर्मा वे दानी हैं, जो अब इस दुनिया में नहीं हैं लेकिन जाते जाते दूसरों की जिंदगी में रोशनी भर गए। इनके परिवार वालों ने अंतिम इच्छा का मान रखते हुए नेत्रदान के लिए सहमति दी थी।

### इनका भी हुआ सफल ट्रांसप्लांट

एक महिला की आंख में गन्ने की कटाई के दौरान फांस चले जाने से आंखों की पुतली खराब हो गई थी। कॉर्निया ट्रांसप्लांट से मरीज के जीवन में रोशनी लाई। 23 साल के युवा के आंखों में ट्यूमर था।। जिसने उसकी आंखों की रोशनी छीन ली थी। अब ट्रांसप्लांट के बाद वो देखने में सक्षम है। एक महिला आंखों के अल्सर से ग्रसित थी। उसकी भी सफल सर्जरी की गई।

### देश में मरीजों के डिजिटल रिकॉर्ड मामले में पहले स्थान पर एम्स

देश में मरीजों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करने के मामले में एम्स पहले स्थान पर है। संस्थान के निदेशक डॉ. अजय सिंह ने बताया कि मरीजों का रिकॉर्ड डिजिटाइज करने में एम्स भोपाल देश के सभी संस्थानों में सबसे आगे है। आमतौर पर मरीज जांच की रिपोर्ट या डॉक्टर द्वारा पूर्व में लिखी गई दवा के पर्चे इत्यादि संभाल कर नहीं रखते है। जिससे दोबारा इलाज के लिए पहुंचने में कई समस्याएं आती हैं। इससे राहत देने के लिए डिजिटल प्रक्रिया अपनाई जा रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार एम्स भोपाल में लगभग 2.25 लाख मरीजों के रिकॉर्ड को उनके विशिष्ट नंबर के साथ जोड़ दिया गया है।

### मंगलवार को एक घंटा अधिक चली आयुष ओपीडी

एम्स में लंबे समय से आयुष विभाग में आयुर्वेद, होमेयोपैथी, यूनानी, योग की ओपीडी नियमित रूप से चल रही है। पहली बार एक माह (अप्रैल) में आयुर्वेद के 1200 से ज्यादा मरीज आए। वहीं आयुष विभाग में कुल 22 सौ से ज्यादा मरीज पहुंचे। जिसमें से 906 नए रोगी थे। इसके साथ ही 707 लोगों की पंचकर्म थेरपी की गई। प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए एक घंटा अधिक तक ओपीडी में मरीजों को देखा गया।

# हिना: जल्द गिप्पी ग्रेवाल संग आएंगी नजर



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टीवी पर आदर्श बहू का किरदार निभाकर अलग पहचान बना चुकीं हिना खान यूं तो एक्टिंग की दुनिया में खूब नाम कमा चुकी हैं, टीवी के बाद वह एक फिल्म में भी नजर आ चुकी हैं। इन दिनों वह अपने अगले प्रोजेक्ट को लेकर बिजी हैं। हिना खान सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। अपनी फैंस के साथ वह सोशल मीडिया के जरिए जुड़ी रहती हैं और अपना हर अपडेट उनके साथ शेयर करती हैं। इन दिनों हिना खान अपने अगले प्रोजेक्ट को लेकर बिजी हैं। इसी प्रोजेक्ट से उन्होंने एक फोटो शेयर की है।

पहली पोस्ट में एक क्रॉस ओवर ब्रिज पर एक पुलिस वैन दिखाई दे रही है। जिस पर रात 12:43 का समय दिखाया गया है। जिसमें 'बिहाइंड द सीन्स' है। इसके अलावा एक्ट्रेस ने दूसरी पोस्ट शेयर की है, जिसमें उनके माथे पर चोट लगी दिखाई दे रही है। इन फोटोज को शेयर करते हुए हिना खान ने तस्वीर के कैप्शन में लिखा, 'क्या आप मेरी चोट देख रहे हैं खैर, ये असली नहीं है।' इसके बाद हिना ने सभी को शुभ रात्रि कहने से पहले ऐसा दिखने के लिए अपने मेकअप आर्टिस्ट सचिन की तारीफ की है। हिना ने प्रोजेक्ट के बारे में और कोई जानकारी शेयर नहीं की है। जल्द एक्ट्रेस गिप्पी ग्रेवाल और शिंदा ग्रेवाल के साथ पंजाबी फिल्म 'शिंदा शिंदा नो पापा' में नजर आने वाली हैं।

## जैकेट का शेष

### एक और बड़ा झटका...

अध्यक्ष वीडी शर्मा और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को भरोसे में लेकर मुरैना की महापौर शारदा सोलंकी और श्योपुर जिले की विजयपुर सीट से 6 बार विधायक रहे रामनिवास रावत को भाजपा में ज्वॉइन कराकर खेला कर दिया। श्योपुर जिले के विजयपुर में आयोजित एक सभा में वीडी और डॉ. यादव ने शारदा और रामनिवास को भाजपा की सदस्यता दिलाई। गौर हो कि मुरैना लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के शिवमंगल सिंह और कांग्रेस के सत्यपाल सिंह सिकरवार के बीच कड़ा मुकाबला हो रहा है।

**शाह से बात न होने के कारण रुक गई थी एंट्री:** रावत की भाजपा ज्वॉइन करने की चर्चा दो सप्ताह पहले भी चली थी। भाजपा में आने की उनकी तारीख भी तय हो गई थी लेकिन वे नहीं आए। बताया गया कि राम निवास केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बात करने के बाद भाजपा में आना चाहते थे। तब तक उनकी शाह से बात नहीं हो पाई थी। तोमर ने रावत की शाह से बात कराई, इसके बाद राम निवास भाजपा में आने को राजी हुए। मुख्यमंत्री डॉ यादव और प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा का श्योपुर कार्यक्रम बना। उनकी मौजूदगी में रावत और सोलंकी अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए।

### कतार में थे शारदा..

थीं। हालांकि, बाद में उन्होंने कांग्रेस छोड़ने और भाजपा में जाने की खबरों से इंकार कर दिया था।

### कांग्रेस से इसलिए...

गई, इसलिए वे लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का काम नहीं करेंगे। इसके बाद उनके भाजपा में जाने की चर्चा शुरू हो गई।

### हम निर्विरोध हुए...

नहीं आया, लेकिन भाजपा उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए तो कांग्रेस को लोकतंत्र खतरे में नजर आने लगता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि नेहरू, राजीव गांधी, मनमोहन सिंह सभी ने गरीबी मिटाने के वादे किए लेकिन कोई भी गरीबी नहीं मिटा पाया। अब जाकर नरेंद्र मोदी ने गरीबी को चुनौती समझते हुए काम किया है। दुनिया की कई आर्थिक संस्थाएं बताती हैं कि बीते 7 वर्षों में भारत में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। अब कोई भी महंगाई पर फिल्म नहीं बनाता क्योंकि यह नियंत्रण में है।

### बिना इंजन के ही...

ओर रवाना हो गए हैं। इस घटना की जांच की बात कही जा रही है। अधिकारी फिलहाल इस मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं। बताया जा रहा है कि रेलवे ट्रैक पर बिछाई जाने वाली गिट्टी को भरने के लिए मालगाड़ी को यहां खड़ा किया गया था। जब तक उसमें गिट्टी भरती, तब तक उसमें इंजन नहीं लगाया जाना था। इस बीच अचानक मालगाड़ी रेंगने लगी। वह रेंगते-रेंगते प्लेटफार्म नंबर छह की तरफ चल पड़ी। इधर, पटरी पर ट्रैक डिस्ट्रीब्यूशन के पॉइंट जुड़े नहीं थे। इधर, इस घटना की खबर लगते ही रेलवे के सीनियर अधिकारी और टेक्नीकल स्टाफ खंडवा पहुंच रहे हैं। ये टीम भुसावल से आ रही है। अधिकारी इस घटना की जांच की बात कह रहे हैं। हालांकि, इस मामले में कोई अधिकारी ज्यादा बात करने से बच रहे हैं।

### सेवानिवृत्त हुए पुरुषोत्तम...

सेवानिवृत हो रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पुरुषोत्तम शर्मा प्रदेश पुलिस के सबसे वरिष्ठ आइपीएस अधिकारी थे, पर सितंबर 2020 में पत्नी के साथ मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद सरकार ने उन्हें निलंबित कर दिया था। बहाल होने पर उन्होंने वीआरएस के लिए भी आवेदन किया था, पर सरकार ने अनुमति नहीं दी।

**ये आइपीएस अधिकारी भी इस साल होंगे रिटायर:** मई में एडीजी अनुराधा शंकर सिंह, जून में स्पेशल डीजी अशोक अवस्थी और पीटीआरआइ में आइजी आरआरएस परिहार, जुलाई में स्पेशल डीजी संजय झा, सितंबर में स्पेशल डीजी सुषमा सिंह एवं एडीजी राजेश गुप्ता, अक्टूबर में एडीजी अनिल कुमार गुप्ता, आइजी आरके हिंगणकर और नवंबर में डीजीपी सुधार कुमार सक्सेना सेवानिवृत्त हो जाएंगे।

### इस माह औसत...

के अनुसार मई के पहले और दूसरे सप्ताह में पश्चिमी विक्षोभ के आने से मौसमी बदलाव जारी रहेगा। इससे वर्ष 2022 की भांति इस साल पारा 45 डिग्री को पार नहीं कर सकेगा। शुक्ला के अनुसार इस महीने लू के दिन भी कम होंगे, जबकि पूरे मई में औसत अधिकतम पारा 41 से 43 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है। मौसम केंद्र के अनुसार अरब सागर से आ रही हवाओं के साथ नमी आने से बुधवार तक जबलपुर, मंडला, डिंडौरी, छिंदवाड़ा सहित कुछ जिलों में तेज हवाओं के साथ बादल, बारिश होगी।

**ऐसे दर्ज हुए हैं शहर में रिकार्ड:** ध्यान रहे कि शहर में 21 मई 2016 को सर्वाधिक दिन का पारा 46.7 डिग्री रहा है। यह भोपाल में गर्मी का ऑल टाइम रिकार्ड भी है। वहीं रात का सबसे कम तापमान का ऑल टाइम रिकार्ड 16.7 डिग्री रहा। यह 4 मई 1975 को रिकार्ड किया गया था। महीने में अब तक सबसे ज्यादा बारिश 112.2 मिमी वर्ष 2000 में दर्ज हुई है। यह सभी रिकार्ड इस साल टूटना मुश्किल हैं।

### प्रदेश में औसत...

रहेगा। मंगलवार औसत तापमान में करीब एक डिग्री की गिरावट के बाद औसत पारा 40 डिग्री रहा है। 4 मई को एक और पश्चिमी विक्षोभ आने से फिर बादल, बारिश का दौर चलेगा। इस प्रकार मई के पहले से दूसरे सप्ताह में मौसम ऐसा ही रहने से गर्मी में ज्यादा बढ़त नहीं होगी। 20 मई के बाद गर्मी का पारा अपेक्षाकृत अधिक बढ़ेगा, जिससे पूरी संभावना है कि औसत अधिकतम पारा 43 डिग्री के ऊपर दर्ज नहीं हो पाएगा।

## पेज एक का शेष

### अमित शाह के फेक ...

और राजस्थान और नगालैंड में कांग्रेस के दो नेताओं को भी मोबाइल फोन के साथ पुलिस के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। वैसे, इससे पहले सोमवार को रेवंत रेड्डी समेत तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के सदस्य शिव कुमार अंबाला, अस्मा तस्लीम, सतीश मन्ने और नवीन पेटेम को एक मई को पुलिस के समक्ष पेश होने के लिए तलब किया गया। दिल्ली पुलिस ने रविवार को भाजपा और गृह मंत्रालय (एमएचए) की शिकायत मिलने के बाद केस दर्ज किया। इसके बाद दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल साइबर विंग की आईएफएसओ यूनिट ने भी एफआईआर दर्ज की। आईएएनएस के पास उपलब्ध एफआईआर की प्रति के अनुसार गृह मंत्रालय ने शिकायत में कहा कि यह पाया गया है कि कुछ छेड़छाड़ किए गए वीडियो फेसबुक और एक्स पर प्रसारित किए जा रहे हैं।

### पांच नेताओं की ...

पूछताछ की जाएगी, अन्यथा इन्हें दोबारा नोटिस भेजा जाएगा।

### यह जानने की कोशिश ...

तक एक्स पर पोस्ट किया है। पुलिस का कहना है कि तेलंगाना में 15 मई को चुनाव होने हैं। ऐसे में हो सकता है सीएम समेत पार्टी से जुड़े अन्य लोग जांच में शामिल न हो सकें और 15 दिनों का समय मांगें।

### क्या कहती है सीआरपीसी ...

किसी को जांच में शामिल होने के लिए नोटिस भेज सकती है साथ ही सीआरपीसी 91 के तहत लोगों को दस्तावेज अथवा अन्य इलेक्ट्रॉनिक गजट पेश करने के लिए कहा जाता है। पुलिस को शक है कि कांग्रेस के आईटी सेल के किसी शख्स ने ही जानबूझ कर व साजिश के तहत भाजपा को बदनाम करने व मतदाताओं को गुमराह के मकसद से फेक वीडियो बनाया है। उसे पुलिस हर हाल में गिरफ्तार कर लेगी। असम पुलिस ने फेक वीडियो मामले में जिस रीतम सिंह को हिरासत में रखा है वह कांग्रेस कार्यकर्ता है और पार्टी के वार रूम कोआर्डिनेटर के रूप में काम करता है। इसने भी एक्स पर फेक पोस्ट ही किया था।

### कांग्रेस को गाली देने...

दो। 7 मई तक इंतजार करो। इस लोकतंत्र में आपकी उंगली पर भी सुदर्शन चक्र आने वाला है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को विदिशा, मुरैना व भोपाल लोकसभा क्षेत्र के सघन चुनावी दौरे पर थे। उन्होंने श्योपुर के विजयपुर व विदिशा के बेगमगंज की जनसभाओं में कांग्रेस को जमकर आड़े हाथों लिया। श्योपुर में कहा कि पार्वती काली सिंध और चंबल परियोजना के माध्यम से 70 हजार करोड़ रुपए का पैकेज मोदी जी ने दिया है। इस योजना में श्योपुर का क्षेत्र भी आएगा। इस योजना के माध्यम से आधा राजस्थान और आधा मप्र दोनों के क्षेत्र में पीने का और सिंचाई का पानी बराबर से मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह कार्य 20 साल पहले हो सकता था, लेकिन उनमें करने की इच्छा नहीं थी।

### भाजपा ही है कि मुझ ...

चाहिए। ये हक सिर्फ भारतीय जनता पार्टी देती है। कांग्रेस पर हमलावर होते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कहा कि किसी ने सही कहा कि जिसकी बुद्धि चली जाती है वह वास्तव में नेतृत्व करने लायक नहीं बचता। यादव ने कहा कि मोदी जब गुजरात से आए, तो अपना सारा पैसा दान करके आए। दो बार से प्रधानमंत्री बन रहे हैं, उनको कोई गिफ्ट देता है तो उसे नीलाम करके काशी में गंगा माता की सफाई के लिए लगा देते हैं।

### इस बार का वोट ...

हजार निरपराध लोग मारे गए और 30 हजार महिलाओं के मंगलसूत्र लूटे गए। यह सारा पाप कांग्रेस के माथे पर है। इस बार तीसरा वोट देश के मान-सम्मान, उन्नति, प्रगति के साथ मथुरा के लिए पड़ना चाहिए। 2029 का चुनाव आते-आते मथुरा धाम भी जगमगाएगा।

### कांग्रेस अब किसी ...

आ गए हैं। कांग्रेस में अब कोई दम नहीं बचा है। कांग्रेस अब किसी काम की नहीं रही है। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी का विजन साफ है कि लोकसभा चुनाव के बाद प्रधानमंत्री कौन बनेगा। लेकिन इंडी गठबंधन में कुछ साफ नहीं है कि धन्नू बनेगा, मन्नू, कल्लू बनेगा या जुम्मन बनेगा।

### सीएम केजरीवाल को...

मामले में उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी है। मामले की सुनवाई शुक्रवार को होने की संभावना है। 1 मई से दोनों न्यायाधीश अलग-अलग संयोजन में बैठेंगे।

### 26 वें नौसेना प्रमुख बने...

के 25वें नौसेना प्रमुख के रूप में 30 नवंबर, 2021 को कार्यभार संभालने वाले एडमिरल आर हरि कुमार 30 अप्रैल की दोपहर को सेवानिवृत हो गए। नए भारतीय नौसेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने से पहले उन्होंने अपनी मां रजनी त्रिपाठी से आशीर्वाद लिया। वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी को 01 जुलाई 1985 को भारतीय नौसेना की कार्यकारी शाखा में नियुक्त किया गया था। नौसेना में अब तक उनकी लगभग 39 वर्षों की विशिष्ट सेवा रही है। उन्हें संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध में विशेषज्ञता हासिल है। नौसेना उप प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने से पहले उन्होंने पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में कार्य किया था। उन्हें परम विशिष्ट सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल और नौसेना मेडल से नवाजा जा चुका है।

### रेवन्ना के खिलाफ बड़ा ...

दिए बयान में कहा कि जांच होने तक हम इस मामले में कोई बयान नहीं देंगे और हम पूरा सहयोग करेंगे। सांसद प्रज्वल रेवन्ना को पार्टी से सस्पेंड करने के संबंध में पूर्व पीएम देवेगौड़ा को सुझाव दिए गए थे और अब फैसला लिया गया है कि एसआईटी की जांच रिपोर्ट आने तक रेवन्ना को सस्पेंड किया जाता है। एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि अब तक प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ कोई सीधा आरोप नहीं है। अगर आरोप सही हैं तो सजा कानून के अनुसार होनी चाहिए। कोई समझौता नहीं किया जाएगा। अगर प्रज्वल रेवन्ना गलत हैं, तो हमारा परिवार कार्रवाई के लिए सहमत है।

### चार मजदूर घायल ...

*इस घटना में कपिल, परमानंद, मधु और रुक्मणी नाम के कर्मचारी घायल हुए हैं। घायलों को लेकर हमीदिया अस्पताल पहुंचे, तो देर शाम तक केवल दो को ही भर्ती किया गया। जबकि दो लोगों को लेकर इधर से उधर भटकते रहे। निजी अस्पताल में रेफर की मांग कर रहे हैं लेकिन अस्पताल प्रबंधन रिलीव नहीं कर रहा। बताया गया कि माइकल इंडस्ट्री में पाउडर से पेंट करने का काम होता है। पेंट और पाउडर से आग भड़की। जैसे ही आग लगी, वैसे ही विस्फोट से पूरी फैक्ट्री में धुआं फैल गया। फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही मौजूद लोगों ने आग बुझाने में कामयाब हो गए, जिससे बड़ा हादसा टल गया।*

### अब ऑस्ट्रेलिया में भी ...

को ऑस्ट्रेलिया में बेचे जाने वाले खाद्य पदार्थों में उपयोग करने की अनुमति नहीं है। अगर कार्रवाई आगे बढ़ती है तो प्रभावित उत्पादों को बाजार से वापस मंगाया जा सकता है। एमडीएच और एवरेस्ट भारत के प्रमुख मसाला ब्रांड हैं जो यूरोप, एशिया और उत्तरी अमेरिका में महत्वपूर्ण उपस्थिति रखते हैं। भारतीय मसालों पर सवाल खड़े होने और अंतरराष्ट्रीय नियामकों की ओर से जांच शुरू होने से खाद्य पदार्थों के प्रति स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं बढ़ी हैं। आस्ट्रेलिया में ग्राहकों को सलाह दी गई है कि जांच के बाद होने वाले संभावित रिकॉल के बारे में सचेत रहें और खरीदारी के दौरान खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करें।

### टी20 विश्व कप के ...

है, जबकि केएल राहुल टीम में जगह बनाने में असफल रहे हैं। अजीत अगरकर की अगुआई वाली भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की वरिष्ठ चयन समिति ने इसे लेकर बैठक की। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया में 2022 में टी20 वर्ल्ड कप में वह भारतीय टीम के कप्तान थे। टीम सेमीफाइनल तक पहुंची थी। टीम में केएल राहुल को मौका नहीं मिला है। शुभमन गिल, रिंकू सिंह को रिजर्व के तौर पर शामिल किया गया है।

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

आवश्यकता

सुनहरा मौका वनविभाग ने निकाली सीधी पक्की भर्ती परमानेंट बेसेस पर (10000 पदो पर) पद - वनरक्षक, क्लर्क, चपरासी, माली, सैलरी- 25670+35850/- आवेदन - 10+12th पास लड़के लड़किया आवेदन हेतु- आधारकार्ड, पासपोर्ट फोटो,मार्कसीट व्हाट्सएप /कॉल करे - 9046968782
R- 30/04 to 03/05

सिक्योरिटी कंपनी को भारी मात्रा में अनुभवी गार्ड, लेडी गार्ड एवं सुपरवाइजर की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन दी जावेगी। तुरंत संपर्क करे। 9630490364, 9993771317
B- 04/04 to 03/05/24

कोमोरी ऑफसेट ऑपरेटर - कोमोरी लिथ्रोन -426,प्रिंटिंग मशीन हेतु कर्मचारियों की अति शीघ्र आवश्यकता है। ऑपरेटर, फिडर मैन, कटिंग मैन, हेल्पर संपर्क - 7566100099- हिन्दुजा ऑफसेट, रायपुर(छत्तीसगढ़)
R- 14/04 to 13/05/24

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित करती हूं कि कि पूर्व में मेरा नाम HAURA AGARWALA था। जो कि मेरे पासपोर्ट में दर्ज है। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर HAURA ROZAWALA हो गया है। अतः भविष्य में अब मुझे मेरे इसी नए नाम HAURA ROZAWALA W/O ALI MOHAMMAD से ही जाना व पहचाना जाए। ADDRESS : 77, Mohammad Pura, Bakhal, Kamri Marg, Ujjain (M.P.) - 456006

मैं CHANDRABHAN MOTIANI (पिता) सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि कि पूर्व में मेरे पुत्र का नाम HEMASHRA था। जो कि उसके पासपोर्ट में दर्ज है। किंतु अब मेरे पुत्र का नाम परिवर्तित होकर HEMASHRA MOTIANI हो गया है। अतः भविष्य में अब मेरे पुत्र को उसके नए नाम HEMASHRA MOTIANI S/O CHANDRABHAN MOTIANI से ही जाना व पहचाना जाए। ADDRESS : MIG - 52, A-SECTOR, SONAGIRI, PIPLANI, BHOPAL (M.P.) - 462021

आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 10X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2022 से लागू

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक

महालक्ष्मी फायनेंस
*महिलाओं को विशेष छूट (सरकार द्वारा रजिस्टर)
1% ब्याज 50% छूट
सभी प्रकार की योजनाओं के द्वारा लोन ऑनलाईन पाएं
एजेंट आमंत्रित वेतन - 25,000/- प्रतिमाह + कमीशन
मार्कशीट | पर्सनल | बिजनेस | कृषि | होमलोन | प्रॉपर्टी | व्यवसाय | राशनकार्ड | आधारकार्ड | मुर्गीपालन | ईंटभट्टा | समूह लोन
नया रोजगार शुरु करने के लिए जनधन मुद्रा योजना के द्वारा 1 लाख से 50 लाख तक 24/48 घंटे में घर बैठे लोन
9917370725

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844
R-28/03 to 12/05/24 not on 17/4

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

कृत्रिंग अंग (पैर)
कैलिपर, एवं शारिरिक सहायक उपकरण बनायें जाते है।
संपर्क करें- मो.9826350154,6266402502
अजंता रिहैबिलिटेशन सेंटर 5/4 संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर न्यू मार्केट के पास भोपाल (म.प्र.)

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आम सूचना/कोर्ट नोटिस

## राशिफल

**मेष:** मन परेशान रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार का विस्तार हो सकता है। यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। संयत रहें।

**वृष:** व्यवधान आ सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन सुख में कमी आयेगी। मन परेशान हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**मिथुन:** लाभ के अवसर मिलेंगे। मित्रों से सद्भाव बनाकर रखें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं। वाणी में मधुरता रहेगी।

**कर्क:** कारोबार में कुछ कठिनाइयां तो आ सकती हैं। फिर भी लाभ में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

**सिंह:** रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ बढ़ेगा। मित्रों के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**कन्या:** तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मन :स्थिति रहेगी।

**तुला:** नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। मन परेशान रहेगा। अफसरों का सहयोग मिलेगा। वाद-विवाद से बचें।

**वृश्चिक:** किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य को लेकर परेशान हो सकते हैं।

**धनु:** नए अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन प्रसन्न रहेगा।

**मकर:** नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**कुंभ:** वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। आत्मविश्वास में कमी आएगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं।

**मीन:** आय में वृद्धि होगी। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी।

## शब्द पहेली - 5498

**बाएँ से दाए-**
1. पक्षियों का शोर-4
3. मुठभेड़, भिड़ंत-4
5. क्रोधित होवा-5
8. लाश, पार्थिव देह-2
10. नवीन-2
11. सरिता-2
12. संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13. दोजख, नर्क-3
15. नमकीन लवण-3
17. बेकार-3
18. आंचल-3
20. फायदा, लाभ-2
21. चिट्ठी, पत्र-2
22. जी, चित-2
24. संपूर्ण-2
26. कुचलना, दबाना-3
28. दाड़म, एक फल-3
30. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32. खिचड़ी, पुलाव-3
34. मां, आई-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. सौतन-2
38. लीन-2
39. चमकीला-5
40. नसीब, किस्मत-4
41. चुनौती-4

**ऊपर से नीचे**
1. दलाली-4
2. स्वदेश, जन्मभूमि-3
3. दौंडी पीटना-3
4. बेमिसाल-4
6. इसमें तलवार रखते हैं-3
7. मापदंड, आदर्श-3
9. इच्छित वस्तु-4
12. जीरक, कणिका-2
14. थोड़ा, जरा-2
16. आनंद-2
17. क्रोधित, रुष्ट-2
19. अदा-3
20. पति की बहन-3
23. मन को हरने वाला-4
24. निष्कर्ष-2
25. उम्मीद-2
27. वोट, अभिमत-2
28. धरोहर, थाती-4
29. रिश्ता-2
30. नकद राशि, रोकड़-3
31. संधिपत्र, मसविदा-3
33. रीति अनुसार-4
35. अदृढ, तर्कहीन-3
37. द्रव पदार्थ-3

**शब्द पहेली -5497 का हल**

## सूडोकु नवताल - 5509

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5508 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

## खबर संक्षेप

### क्रिप्टो बाजार बुल रन की उम्मीद से भरा हुआ

**मुंबई।** क्रिप्टो बाजार बुल रन की उम्मीद से भरा हुआ है। बिटकॉइन ईटीएफ पर एसईसी की मंजूरी और आगामी बिटकॉइन हॉल्विंग जैसी प्रमुख गतिविधियों से उद्योग का



रुझान सकारात्मक बना हुआ है। इस सकारात्मक गति के बिटकॉइन से आगे बढ़ने की उम्मीद है और आने वाले दिनों में इसमें बड़े निवेशकों की भागीदारी दिख सकती है, जो लगातार बढ़ रहे इस असेट क्लास या परिसंपत्ति श्रेणी में स्मार्ट पूंजी को लेकर आएंगे। यह बात कॉइनडीसीएक्स सीओओ, मृदुल गुप्ता ने कही। गुप्ता ने कहाकि क्रिप्टो एक्सचेंज वर्चुअल डिजिटल एसेट्स में निवेश के लिए एंट्री गेट के रूप में काम करते हैं, जो सुरक्षित लेनदेन तरीकों के माध्यम से क्रिप्टो परिसंपत्तियों की एक विविध श्रृंखला तक पहुंच प्रदान करते हैं।

### मिनरवा ने केबीसी में खरीदी हिस्सेदारी

**मुंबई।** अमेरिका स्थित मिनरवा वेंचर्स फंड ने केबीसी ग्लोबल लिमिटेड में हिस्सेदारी खरीदी है, जो कंस्ट्रक्शन और रियल एस्टेट विकास क्षेत्र में एक प्रमुख कंपनी है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर उपलब्ध बल्क डील के आंकड़ों के अनुसार मिनरवा वेंचर्स फंड ने केबीसी ग्लोबल लिमिटेड की 1 फीसदी इक्विटी (1 करोड़ शेयर) प्रति शेयर 2.05 रुपए पर खरीदी है। कंपनी ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में विस्तार के लिए रणनीतिक योजनाओं की भी घोषणा की है।

### शक्ति पंप्स ने हासिल किया 142 करोड़ का राजस्व

**इंदौर।** सोलर स्टेनलेस-स्टील सबमर्सिबल पंप, प्रेशर बूस्टर पंप, पंप-मोटर्स, कंट्रोलर और इनवर्टर सहित अन्य उत्पादों के अग्रणी निर्माता शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड ने 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही और वित्तीय वर्ष के अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की। जिसमें कंपनी ने 142 करोड़ रेवेन्यू और प्रॉफिट अर्जित की। शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड के चेयरमैन दिनेश पाटीदार ने कहा कि वित्त वर्ष 24 शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड के लिए एक उल्लेखनीय वर्ष रहा है, क्योंकि कंपनी ने रेवेन्यू और प्रॉफिट के मामले में अब तक का मजबूत प्रदर्शन किया है।

### अमेजन पे पर बिना किसी परेशानी के लेन-देन

**नई दिल्ली।** अमेजन पे का नया विज्ञापन अभियान 'पे करने का स्मार्टर वे', दैनिक लेनदेन के लिए एक स्मार्ट तरीके की दिशा में हो रहे बदलाव को प्रदर्शित करता है। यह अमेजन पे की स्पीड, सुविधा और भरोसे को दर्शाता है। इसमें कम रोशनी में किसी भी क्यूआर को स्कैन करने के लिए ऑटो फ्लैश, किसी भी ऐप पर कोई भी यूपीआई आईडी पर पैसे भेजना, त्वरित भुगतान, अमेजन पे बैलेंस का उपयोग करने पर त्वरित रिफंड और सभी ग्राहकों के लिए 24/7 कस्टमर सपोर्ट जैसे नए फीचर्स को भी दिखाया गया है। अभिनेता आयुष्मान खुराना ने अमेजन पे को बिना किसी परेशानी के लेनदेन के लिए एक पसंदीदा विकल्प के तौर पर पेश करना बताया।

### वाईएफएलओ ने पूरे किए बीस साल

**नई दिल्ली।** दि यंग फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन (वाईएफएलओ) ने दिल्ली और इसके परे महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उत्थान के 20 वर्ष हाल ही में सफलतापूर्वक पूरे किए और इसका जश्न मनाया। मुख्य अतिथि बांसुरी स्वराज, विशिष्ट अतिथि फिक्की के महासचिव एसके पाठक और एफएलओ की अध्यक्ष जॉयश्री दास वर्मा ने इस आयोजन की शोभा बढ़ाई। एफएलओ की पूर्व अध्यक्ष नमिता गौतम यंग एफएलओ की संस्थापक हैं। यह नमिता गौतम की दूरदृष्टि वाला नेतृत्व है जिनके समर्पण और विज़न से वाईएफएलओ का जन्म हुआ और यह एक गुंजायमान वास्तविकता में तब्दील हुआ।

# औषधीय पौधों वाले बॉटनिकल गार्डन का उद्घाटन और चलाया पौधरोपण अभियान

## आरएसपीएल ग्रुप (घड़ी डिटर्जेंट) की आरएसपीएल वेलफेयर फाउंडेशन ने मनाया 'विश्व पृथ्वी दिवस'

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानपुर

पर्यावरण की सुरक्षा और निरंतरता के महत्व को समझते हुए आरएसपीएल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा प्रत्येक वर्ष भिन्न-भिन्न विषयों पर ध्यान केंद्रित करते हुए पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय था पौधरोपण, ताकि प्रकृति को हरा-भरा और साफ-सुथरा बनाया जा सके और इसके लिए गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज, सेक्टर 52, गुरूग्राम को चुना गया। आरएसपीएल ग्रुप के अनेक कर्मचारियों तथा कॉलेज स्टाफ ने औषधीय पौधों वाले बोटनिकल गार्डन के उद्घाटन एवं पौधरोपण अभियान में भाग लिया।

### आरएसपीएल वेलफेयर ने दान की खेल सामग्री

आरएसपीएल ग्रुप के अध्यक्ष सुशील बाजपेयी इस आयोजन में शामिल हुए। इस




अवसर पर आरएसपीएल वेलफेयर फाउंडेशन ने कॉलेज के लिए खेल सामग्री दान कर एक अभियान भी चलाया तथा विद्यार्थियों के लिए एक स्पोर्ट्स हॉल का उद्घाटन भी किया, जिसके पीछे यह अवधारणा थी कि स्वस्थ मन के लिए तन का स्वस्थ होना अनिवार्य है और इसकी टैग लाइन थी ये घड़ी है सेहत बनाने की। बॉटनिकल गार्डन तथा स्पोर्ट्स उपकरण दान कार्यक्रम के उद्घाटन में कॉलेज की प्राचार्या डॉ. इंदू राव अपने कॉलेज के स्टाफ के साथ मौजूद थीं।



### सुरक्षित, स्वस्थ दुनिया आने वाली पीढ़ियों के लिए जरूरी

यह आयोजन ग्रुप की इस विचारधारा और प्रतिबद्धता को दोहराता है कि एक सुरक्षित तथा स्वस्थ दुनिया केवल हमारी ही जरूरत नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी जरूरी है। आरएसपीएल वेलफेयर फाउंडेशन विभिन्न पहलकारी कदमों में भी सक्रियता से भाग लेता है जैसे कि जल संरक्षण पहल के अंतर्गत गली स्तर पर वर्षा जल संग्रहण सुविधा का निर्माण, पौधारोपण अभियान तथा इकोलॉजिकल सिस्टम की बहाली के लिए वनीकरण के जरिए हरित क्षेत्र को बढ़ाना।

### हम हरित पट्टी के विकास की योजना बनाएंगे : बाजपेयी

*इस अवसर पर एसके बाजपेयी ने कहा कि आरएसपीएल ग्रुप अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति हमेशा एक कदम आगे रहा है और पर्यावरण की सुरक्षा तथा शहरी वनीकरण के प्रोत्साहन को ध्यान में रखते हुए ग्रुप द्वारा पौधरोपण किया जाता है। इस पहलकारी कदम के माध्यम से, हम पौधरोपण तथा हमारे समाज द्वारा पर्यावरण के संतुलन को कायम रखने के लिए प्रकृति के संरक्षण को प्रोत्साहन देते हैं। जलवायु परिवर्तन पर अंकुश लगाने के हमारे सतत उपायों के तहत, हम निकट भविष्य हरित पट्टी के विकास की योजना बनाएंगे तथा और भी अधिक पौधरोपण अभियान आयोजित करेंगे। हम अपने सामाजिक परिवेश को हरा-भरा तथा सतत बनाए रखने के लिए हर संभव कदम उठाएंगे।*

## थोक में सस्ती, फुटकर में दोगुने दाम पर मिल रहीं सब्जियां

# बाड़ी-बकतरा का 5 से 6 रु. तो छिंदवाड़ा लाइन से आ रहे टमाटर का थोक भाव 10 से 12 रु. किलो

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

स्थानीय मंडियों में सभी प्रकार की सब्ज्यिों लोकल के आलावा बाहर से भरपूर आ रही है। लेकिन गर्मी की आड़ में रिटले/ खुदरा सब्जी विक्रेता मुनाफाखोरी के चक्कर में यह कहकर सब्जियां ऊंचे दाम पर बेच रहे हैं कि किसानों के खेत की मंडी में कम पहुंच रही है। मालूम हो कि करोंद स्थित स्थानीय थोक मंडी में रोजाना 50 गाड़ी (पिकअप) से अधिक सब्जियों की आवक हो रही है। मंडी में सब्जियों के भाव सस्ते हैं, लेकिन शहर के हाट बाजारों के सब्जी विक्रेता दोगुने दाम पर सब्जियों की बिक्री कर रहे हैं।

थोक सब्जी मंडी के राजेंद्र कुमार सैनी के अनुसार मंडी में सब्जियों की भरपूर आवक होने से भाव सस्ते है। टमाटर की हालत खस्ता है। यह 5 से 12 रुपए किलो क्वालिटीनुसार नीलाम हो रहा है। राजेन्द्र सैनी के अनुसार बाड़ी-बक्तरा लाइन का पुराना टमाटर 5 से 6 रुपए किलो और छिंदवाड़ा लाइन का नया टमाटर 10 से 12 रुपए किलो के दाम पर नीलाम हो रहा है। मंडी में टमाटर की आवक 5 हजार कैरेट की है।



### आलू-प्याज की भी अच्छी आवक

*सब्जी कारोबारियों में मंडी में प्याज की जहां लोकल आवक हो रही है तो आलू यूपी सहित अन्य आलू उत्पादक क्षेत्रों से आ रहा है। प्याज की आवक 20 हजार बोरे की है तो आलू की 10 से 15 गाड़ी आवक रोजाना हो रही है। करोंद स्थित थोक सब्जी मंडी में आलू 1700 से 2200 रुपए क्विंटल और प्याज 7000 से 14000 रुपए क्विंटल के भाव नीलाम हो रहा है।*

### अगले महीने घटेगी सब्जी की आवक

*मंडी के सब्जी व्यापारियों के अनुसार अगले माह मई में सब्जियों की आवक घटेंगी। क्योंकि भीषण गर्मी के चलते खेतों में सब्जियां कम होगीं। मसलन आवक भी कम होगी। विक्रेताओं का कहना है कि गर्मी के कारण अगले दो महीने तक सब्जियों के दाम ऊंचे रहेंगे। मालूम को शहर के हाट-बाजारों में अदरक 150 से 200 रुपए किलो बेचा जा रहा है। गाजर बढ़कर 40 रुपए प्रति किलो हो गया है। इसी तरह चुकंदर 30 रुपए किलो, हरी मटर 60 रुपए किलो, आलू 30 रुपए किलो और फूलगोभी 30 से 40 रुपए किलो बेचे जा रहे हैं।*

### कम आवक से सुधरे लहसुन के भाव

*लहसुन व्यापारी मो.आरिफ के मुताबिक लहसुन की आवक कम हो रही है। वजह गर्मी, रबी फसल के बंदोबस्त और शादी-ब्याह में किसानों का व्यस्त होना। मंडी में कम लहसुन आने से इसके भाव सुधरे हुए है। मंडी में क्वालिटीनुसार थोक भाव 8 हजार के 17 हजार रुपए क्विंटल है जबकि आवक 15 हजार से 20 हजार बोरी की है।*

### मंडी थोक भाव किलो में

*आलू 17 से 22 रुपए*
*प्याज 7 से 14 रुपए*
*बिंस 40 से 50 रुपए*
*टमाटर 6 से 12 रुपए*
*लौकी 10 से 12 रुपए*
*कद्दू 8 से 10 रुपए*
*हरी मिर्ची 25 से 30 रु.*
*करेला 10 से 12 रुपए*
*भिंडी 12 से 15 रुपए*
*कटहल 15 से 16 रुपए*
*अदरक 80 से 90 रु.*
*पालक 15 रुपए*
*गिलकी 15 से 20 रुपए*
*फूल गोभी 10 से 12 रु.*
*पत्ता गोभी 10 से 12 रु.*
*खीरा 8 से 10 रुपए*
*मुनगाफली 8 से 10 रु.*

## वायदा बाजार में सोना ने 71,301 रुपए तो चांदी ने किया 80,298 रुपए किलोग्राम पर ट्रेड

# अक्षय तृतीया से पहले चांदी 500 तो सोना 300 रुपए सस्ता

वाणिज्य डेस्क ⏭ भोपाल

अक्षय तृतीया से पहले सोने के भाव कम हो रहे हैं। सोने और चांदी की कीमतों में मंगलवार को फिर गिरावट आई है। एमसीएक्स एक्सचेंज पर सोने-चांदी की कीमतों में सुबह से गिरावट देखने को मिली। सोने के दाम 300 रुपए तो चांदी के भाव 500 रुपए तक कम हुए हैं। स्थानीय सराफा कारोबारी नवनीत अग्रवाल के अनुसार सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना 74400 रुपए प्रति ग्राम और चांदी पाट 81500 रुपए किलोग्राम के भाव बोली गई है।

जबकि एमसीएक्स एक्सचेंज पर आज 5 जून 2024 की डिलीवरी वाला सोना 301 रुपए की गिरावट के साथ 71,301 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर ट्रेड कर रहा है। 5 अगस्त 2024 की डिलीवरी वाला सोना 274 रुपए की गिरावट के साथ 71,387 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर ट्रेड कर रहा है। जबकि एमसीएक्स एक्सचेंज पर 3 मई 2024 की



डिलीवरी वाली चांदी गिरकर 80,298 रुपए प्रति किलोग्राम पर ट्रेड कर रही है। वहीं 5 जुलाई 2024 को डिलीवरी वाली चांदी 81,760 रुपए के स्तर पर ट्रेड कर रही है। इसी के साथ 5 सितंबर 2024 को डिलीवरी वाली चांदी आज 83,132 रुपए प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही है। कॉमेक्स पर सोने का वैश्विक वायदा भाव 0.72 फीसदी या 17.00 डॉलर की गिरावट के साथ 2,340.70 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिख रहा है। सोने का वैश्विक हाजिर भाव इस समय लुढ़कर 2,329.02 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिख रहा है।

असाधारण मेडिसिन सेवाओं के लिए मशहूर

## कोकिलाबेन हॉस्पिटल ने लांच किया 'वर्चुअल' इम्प्लांट पोजिशनिंग के साथ आर्थ्रेक्स ग्लेनोइड सिस्टम

### वीआईपी सिस्टम का इस्तेमाल, रिवर्स टोटल शोल्डर रिप्लेसमेंट का लाइव प्रदर्शन

### डॉ. श्रेयश गज्जर ने इस सिस्टम का उपयोग करके पहली सर्जरी की

एजेंसी ⏭ मुंबई

कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल ने कंधे की रिप्लेसमेंट सर्जरी के लिए 'वर्चुअल' इम्प्लांट पोजिशनिंग के साथ आर्थ्रेक्स मॉड्यूलर ग्लेनोइड सिस्टम की क्रांतिकारी तकनीक भारत में लांच की है। वीआईपी सिस्टम का इस्तेमाल करके रिवर्स टोटल शोल्डर रिप्लेसमेंट के लाइव प्रदर्शन में इस को दिखाया गया। वीआईपी के साथ आर्थ्रेक्स मॉड्यूलर ग्लेनोइड सिस्टम ऑर्थोपेडिक्स में बढ़ाया गया एक बहुत बड़ा कदम है, जो बेहतर सटीकता, तुरंत रिकवरी और मरीज़ों को बेहतर परिणाम प्रदान करता है। कोकिलाबेन हॉस्पिटल अपनी असाधारण



स्पोर्ट्स मेडिसिन सेवाओं के लिए मशहूर है। कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई के स्पोर्ट्स ऑर्थोपेडिक्स, आर्थ्रोस्कोपी और ट्रॉमा विभाग के कंसल्टेंट (यूनिट लीड) डॉ. श्रेयश गज्जर ने इस सिस्टम का उपयोग करके पहली सर्जरी की।

### बेहतर परिणाम प्राप्त

*इसके महत्व पर ज़ोर देते हुए उन्होंने कहाकिवीआईपी के साथ आर्थ्रेक्स मॉड्यूलर ग्लेनोइड सिस्टम कंधे की आर्थ्रोप्लास्टी में एक बहुत बड़ा परिवर्तन है। यह तकनीक सर्जन को सर्जरी में सटीकता और अनुकूलन लाने के लिए सही उपकरणों के सक्षम बनाती है, जिससे मरीज़ो को बेहतर परिणाम प्राप्त होते हैं। सर्जरी के पहले बहुत ही सावधानीपूर्वक की गई योजना के ज़रिए, हम पूरी सटीकता के साथ सर्जरी कर सकते हैं और न्यूनतम इनवेसिव सर्जिकल तकनीकों को अपना सकते हैं, जिससे मरीज़ के शरीर पर बहुत ही छोटे चीरे देकर सर्जरी हो सकती है, टिश्यू का नुकसान कम होता है, रिकवरी और भी तेज़ी से होती है।*

## एनएचपीसी भारत में जलविद्युत विकास का बड़ा संगठन

# फ्लोटिंग सौर ऊर्जा प्रौद्योगिकी के क्रियान्वयन के लिए एनएचपीसी का ओशन सन नॉर्वे के साथ समझौता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एनएचपीसी लिमिटेड ने फ्लोटिंग सोलर इंडस्ट्री के लिए प्रौद्योगिकी प्रदाता के रूप में प्रचालनरत नॉर्वे की कंपनी मेसर्स ओशन सन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। यह समझौता ज्ञापन एनएचपीसी द्वारा चिन्हित किए गए उपयुक्त स्थलों पर हाइड्रो-इलास्टिक मेम्ब्रेन पर स्थापित पीवी पैनलों पर आधारित ओशन सन की फ्लोटिंग सौर ऊर्जा प्रौद्योगिकी के लिए सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों के अन्वेषण के लिए किया गया है।

महामहिम मे-एलिन स्टेनर, भारत में नॉर्वे की राजदूत, राज कुमार चौधरी, निदेशक (तकनीकी), एनएचपीसी और रजत गुप्ता, कार्यपालक निदेशक (एसबीडीसी), एनएचपीसी और महामहिम डॉ. एक्विनो विमल, ओस्लो, नॉर्वे में भारत के राजदूत की गरिमामयी उपस्थिति में, वीआर श्रीवास्तव, कार्यपालक निदेशक



(आरईजीएच), एनएचपीसी और क्रिस्टियन टोरवॉल्ड, सीईओ, ओशन सन द्वारा नॉर्वे दूतावास, नई दिल्ली में हाइब्रिड मोड में इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। एनएचपीसी लिमिटेड भारत में जलविद्युत विकास के लिए सबसे बड़ा संगठन है और विभिन्न नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं जैसे सौर, पवन, ग्रीन हाइड्रोजन आदि के विकास में भी लगी हुई है।

भारतीय कोल्ड ड्रिंक मार्केट में पैठ

## रिलायंस का 'कैम्पा कोला' देगा कोक और पेप्सी को टक्कर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

गर्मियों का सीजन शुरू होते ही, ठंडा-पेय यानी कोल्ड ड्रिंक की मार्किट जोर पकड़ने लगी है। भारतीय कोल्ड ड्रिंक मार्केट में अपनी पैठ बनाने के लिए कैम्पा कोला ने 'नए इंडिया का अपना ठंडा' नाम से एक कैंपेन लांच किया है। कैंपेन के जरिए कैम्पा कोला कोल्ड ड्रिंक मार्किट के दिग्गज कोका कोला और पेप्सी को टक्कर देगी।




### गुणवत्ता वाले उत्पाद

कैम्पा कोला ब्रांड, रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड से जुड़ा है। कैंपेन लांच के मौके पर रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के सीओओ केतन मोदी ने कहा कि यह कैंपेन भारतीयों को किफायती कीमतों पर वैश्विक गुणवत्ता वाले उत्पाद मुहैया कराने की हमारी यात्रा का पहला पड़ाव है। इस कैंपेन को भारतीयों की आकांक्षाओं के जश्न के तौर पर पेश किया गया है।

## महिंद्रा ने लांच की नई एक्सयूवी 3एक्सओ, कीमत 7.49 लाख से शुरू

**मुंबई।** एसयूवी निर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने एक्सयूवी 3एक्सओ लांच की, जिसकी कीमत 7.49 लाख रुपए से शुरू होती है। कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट में नए स्टैंडर्ड बनाते हुए एक्सयूवी 3एक्सओ असाधारण



डिजाइन, प्रीमियम इंटीरियर, आरामदायक सवारी, अत्याधुनिक तकनीक, रोमांचक प्रदर्शन और बेजोड़ सुरक्षा का संयोजन है। एक्सयूवी 3एक्सओ नवीनता और उत्कृष्टता के प्रति महिंद्रा की प्रतिबद्धता का प्रतीक है, यह वास्तव में एवरी थिंग यू वांट एंड मोर की बानगी है। एक्सयूवी 3एक्सओ की परिकल्पना मुंबई में महिंद्रा इंडिया डिजाइन स्टूडियो (एमआईडीएस) में की गई थी।

**एनएमडीसी लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
'खनिज भवन' 10-3-311/ए कैसल हिल्स, मासाब टैंक हैदराबाद-500 028
नैगम पहचान संख्या (सीआईएन)-L13100TG1958GOI001674

**निर्माण विभाग – किरन्दुल**

**निविदा पूछताछ सं. : निर्माण–किरन्दुल/कंक्रीट रोड/एसपी–III/151/2024/14, दिनांकित : 30/04/2024**
**एमएसटीसी संदर्भ सं. : एनएमडीसी/किरन्दुल/415/23–24/ईटी/1005**
**अनुमानित लागत, जीएसटी सहित, रू. 19.98 करोड़ है**

एनएमडीसी लिमिटेड, इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक "नवरत्न" सार्वजनिक क्षेत्र कम्पनी, स्वदेशी भविष्यलक्षी बोलीदाताओं से **"किरन्दुल में एसपी–III क्षेत्र के भीतर विद्यमान जीएसबी रोड के ऊपर कंक्रीट रोड, एसएस–1 से अशोधित जल जलाशय तक नए पहुंच मार्ग का निर्माण संबंधित सिविल निर्माण कार्यों सहित"** के कार्य हेतु ऑनलाइन बिड्स आमंत्रित करती है।

विस्तृत एनआईटी और बिड दस्तावेज **30/04/2024 से 30/05/2024** तक निम्नवर्णित वेबसाइट लिंक्स से देखे तथा/अथवा डाउनलोड किए जा सकते हैं :

1. एनएमडीसी वेबसाइट **https://tenders.nmdc.co.in/nmdctender/**
2. केन्द्रीय सार्वजनिक प्रापण पोर्टल (सीपीपी पोर्टल) **https://www.eprocure.gov.in/epublish/app** तथा निविदा पूछताछ संख्या के माध्यम से निविदा खोजें।
3. एमएसटीसी पोर्टल–**https://www.mstcecommerce.com/eprochome/nmdc/buyer_login.jsp**

अतिरिक्त सहायता के लिए एमएसटीसी वेबसाइट में दी गई "वेंडर गाइड" देखें।

बिडर्स से अपनी बिड्स केवल एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन प्रस्तुत करने का अनुरोध किया जाता है। ऑनलाइन बिड प्रस्तुत करने हेतु विस्तृत विवरण एनआईटी में दिया गया है। बिडर्स से किसी भावी तिथि में शुद्धिपत्र, यदि कोई, के लिए एनएमडीसी की वेबसाइट/सीपीपी पोर्टल/एमएसटीसी वेबसाइट नियमित रूप से देखने की अपेक्षा की जाती है।

किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए, निम्नलिखित से सम्पर्क किया जा सकता है :
एचओपी (निर्माण), संकर्म–किरन्दुल, फोन नंबर 07857 – 255978,
ई–मेल : (1) **prasanna@nmdc.co.in** (2) **gnaresh@nmdc.co.in**

**एनएमडीसी लिमिटेड के लिए और उसकी ओर से**
**एचओपी (कार्य)**

**इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज़्म कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम – मिनी रत्न)
सीआईएन : L74899DL1999GOI101707

**आईआरसीटीसी निम्नलिखित के लिए निविदाएं आमंत्रित करता है:–**

**1. खुली ई–निविदा (दो निविदा प्रणाली)** – निम्नलिखित टूर पैकेजों के लिए ऑफबोर्ड सेवाओं का प्रावधान: **(क)** "चार धाम एवं दो धाम यात्रा एक्स दिल्ली एवं एक्स हरिद्वार" **(ख)** "लेह–लद्दाख एयर पैकेज" **(ग)** "कश्मीर एयर पैकेज"। प्री–बिड मीटिंग: **(क)** के लिए: **02.05.2024 को 11:00 बजे (ख)** के लिए: **13:00 बजे** एवं **(ग)** के लिए: **15:00 बजे।** जमा करने की अंतिम तिथि: **08.05.2024** को **15:00 बजे।** ई–मेल: monika.shankar@irctc.com

**2. खुली ई–निविदा** – रेल नीर प्लांट, एनटीपीसी परिसर, सिम्हाद्री, नजदीक विशाखापटनम (ए.पी.) में 11/0.433 केवी, 500 केवीए कॉम्पैक्ट सेकेंडरी सबस्टेशन की आपूर्ति, संस्थापन, कमीशनिंग एवं कनेक्शन। जमा करने की अंतिम तिथि: **08.05.2024** को **15:00 बजे।**

**3. खुली ई–निविदा सीओ/एनआईटी/एफपी–एफएफयू/2024/02** – फूड प्लाजा एवं फास्ट फूड यूनिटों की स्थापना, परिचालन एवं प्रबंधन। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि **22.05.2024** को **15:00 बजे** है एवं इन्हें **22.05.2024** को **15:15 बजे** खोला जाएगा। ई–मेल: mobilecatg.tend@irctc.com

विस्तृत विवरणों के लिए **www.irctc.com, www.tenderwizard.com/IRCTC** एवं **www.eprocure.gov.in/cppp** को देखें। दस्तावेज डाउनलोडिंग एवं प्रतिभागिता **www.tenderwizard.com/IRCTC** पर की जा सकती है।

शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हुआ तो उसे केवल **www.irctc.com, www.tenderwizard.com/IRCTC** एवं **www.eprocure.gov.in/cppp** पर प्रकाशित किया जाएगा।

ecatering.irctc.co.in

कार्यालय पता: आईआरसीटीसी, 11वां तल, स्टेट्समैन हाउस, बी–148, बाराखम्बा रोड, कनाट प्लेस, नई दिल्ली–110001; फोन: 011–23311263/64; फैक्स: 011–23311259

## बिजनेस न्यूज

### पोदार जंबो किड्स ने किंडरगार्टन छात्रों का बनाया रिकॉर्ड



**भोपाल।** पोदार एजुकेशन ने गर्व से एक अभूतपूर्व कार्यक्रम की घोषणा की। जहां पोदार जंबो किड्स ने बहुसांस्कृतिक गतिविधियां करने वाले किंडरगार्टन छात्रों की अधिकतम संख्या के लिए एक रिकॉर्ड बनाया है। विश्व विरासत दिवस मनाने के लिए आयोजित किए गए ग्रैंड फिनाले में 2 से 6 वर्ष की आयु के कुल 665 छात्रों ने विभिन्न बहुसांस्कृतिक गतिविधियों का प्रदर्शन किया। मुंबई, जयपुर, वडोदरा, अंकलेश्वर, भरूच, भोपाल, वापी और दमन में स्थित पोदार जंबो किड्स की कई शाखाओं में छोटे बच्चों ने रिकॉर्ड बनाया, जिसे इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा प्रमाणित किया गया है। यह आयोजन न केवल बहुसांस्कृतिक शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालता है बल्कि हमारे देश के भावी लीडर्स के बीच एकता और सम्मान को भी बढ़ावा देता है। यह आयोजन जबरदस्त सफल रहा, इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए जिन्होंने छात्रों की कड़ी मेहनत के लिए अपना समर्थन दिया और सराहना की।

### स्पंदना को 501 करोड़ रुपए का मुनाफा

**हैदराबाद।** स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंशियल ने वित्त वर्ष 2024 की मार्च तिमाही के नतीजे जारी किए। कंपनी ने बताया कि मार्च तिमाही में उसका शुद्ध मुनाफा 22 प्रतिशत बढ़कर 129 करोड़ रुपए रहा, जो इसके पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 106 करोड़ रुपए रहा था। तिमाही आधार पर कंपनी के मुनाफे में बढ़ोतरी दर्ज की गई है क्योंकि दिसंबर तिमाही में इसका मुनाफा 127 करोड़ रुपए रहा था। 31 मार्च को कंपनी का एसेट अंडर मैनेजमेंट 11,973 करोड़ रुपए रहा, जो तिमाही आधार पर 15 प्रतिशत और सालाना आधार पर 41 प्रतिशत अधिक था। नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल सेक्टर की दिग्गज कंपनी ने बताया कि पूरे वित्त वर्ष 2024 में उसका मुनाफा 501 करोड़ रुपए रहा, जो इसके पिछले वित्त वर्ष में रहे 12 करोड़ के मुनाफे से करीब 4,000 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने यह भी बताया कि यह किसी एक वित्त वर्ष में कमाया उसका सबसे अधिक शुद्ध मुनाफा है।

### एशियन पेंट्स ने विराट को बनाया ब्रांड एंबेसडर

**नई दिल्ली।** एशियन पेंट्स ने क्रिकेट आइकन, विराट कोहली को अपने आने वाले नए लांच नियो भारत लेटेक्स पेंट के ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल करने की घोषणा की है। नियो भारत लेटेक्स पेंट के साथ, एशियन पेंट्स इस डायनामिक उद्योग में अपनी मौजूदगी का विस्तार करके और इसे सभी के लिए ज्यादा सुलभ बनाकर पेंट की श्रेणी में क्रांति लाएगा। नियो भारत लेटेक्स पेंट हर तरह से क्रांतिकारी है क्योंकि इसमें विशेष पॉलिमर तकनीक है जो बेहतर फिनिश, ज्यादा कवरेज और क्लीनेबिलिटीदेती है। ये ॰प्रगति के रंग॰, जो कि नियो भारत की टैग लाइन है, उन लाखों भारतीयों को समर्पित है जो बेहतर जीवन की तलाश में हैं।

**न्यायालय नायब तहसीलदार बैरागढ चीचली वृत्त तहसील कोलार भोपाल म.प्र.**
प्रकरण क्र. 5388/अ-6/023-24
**इश्तहार**

आवेदिका स्मिता मेश्राम आ/ पत्नि राजेश मेश्राम निवासी 89/19 सेकंड बस स्टाप तुलसी नगर भोपाल द्वारा ग्राम दामखेड़ा स्थित खसरा नंबर/प्लाट नंबर 25/2, 25/3/1, 26/1 क्षेत्रफल 139.40 व.मी. पर विक्रयपत्र /फौती/ वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतएद आवेदक के उपरोक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक 14/05/2024 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 29/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसील कोलार भोपाल**

## चिंतन

# सभी वैक्सीन सुरक्षित हों जीवन से न हो खिलवाड़

कोरोना का टीका कोविशील्ड की निर्माता ब्रिटिश फार्मास्युटिकल कंपनी एस्ट्राजेनेका का साइड इफेक्ट को लेकर कबूलनामा डराने वाली है। विश्व भर में ढाई अरब डोज कोविशील्ड टीके की दी गई, भारत में करीब 1.7 अरब डोज दी गई। कोरोना के विभिन्न टीके लगने के बाद विश्व के विभिन्न हिस्से से अचानक मौत की खबरें आती रहती हैं, लेकिन किसी भी मेडिकल बॉडी ने घोषित तौर पर यह नहीं कहा है कि ऐसे मौतें कोविड टीके के साइड इफेक्ट के चलते हुई हैं। अब कोविशील्ड टीका बनाने वाली कंपनी एस्ट्राजेनेका ने ब्रिटिश अदालत में खुद स्वीकार किया है कि उसका कोविड टीका रक्त के थक्के (ब्लड क्लॉटिंग) जमाने संबंधी दुष्प्रभाव उत्पन्न कर सकता है। एस्ट्राजेनेका ने स्वीकार किया था कि कोविड-19 से बचाव के लिए ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा ईजाद किया गया टीका ''बहुत दुर्लभ मामलों में'' रक्त के थक्के जमा सकता है और प्लेटलेट की संख्या (टीटीएस) को घटा सकता है। टीटीएस के परिणाम संभवतः जानलेवा हैं, जिनमें दिल का दौरा पड़ना, मस्तिष्क को नुकसान पहुंचना, फेफड़े में रक्त प्रवाह बाधित होना आदि शामिल हैं। एस्ट्राजेनेका वैक्सजेव्रिया टीके का उत्पादन सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) ने भी किया था और इस टीके को भारत में 'कोविशील्ड' नाम से लोगों को लगाया गया था। यूं तो मॉडर्न मेडिसिन के साइड इफेक्ट्स जगजाहिर हैं, लेकिन ये नियंत्रित और अल्प हैं, इनमें जीवन रक्षक की अधिक खूबिया हैं। लेकिन टीके के मामले में अधिक गंभीरता की आवश्यकता है। टीका बचाव के लिए स्वस्थ आदमी को भी लगता है, इसलिए इसके सुरक्षित होने की गारंटी जरूरी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के नियमों के मुताबिक एक टीका के विकास, ट्रायल, अध्ययन आदि के लिए औसतन दस वर्ष निर्धारित हैं, लेकिन कोरोना महामारी के दौरान कोविड टीके को जिस जल्दबाजी में डब्ल्यूएचओ और विश्व की केंद्रीय सरकारों व ड्रग नियामकों ने मंजूरी दी, वह अपने आप में सवाल है। कोविड से पहले जीका, इबोला समेत दो सौ से अधिक वायरस सामने आए हैं, जिसने विश्व के अलग-अलग क्षेत्र में तबाही मचाई, लेकिन इन वायरसों के टीके के लिए फार्मा कंपनियां, डब्ल्यूएचओ और सरकारों ने तत्परता नहीं दिखाई, जबकि कोविड के दौरान दिखाई। स्पेनिश फ्लू के मामले एक शताब्दी पहले आ चुके, इसके बावजूद वायरस के टीके नहीं बनाए। कोविड के टीके महामारी के दौरान ही आ गए। कोविड टीके के लिए ट्रायल के नियमों में संशोधन तक किया गया। बेशक कोविड टीके के चलते करोड़ों लोगों की जान बची हो, लेकिन इसके दुष्प्रभाव के चलते अगर सौकड़ों लोगों की ही जिंदगी खतरे में है, तो भी यह मानवता के प्रति अपराध ही है। इसलिए दवा निर्माण को नियंत्रित करने वाले सभी नियामकों –सरकार, ड्रग कानून, डब्ल्यूएचओ को अधिक जिम्मेदार बनने की आवश्यकता है। टीका बनाने वाले वैज्ञानिकों व फार्मा कंपनियों को अधिक जवाबदेह बनने की जरूरत है। आखिर मानव जीवन का सवाल है। किसी भी रोग की कोई भी दवा बनती है, तो इसको मंजूरी देने से पूर्व के सभी स्तर पर और भी कड़े मानकों का पालन किया जाना चाहिए। आज विश्व में अनेक दवाएं हैं, जिनके साइड इफेक्ट्स हैं। ऐसी दवाओं से निजात पाने की आवश्यकता है। मुनाफे के लिए मानव जीवन को खतरे में नहीं डाला जा सकता है। कोविड टीटा लग जाने के बाद अब दुष्प्रभाव का सरकारी स्तर पर अध्ययन होना चाहिए, ताकि प्रभावित लोगों को सुरक्षित किया जा सके। सभी वैक्सीन सुरक्षित होनी चाहिए। फार्मा उद्योग को अधिक नैतिक बनने की जरूरत है। किसी के जीवन से खिलवाड़ नहीं होनी चाहिए।



मुद्दे
रवि शंकर

# स्वास्थ्य चुनावी मुद्दा क्यों नहीं

> चुनाव की सरगर्मी, लोकलुभावन घोषणाओं और वादों के बीच स्वास्थ्य संबंधी चर्चा मौन है। देश में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए केंद्र सरकार के जरिये लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और केंद्र सरकार द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र पर खर्च की जाने वाली राशि का बजट में प्रावधान लगातार बढ़ाया जा रहा है, लेकिन स्वास्थ्य के क्षेत्र में जितनी उपलब्धता होनी चाहिए, उतनी व्यवस्था अभी भी नहीं हो पाई है। बीते कुछ सालों में भारत ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रगति की है। आयुष्मान योजना के अंतर्गत पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य इलाज मुफ्त में उपलब्ध है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्राइवेट सेक्टर को भी सरकार से जोड़ने का काम हुआ है।

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में आम चुनाव की प्रक्रिया चल रही है, लेकिन चुनाव की सरगर्मी, लोकलुभावन घोषणाओं और वादों के बीच स्वास्थ्य संबंधी विकरालता की चर्चा मौन है। देश की स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति क्या है इससे हम सब बखूबी वाकिफ हैं। देश को आजाद हुए लगभग 77 साल हो गए, लेकिन आज भी मेडिकल के क्षेत्र में पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। यही वजह है कि देश की आबादी का बड़ा हिस्सा आज भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित है। देश में अस्पतालों और डॉक्टरों की उपलब्धता जनसंख्या के घनत्व के हिसाब से बहुत कम है और सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं, आधारभूत संरचना, चिकित्सकों, कमरों, दवाइयों, कुशल व प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ और दूसरे सुविधाओं की कमी है। इन्हीं अभावों के चलते अपने देश में निजी स्वास्थ्य क्षेत्र को विस्तार करने का मौका मिल गया जिसका गरीब लोगों से कोई वास्ता नहीं।

चुनावी मौसम में राजनीतिक पार्टियां मतदाताओं को हर तरीके से रिझाने में लगी हुई हैं। देश की राजनीति धर्म, जाति, ग़रीबी और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों के इर्द-गिर्द घूम रही है, लेकिन स्वास्थ्य सेवाओं का कहीं जिक्र नहीं हो रहा है। हर साल करोड़ों भारतीय इलाज संबंधित आपात स्थितियों के कारण वित्तीय रूप से बर्बादी के कगार पर पहुंच जाते हैं, लेकिन चुनाव में स्वास्थ्य संबंधी प्रमुख मुद्दा गौण रहता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक अस्पतालों के भारी भरकम बिल भरने की वजह से भारत में हर साल करीब छह करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे चले जाते हैं। ऐसे लोग इलाज के लिए भारी कर्ज लेते हैं। इसका प्रमुख कारण भारत के लोगों की सस्ती, उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच नहीं होना है। कहते हैं कि असली भारत गांव में बसता है, मगर गांव के लोगों की सेहत का ख्याल रखने वाले चिकित्सा केंद्र 21 सदी के भारत में भी बदतर ही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में चलने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल एक्सपर्ट की काफी कमी देखी जाती है। ऐसे शहर और गांव के बीच एक ऐसी खाई बन गई, जिसका परिणाम भविष्य में काफी भयावह हो सकते हैं। भले देश में तरक्की की कितनी भी दावे किए जाएं पर गांव में करीब 60 से 70 फ़ीसदी चिकित्सा विशेषज्ञों की कमी होना अपने आप में कई सवाल पैदा करता है। ऐसे में स्वस्थ भारत खुशहाल भारत कैसे बनेगा। ये एक बड़ा सवाल है। भले सरकार हर साल स्वास्थ्य सेवाओं पर करोड़ों रुपए का बजट पेश करती है, मगर आज भी देश की स्वास्थ्य सेवाएं सवालों के घेरे में हैं। देश में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। गौर करने वाली बात यह है कि स्वास्थ्य बीमा के क्षेत्र में उदारीकरण के बावजूद, देश की कुल आबादी के पांचवें हिस्से से भी कम जनसंख्या स्वास्थ्य बीमा के दायरे में है। ऐसे में विश्व बैंक की उस रिपोर्ट पर विचार करने की जरूरत है, जिसमें कहा गया है कि 90 फीसदी बीमारियों की पहचान की जा सकती है और इसे ठीक भी किया जा सकता है। अफसोस है कि किसी ने इस सुझाव पर गंभीरता से विचार नहीं किया। शिक्षा और स्वास्थ्य दो ऐसे क्षेत्र हैं,



जिससे मानव संसाधन को बेहतर बनाया जा सकता है। अमर्त्य सेन का कहना है कि उदारीकरण के लिए चाहे जितने भी सेक्टर खोल दें, शिक्षा और स्वास्थ्य दो ऐसे क्षेत्र हैं, जिसे हर हाल में सरकारी क्षेत्र में ही होने चाहिए, लेकिन ऐसी सलाह पर कौन ध्यान देता है। कनाडा, डेनमार्क, स्वीडन, नॉर्वे, जर्मनी, यूके, जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में दुनिया की सबसे अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रहीं हैं, पर भारत जैसी बड़ी आबादी वाले देश में बिना ज्यादा पैसे खर्च किए आपको अच्छी स्वाथ्य सेवाएं नहीं मिल पाती हैं। जाहिर है, आबादी लगातार बढ़ने के बावजूद आधारभूत ढांचे में सुधार पर अब तक जितना ध्यान देना चाहिए उतना नहीं दिया गया। ये विडंबना तब है जब देश में इन समस्याओं से निपटने के लिए सभी जरूरी कार्यक्रम और नीतियां मौजूद हैं, लेकिन इन्हें सही तरह से लागू नहीं किया जा रहा है। हालांकि राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन की घोषणा और क्रियान्वयन से आस जगी थी कि अस्वस्थ भारत की तस्वीर बदल जाएगी परंतु ऐसा नहीं हुआ।

भारत की करीब तीन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था है, पर जानकर यह आश्चर्य होता है कि भारत अपनी कुल जीडीपी का करीब दो फीसदी हिस्सा भी स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च नहीं करता है,जो 141 करोड़ आबादी वाले देश के लिए ऊंट के मुंह में जीरे के सामान है। साफ है, दूसरे विकसशील देशों की बराबरी के लिए हमें काफी कुछ करना होगा। स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च का वैश्विक स्तर 6 फीसदी माना गया है, लेकिन नई स्वास्थ्य नीति 2017 के अनुसार भारत 2025 तक स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च जीडीपी का 2.5 फीसदी करने का लक्ष्य रखा है। 6 फीसदी का आंकड़ा भारत कब हासिल करेगा इसके लिए कोई प्रस्तावित वर्ष नहीं बताया गया है। जाने-माने अर्थशास्त्री प्रोफेसर अमर्त्य सेन भी लगातार जोर देते रहे हैं कि भारत में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए किसी एकीकृत एक्शन प्लान की सख्त जरूरत है। उनका मानना है कि आर्थिक प्रगति के साथ-साथ सामाजिक प्रगति भी उतनी ही जरूरी है। यदि हम चीन और भारत के आर्थिक विकास की तुलना करें, तो चीन के आर्थिक विकास का बहुत बड़ा कारण उसका स्वास्थ्य एवं शिक्षा में निवेश करना रहा है। भारत को भी अपने नागरिकों को विश्व की स्पर्धा में आगे लाने के लिए उन्हें ये उपहार देना होगा। हमारा देश दिल, किडनी और श्वास रोगों का घर बनता जा रहा है। डायबिटीज के लिए तो उसे विश्व की राजधानी ही कहा जाने लगा है। नेशनल हेल्थ सर्वे में ये बात सामने आई है कि 15 से 49 वर्ष आयु के पुरुषों में दिल की बीमारी मौत का प्रमुख कारण बन रही है। खैर, 2014 में प्रधानमंत्री मोदी ने जब कार्यकाल संभाला तब उनको स्वास्थ्य क्षेत्र में भारत के निरंतर खराब प्रदर्शन से दो-चार होना पड़ा। उनको ये पहले ही पता था कि भारत की तरक्की तभी सुनिश्चित की जा सकती है जब स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर किया जाए। इसके साथ ही उनको ये भी पता था कि यह कार्य एक-दो साल में संभव नहीं है। इसके लिए एक बड़ी नींव रखने की जरूरत है, क्योंकि चीन को भी अपनी स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने में एक दशक से ज्यादा का समय लग गया था। यह ठीक है कि देश में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए केंद्र सरकार के जरिये लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और केंद्र सरकार द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र पर खर्च की जाने वाली राशि का बजट में प्रावधान लगातार बढ़ाया जा रहा है, लेकिन स्वास्थ्य के क्षेत्र में जितनी उपलब्धता होनी चाहिए, उतनी व्यवस्था अभी भी नहीं हो पाई है। बीते कुछ सालों में भारत ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रगति की है।

आयुष्मान योजना के अंतर्गत पांच लाख रुपए तक का स्वास्थ्य इलाज मुफ्त में उपलब्ध है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्राइवेट सेक्टर को भी सरकार से जोड़ने का काम हुआ है। सरकार को एक ऐसी व्यवस्था बनानी होगी, जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं तक सबकी आसान पहुंच हो और कम खर्च में इलाज हो सके।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

विश्व मजदूर दिवस
योगेश कुमार गोयल



# आज भी हाशिए पर श्रमिक


उद्योग, व्यापार, भवन निर्माण, पुल, सड़कों का निर्माण, कृषि इत्यादि समस्त क्रियाकलापों में श्रमिकों के श्रम का महत्वपूर्ण योगदान होता है और वर्तमान मशीनी युग में भी उनकी महत्ता कम नहीं है। सही मायनों में विश्व की उन्नति का दारोमदार इसी वर्ग के कंधों पर होता है। समाज के इसी वर्ग के लिए प्रतिवर्ष 1 मई को 'अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस' अथवा मजदूर दिवस मनाया जाता है, जिसे 'मई दिवस' भी कहा जाता है। भारत में श्रमिक दिवस मनाए जाने की शुरूआत किसान मजदूर पार्टी के कामरेड नेता सिंगारावेलू चेट्यार के सुझाव पर 1 मई 1923 को हुई थी। उनका कथन था कि चूंकि दुनियाभर के मजदूर इस दिन को मनाते हैं, इसलिए भारत में भी इसे मनाया जाना चाहिए। इस प्रकार भारत में 1 मई 1923 से मई दिवस को राष्ट्रीय अवकाश के रूप मान्यता दी गई। अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाए जाने की शुरूआत अमेरिका में 8 घंटे से ज्यादा काम न कराने के लिए की गई कुछ मजदूर यूनियनों की हड़ताल के बाद 1 मई 1886 से हुई थी। दरअसल वह ऐसा समय था, जब कार्यस्थल पर मजदूरों को चोट लगना या काम करते समय उनकी मृत्यु हो जाना आम बात थी। ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने, कार्य करने के घंटे कम करने तथा सप्ताह में एक दिन के अवकाश के लिए मजदूर संगठनों द्वारा पुरजोर आवाज उठाई गई। 1 मई 1886 का ही वह दिन था, जब वह हड़ताल हुई थी और शिकागो शहर के हेय मार्केट चौराहे पर उनकी रोज सभाएं होती थी। 4 मई 1886 को जब शिकागो के हेय मार्केट में उस हड़ताल के दौरान पुलिस भीड़ को तितर-बितर करने का प्रयास कर रही थी, उसी दौरान अज्ञात शख्स ने एकाएक भीड़ पर बम फेंक दिया। उसके बाद पुलिसिया गोलीबारी के कारण कई श्रमिक मारे गए।



हालांकि उस समय अमेरिकी प्रशासन पर उन घटनाओं का कोई असर नहीं पड़ा, लेकिन बाद में श्रमिकों के लिए 8 घंटे कार्य करने का समय निश्चित कर दिया गया। मजदूरों पर गोलीबारी और मौत के दर्दनाक घटनाक्रम को स्मरण करते हुए ही 1 मई 1886 से अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया जाने लगा। 1889 में पेरिस में अंतरराष्ट्रीय महासभा की द्वितीय बैठक में फ्रांसीसी क्रांति को याद करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया कि इसे अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के रूप में मनाया जाए। उसी समय से विश्वभर के 80 देशों में मई दिवस को राष्ट्रीय अवकाश के रूप में मान्यता प्रदान की गई। कर्म को ही पूजा समझने वाला यह वर्ग श्रम कल्याण सुविधाओं के लिए आज भी तरस रहा है। मई दिवस के अवसर पर देशभर में भले ही मजदूरों के हितों की बड़ी-बड़ी योजनाएं बनती हैं, ढेरों लुभावने वादे किए जाते हैं, जिन्हें सुनकर एकबारगी तो लगता है कि उनके लिए अब कोई समस्या नहीं बचेगी, किन्तु अगले ही दिन मजदूरों को पुनः उसी माहौल से रूबरू होना पड़ता है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर किसके लिए मनाया जाता है श्रमिक दिवस? बहुत से मजदूरों की तो इस दिन भी काम करने के पीछे यही मजबूरी होती है कि यदि वे एक दिन भी काम नहीं करेंगे तो उनके घरों में चूल्हा कैसे जलेगा? देश की स्वाधीनता के साढ़े सात दशक से भी ज्यादा बीत जाने के बाद भी अनेक श्रम कानूनों को अस्तित्व में लाने के बावजूद हम ऐसी कोई पुख्ता व्यवस्था नहीं कर पाए हैं, जो मजदूरों को उनके श्रम का उचित मूल्य दिला सके। भले ही इस संबंध में कई कानून बने हैं, किन्तु श्रमिक वर्ग की समस्याएं इसके बावजूद कम नहीं हैं। हालांकि सच यह भी है कि अधिकांश श्रमिक या तो अपने अधिकारों के प्रति अनभिज्ञ होते हैं या वे अपने अधिकारों के लिए इस कारण आवाज नहीं उठा पाते कि कहीं नाराज होकर उनका मालिक उन्हें काम से न निकाल दे और उनके परिवार के समक्ष भूखे मरने की नौबत आ जाए। जहां तक मजदूरों द्वारा अपने अधिकारों की मांग का सवाल है तो मजदूरों के संगठित क्षेत्र द्वारा ऐसी मांगों पर उन्हें अक्सर कारखानों के मालिकों की मनमानी और तालाबंदी का शिकार होना पड़ता है और प्रायः जिम्मेदार अधिकारी भी कारखानों के मालिकों के मनमाने रवैये पर लगाम लगाने की चेष्टा नहीं करते। श्रमिक दिवस और श्रम के महत्व को रेखांकित करते हुए मार्टिन लूथर किंग जूनियर के शब्दों में कहें तो इंसानियत को ऊपर उठाने वाले सभी श्रमिकों की अपनी प्रतिष्ठा और महत्व है, अतः श्रम साध्य उत्कृष्टता से किया जाना चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मानव पर ईश्वर का उपकार



संकलित
दर्शन

किसी संकट एवं कष्ट के समय हर क्षण हमारी जिह्वा पर प्रभु का नाम होता है। मन, कर्म एवं वचन से भी हमें उनके अनुनय-विनय की मुद्रा में ही रहते हैं। फिर एक दिन जब हम प्रभु की अनुकंपा से उन बुरे दिनों की चपेट से उबर जाते हैं तो उन्हें भूल जाते हैं। इस प्रकार जन्म से लेकर आज तक हमारे ऊपर ईश्वर के ऐसे उपकारों का सिलसिला अनंत है। प्रभु के उपकार रूपी ऋण से उऋण होना हम मनुष्यों के लिए जीवनपर्यत असंभव है। धन्य हैं वे करुणानिधान, जिन्होंने विशेष कृपा कर हमें बनाया। हाथ, कान, नाक, पांव, बुद्धि एवं घ्राण क्षमता-सब कुछ कार्योपयोगी। यदि वह एकाध अंग-उपांग से अथवा अनेक जीवनोपयोगी शारीरिक क्षमताओं से वंचित कर विपरीत परिस्थितियों में जन्म दे देते तब भी हमें जीवन जीना ही पड़ता। तो क्या फिर हम अपनी शक्ति एवं सामथ्र्य पर इतना इतरा पाते? बिल्कुल नहीं। तब पल-पल संघर्ष एवं परिश्रम कर सब कुछ डोलना ही होता। प्रभु ने कुछ तो समझ-बूझकर हम मनुष्यों को जीवन की ये तमाम अनुकूलताएं दी होंगी। भगवान ने इतनी सुविधाएं दीं तो बदले में हमने क्या विलक्षण किया? वास्तव में ईश्वर ने हमें ये सारी अनुकूलताएं एवं सुविधाएं कुछ विशेष कार्य करने के लिए दी हैं, न कि केवल व्यर्थ में कुछ विशेष होने-समझने के लिए। समस्या यह है कि औरों के कल्याण एवं हित के लिए प्रभु-दरबार से अनुकंपा पर मिली वस्तुओं को हमने भूलवश नितांत अपना ही समझ लिया।

# प्रत्येक वस्तु पर हमारा ही अधिकार हो



संकलित
प्रेरणा

एक राजा ने यह घोषणा करवा दिया कि कल सुबह जब मेरे महल का मुख्य दरवाज़ा खोला जायेगा तब जिस व्यक्ति ने भी महल में जिस वस्तु या जीव को हाथ लगा दिया वह वस्तु या जीव उसकी हो जाएगी। कुछ लोग कहने लगे मैं तो सोने को हाथ लगाऊंगा, कुछ लोग चांदी को तो कुछ लोग कीमती जेवरात को, कुछ लोग घोड़ों को तो कुछ लोग हाथी को, कुछ लोग दुधारू गाय को हाथ लगाने की बात कर रहे थे। जब सुबह महल का मुख्य दरवाजा खुला और सब लोग अपनी अपनी मनपसंद वस्तु या जीवों के लिये दौड़ने लगे। सबको इस बात की जल्दी थी कि पहले मैं अपनी मनपसंद वस्तु या जीव को हाथ लगा दूँ ताकि वह वस्तु या जीव हमेशा के लिए मेरी हो जाऐ। राजा अपनी जगह पर बैठा सबको देख रहा था और अपने आस-पास हो रही भाग दौड़ को देखकर मुस्कुरा रहा था। उसी समय उस भीड़ में से एक व्यक्ति राजा की तरफ बढ़ने लगा और धीरे-धीरे चलता हुआ राजा के पास पहुँच कर उसने राजा को छू लिया। राजा को हाथ लगाते ही राजा उसका हो गया और राजा की हर वस्तु भी उसकी हो गयी। जिस तरह राजा ने उन लोगों को मौका दिया और उन लोगों ने गलतियां की। ठीक इसी प्रकार सारी दुनियाँ के कर्ता प्रभु भी हम सबको प्रत्येक दिन अवसर देते हैं, लेकिन हम लोग भी प्रत्येक दिन वही गलतियाँ करते रहिते हैं। हम प्रभु को पाने की बजाए उस परमपिता की बनाई हुई दुनियाँ की चीजों की कामना करते हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### हानिकारक हैं शिक्षा क्षेत्र के भर्ती घोटाले

हमारे देश में भ्रष्टाचार की जड़ें बहुत गहरी हो चुकी हैं। भ्रष्टाचार इस कद्र फैला है जो कानून के जरिए अब समाप्त होना भी मुश्किल ही लगता है। भ्रष्टाचार भावी पीढ़ी के कैरियर को भी ग्रहण लगा रहा है और मेहनतकश युवाओं के कैरियर के सपनों को भी चकनाचूर कर रहा है। हाल ही में कोलकाता में शिक्षा के क्षेत्र में घोटाले की खबर सुर्खियों में है। हालांकि इस भर्ती की नियुक्तियों को हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया। हाईकोर्ट ने बहुत ही अच्छा किया कि इसने शिक्षकों और शिक्षा से जुड़े कर्मचारियों की नियुक्तियों को रद्द कर दिया, लेकिन कोर्ट को इस पर भी विचार करना चाहिए कि आटे के साथ घुन तो नहीं पिस गया, अर्थात जो लोग मेहनत से भर्ती हुए होंगे, उन्हें इंसाफ कैसे मिलेगा? शिक्षा के क्षेत्र में भर्ती घोटाले देश के लिए हानिकारक हैं।

*– मानक बैनर्जी, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# पश्चिमी मीडिया भारत की प्रगति नहीं देख पा रही

अमेरिका के सैनफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रख्यात भारतीय-अमेरिकी शिक्षविद डॉ. अनुराग मैराल ने गत 10 साल को भारत की उल्लेखनीय प्रगति वाला करार दिया। उन्होंने कहा कि पश्चिम मीडिया भारत की प्रगति को समझ नहीं पा रही है और उससे दूर बैठकर अलग कहानी लिख रही है जिसकी कोई विश्वसनीयता नहीं है। स्टैंडफोर्ड विश्वविद्यालय के स्टैंडफोर्ड बेयर्स सेंटर फॉर डिजाइन में वैश्विक संपर्क कार्यक्रम के निदेशक और औषधि विभाग के प्रोफेसर डॉ.मैराल ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा, 'अगर आप वास्तविक स्थिति जानना चाहते हैं तो जमीन पर जाकर काम करें।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि भारत जैसे जटिल देश के लिए दूर से रिपोर्टिंग करना ऐसी कहानियां लिखने का एक नुस्खा है जो आपको विश्वसनीयता प्रदान नहीं करती हैं।' मैराल भारतीय चुनावों, लोकतंत्र की स्थिति और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर पश्चिमी मीडिया में विशेष रूप से अमेरिका में हाल में प्रकाशित नकारात्मक लेखों की श्रृंखला को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि अधिकांश प्रमुख वैश्विक मीडिया की जो रिपोर्ट सामने आ रही हैं, वे उन्हें कुछ मायनों में कम विश्वसनीय और हास्यास्पद बनाती हैं।



## ऑफ बीट

# हमेशा बने रहने वाले रसायन के बढ़े खतरे

एक ऐतिहासिक कानूनी समझौते ने एक बार फिर हमारा ध्यान 'हमेशा बने रहने वाले रसायनों' के खतरों पर केंद्रित कर दिया है। रसायनों का यह वर्ग, जिसे तकनीकी रूप से पर-एंड पॉलीफ्लोरोएल्किल पदार्थ या पीएफएएस के रूप में जाना जाता है, का व्यापक रूप से नॉनस्टिक या जलरोधक उत्पाद बनाने के लिए उपयोग किया जाता है। समस्या यह है कि यह रसायन पर्यावरण में आसानी से घूमते हैं, भूजल और नदियों को प्रदूषित करते हैं, अक्सर कैंसरकारी होते हैं – और वे नष्ट नहीं होते हैं। इस महीने, इन रसायनों के सबसे बड़े निर्माताओं में से एक, 3एम ने पीएफएएस-दूषित जलमार्गों को साफ करने के लिए 16 अरब ऑस्ट्रेलियाई डॉलर देने की पेशकश की थी, जिसे अमेरिकी अदालत ने मंजूरी दे दी थी। यह पूरे अमेरिका भर में पीएफएएस मुकदमों की श्रृंखला में नवीनतम है। हालाँकि बढ़ा हुआ ध्यान स्वागतयोग्य है, लेकिन सफलता की कोई गारंटी नहीं है। अकेले अमेरिकी राज्य, मिनेसोटा में अपशिष्ट जल धाराओं से पीएफएएस को हटाने और नष्ट करने पर 20 वर्षों में कम से कम 21 अरब डॉलर की लागत आएगी। विश्व स्तर पर, रासायनिक सुरक्षा गैर-लाभकारी संस्था केमसेक की एक हालिया रिपोर्ट में पाया गया कि अकेले पीएफएएस उपचार की लागत लगभग 26 खरब डॉलर प्रति वर्ष है।



## ट्रेंड

### स्वास्थ्य निवेश है लागत नहीं



स्वास्थ्य एक निवेश है, लागत नहीं। यही कारण है कि स्वास्थ्य और वित्त मंत्रियों को अधिक निकटता से मिलकर काम करना चाहिए, और देश के विकास और समृद्धि के लिए स्वास्थ्य को नींव के रूप में उपयोग करना चाहिए।

-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

### ट्रंप ने सीखा



डोनाल्ड ट्रंप ने सीखा कि अमीर बनने का सबसे अच्छा तरीका विरासत में प्राप्त करना है। जब मैं अर्थव्यवस्था को देखता हूं, तो मैं इसे मार-ए-लागो की नजर से नहीं देखता। मैं इसे स्क्रैंटन की आंखों से देखता हूं।

-जो बाइडेन, अमेरिकी राष्ट्रपति

### जीवन मन के लिए नहीं



आपके भीतर का जीवन आपके शरीर, मन या भावना की सेवा के लिए नहीं है। शरीर, मन और भावनाएं जीवन की सेवा के लिए हैं। हर चीज़ को वैसे ही देखना जैसे वह है, आपको जीवन में सहजता से चलने की शक्ति और क्षमता प्रदान करता है।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### आपका दिमाग एक चुंबक



आपका दिमाग एक चुंबक है। अपने आशीर्वाद पर ध्यान केंद्रित करें और वे आएंगे, अपनी समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करें और वे दस्तक देंगे। हमेशा अच्छे विचार और सकारात्मकता विकसित करें।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### नेत्र परीक्षण शिविर में 66 मरीजों ने लिया लाभ



**मंडीदीप।** समाजसेवी जगदीश सोनी द्वारा निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 66 नेत्र रोगियों ने पंजीयन कराया। जिला अंधत्व निवारण समिति एवं जीव संस्थान सेवा सदन बैरागढ़ के सहयोग से आयोजित शिविर मुख्य बाजार राधाकृष्ण चौक स्थित सोनी निवास पर सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया गया। जगदीश सोनी ने बताया कि शिविर में नेत्र रोगियों की डायबिटीज एवं ब्लड प्रेशर की जांच भी की गई, जिसमें 22 मोतियाबिंद रोगियों को ऑपरेशन के लिए भोपाल रेफर किया गया।

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आज से

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा हर साल की तरह एक मई से 30 मई तक ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिले में 22 स्थानों पर फुटबाल, ताईक्वांडो, योग, कबड्डी, कराते, व्हालीबाल, हैंडबाल, एथलेटिक्स, बॉक्सिंग सहित अन्य खेलों का प्रशिक्षण बच्चों को दिया जाएगा। खेलो इंडिया सेंटर कोच प्रहलाद राठौड ने बताया कि इन खेल शिविर में प्रशिक्षित कोच और वरिष्ठ खिलाड़ियों द्वारा खेलों का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

### परशुराम जयंती को लेकर बैठक आयोजित

**मंडीदीप।** नगर के इंडस कॉलोनी में परशुराम जयंती को लेकर सामाजिक बांधों की बैठक आयोजित की गई। जयपाल शर्मा ने बताया कि 10 मई को भगवान परशुराम का जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसको लेकर बैठक आयोजित की गई, जिसमें जयंती पर चल समारोह, भजन कीर्तन का कार्यक्रम तथा भंडारे की रूपरेखा तैयार की।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जनसंपर्क



**औबेदुल्लागंज।** भाजपा के मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे के नेतृत्व में माया राय, प्रियंका गुप्ता, राम किशोर नंदवंशी, सर्वोदय नंद, गुड्डू यादव, पार्षद हेमलता चौरसिया, पुरुषोत्तम शर्मा, मनोज चौरसिया आदि ने ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए किया संपर्क।

### शिक्षक गायत्री गुप्ता को दी भावभीनी विदाई



**औबेदुल्लागंज।** भाजपा के वरिष्ठ नेता तरुण गुप्ता की माता गायत्री गुप्ता पत्नी श्री राम बाबू गुप्ता ग्राम विशनखेड़ा शासकीय विद्यालय औबेदुल्लागंज में शिक्षक विभाग में 40 वर्ष की सेवा देकर आज सेवानिर्वत हो गईं। इस अवसर पर पूरे परिवारजन एवं गांव वाले एवं समाज के लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दी और धूम धाम से विदाई दी गई।

### ग्रामीणों से कांग्रेस ने गारंटी कार्ड भरवाए



**औबेदुल्लागंज।** किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष आगा खान आदिवासी क्षेत्र ग्राम बंदर चूहा, हरी झील, पांजेर, पीपल चोक आदि ग्रामों में कांग्रेस का गारंटी कार्ड भरवाए, जिसमें महिलाओं को सरकार बनने पर मिलने वाली राशि 8500 पर ज्यादा फोकस किया गया एवं आने वाली 7 तारीख को वोट डालने की अपील की।

---

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित राजहंस मैरिज गार्डन में बदमाश ने की वारदात आरोपी की तलाश शुरू

# शादी समारोह में स्टेज पर फोटो सेशन के दौरान गिफ्ट,लिफाफे व जेवरों से भरा बैग उड़ाया, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित राजहंस होटल एवं मैरिज गार्डन में चल रहे शादी समारोह में फोटो सेशन के दौरान बदमाश ने लेडिस पर्स चुरा लिया। पर्स में मेहमानों द्वारा दिए गए गिफ्ट-लिफाफे समेत सोने चांदी के जेवरात थे। घटना गत 26 अप्रैल की है। पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया है। होटल में लगे सीसीटीवी कैमरे देखने पर पुलिस को एक 17-18 साल का चोर वारदात को अंजाम देते हुए नजर आया है। पुलिस फुटेज में मिले हुलिए के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार 63 साल के राजेश दिवाकर ए 47 बीमाकुंज कोलार में रहते हैं। गत 26 अप्रैल को उनके बेटे की शादी मिसरोद बायपास स्थित होटल राजहंस में चल रही थी। रात करीब साढ़े 11 बजे के आसपास फोटो सेशन चल रहा था। इस दौरान राजेश दिवाकर की पत्नी के पास रखा लेडिज पर्स किसी ने चुरा लिया। राजेश दिवाकर की पत्नी ने बताया कि वह पर्स पूरे समय हाथ में रखी हुई थी, बस फोटो एक्सपोज करते समय उन्होंने कुर्सी पर पर्स रखा था, तभी किसी ने पर्स चुरा लिया।

**फोटो एक्सपोज करते समय पत्नी ने कुर्सी पर पर्स रखा था**



### सोफे पर बैठा दिखा बदमाश

पर्स की तलाश की गई, लेकिन कुछ पता नहीं चला तो 100 डायल कर पुलिस बुलाई गई। पुलिस ने होटल मैनेजर को बुलाया और सीसीटीवी कैमरे चेक कराए तो एक युवक सामने सौफे पर बैठा नजर आया। वह स्टेज पर पहुंचकर पर्स चोरी करते हुए भी नजर आ रहा है।

### तीन लाख के जेवरात लेकर छत्तीसगढ़ भागा व्यापारी

भोपाल। अवधपुरी थाना पुलिस ने एक रिटायर्ड डीएसपी की शिकायत पर एक ज्वेलर्स के लिए खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज किया है। डीएसपी की पत्नी ने करीब नौ साल पहले मोहल्ले में ज्वेलर्स की दुकान चलाने वाले व्यापारी को तीन लाख रुपए कीमत के जेवरात सुधारने के लिए दिए थे। कुछ दिनों बाद ज्वेलर्स अपनी दुकान बंद कर छत्तीसगढ़ भाग गया था। पहले तो वह सोना अथवा रुपए वापस करने का आश्वासन देता रहा, लेकिन जब नहीं दिया तो मामले की शिकायत पुलिस से की गई। पुलिस के मुताबिक नरेंद्र कुमार नाहर रिटायर्ड डीएसपी हैं और सुरभी एवेन्यू अवधपुरी में रहते हैं। सौम्या विहार अवधपुरी में रहने वाला जयंत सोनी समन्वय नगर में ज्वेलर्स की दुकान चलाता था। मोहल्ले में दुकान चलाने के कारण दोनों एक-दूसरे को जानते थे। मार्च 2015 में नरेंद्र कुमार की पत्नी वंदना नाहर ने अपनी सोने की अंगूठी और सोने का मंगलसूत्र उसे सुधारने के लिए दिया था। उस वक्त जयंत ने बीस दिनों के भीतर दोनों सामान वापस करने के बात कही थी। करीब पंद्रह दिन बाद वंदना ने अपनी चाची के जेवरात उसे सुधारने के लिए दिए तो जयंत ने बताया कि सारे जेवरात वह एक साथ ही सुधारकर वापस कर देगा। समय पूरा होने के बाद नाहर दंपति ने जेवरात लौटाने का बोला तो वह टालता रहा। कुछ दिनों बाद पता चला कि जयंत सोनी दुकान बंद कर और मकान बेचकर कोरिया छत्तीसगढ़ चला गया है।

#### पुलिस में शिकायत करने की बात पर कुछ पैसे लौटाए

नाहर ने उससे संपर्क कर पुलिस में शिकायत करने की बात कही तो उसने तीन बार पांच-पांच हजार रुपए और एक बार पंद्रह हजार रुपए उन्हें ऑनलाइन भेज दिए। उसके बाद उसने रुपए भेजना बंद कर दिया। काफी प्रयास करने के बाद भी जब जेवरात और रुपए नहीं मिले तो नाहर ने वरिष्ठ पुलिस अफसरों से शिकायत की, जिसके बाद अवधपुरी पुलिस ने आरोपी जयंत सोनी के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी 38 ग्राम से ज्यादा सोना हड़पकर गायब हुआ था, जिसकी कीमत तीन लाख रुपए बताई गई है।

---

होशंगाबाद रोड स्थित निशान ऑटो शोरूम के पास हुआ हादसा

# सड़क पार कर मेडिकल स्टोर जा रहे बुजुर्ग को ट्रक ने कुचला, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

होशंगाबाद रोड पर मंगलवार सुबह सड़क क्रास कर रहे एक बुजुर्ग को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया, जिससे बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। हादके बाद ट्रक चालक फरार हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

पुलिस के मुताबिक 58 वर्षीय शोभाराम अहिरवार राम मंदिर के पास जाटखेड़ी मिसरोद में रहते थे और प्राइवेट काम करते थे। मंगलवार सुबह करीब सात बजे दवाई लेने जाने का कहकर घर से निकले थे। करीब साढ़े सात बजे शोभाराम होशंगाबाद रोड स्थित निशान ऑटो शोरूम के पास सड़क पार कर मेडिकल की तरफ जा रहे थे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही सड़क पर गिरे शोभाराम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर मंडीदीप की तरफ भाग निकला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम कराया और लाश परिजन को सौंप दी। ट्रक और चालक की तलाश की जा रही है।

***हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर मंडीदीप की तरफ भाग निकला***

**पुलिस मर्ग कायम कर ट्रक और चालक की तलाश में जुटी**



### जहर खाकर किसान ने की खुदकुशी

गुनगा में रहने वाले एक किसान ने पिछले दिनों जहरीला पदार्थ खा लिया था। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक 42 वर्षीय राधश्याम अहिरवार ग्रौम हिनौती सड़क थाना गुनगा में रहता था और खेती किसानी के साथ ही मजदूरी करता था। पिछले कुछ समय से वह मानसिक रूप से बीमार भी रहने लगा था। 18 अप्रैल को राधेश्याम ने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया था। उसे इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। मामले की जांच की जा रही है।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

*हबीबगंज के पीसी नगर में रहने वाले एक युवक ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। पुलिस के मुताबिक 26 वर्षीय दीपक गिनारे पीसी नगर में रहता था और मजदूरी करता था। रात को खाना खाकर वह सोने के लिए अपने कमरे में गया था, जबकि बगल वाले कमरे में भाई और मां सो रही थी। सुबह भाई की नींद खुली तो दीपक फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। परिजन के बयान होने के बाद ही फांसी लगाने के कारणों का खुलासा हो पाएगा।*

---

पुलिस कर्मियों की यूपीएससी में चयनित पुत्रियों को डीजीपी ने किया सम्मानित

# पुलिस सेवा में आप हर कार्य को गंभीरता और प्रकरण की करें डिटेल में जांचः डीजीपी सक्सेना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गंभीरता, व्यवसायिक दक्षता, कठोर परिश्रम, ईमानदारी, संतुलित आचरण तथा सद् व्यवहार से ही आप आदर्श अधिकारी साबित होंगे। पुलिस सेवा में आने के बाद आप हर कार्य को गंभीरता से करें और प्रकरण में डिटेल में जांच करें। कई चीजें होंगी, जो आपको प्रलोभित करेंगी, लेकिन मन में भटकाव की स्थिति न लाएं। यह सीख सिविल सर्विसेस 2023 यूपीएससी में सफलता प्राप्त करने वाले मप्र पुलिस परिवार के बच्चों को दी।

बतादें कि सतना जिले में पदस्थ एसआई विजय सिंह की पुत्री काजल सिंह और रायसेन (सांची) में एएसआई के पद पर पदस्थ राजू यादव की पुत्री दिव्या यादव का यूपीएससी में चयन हुआ है। उनकी इस उपलब्धि पर मंगलवार को डीजीपी सुधीर सक्सेना ने दोनों को सम्मानित किया। इस मौके पर काजल सिंह के पिता एसआई विजय सिंह व माता मीरा सिंह और दिव्या यादव के पिता एएसआई राजू यादव व माता कल्याणी यादव उपस्थित थी। डीजीपी सक्सेना ने कहा कि पुलिस परिवार के लिए गौरवान्वित करने वाला क्षण है। पुलिस परिवार की बेटियों ने सीमित सुविधाओं के बावजूद अपने कठिन परिश्रम और लगन से सिविल सर्विसेस में चयनित होकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। हमारे अन्य पुलिस कर्मियों और उनके बच्चों को इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।



### बचपन से देखा पिता का संघर्ष

सतना जिले में एसआई विजय सिंह की बेटी काजल का कहना है कि बचपन से पिता के संघर्षों को देखा है। पिता के कठिन परिश्रम को देखते हुए मैंने भी इसे आत्मसात किया। इसमें मां की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने हमेशा मुझे इस बात के लिए प्रेरित किया कि मुझे आत्मनिर्भर बनना है। मेरा सपना है कि मैं सिविल सेवा में आने के बाद महिला सशक्तिकरण के लिए प्रयास करूं।

### मेरे लिए माता-पिता ने सब कुछ किया

दिव्या ने बताया कि पिता की पहली नियुक्ति आरक्षक के पद पर हुई थी। बचपन से ही मैं और मेरे भाई ने उनके संघर्षों को देखा है। अधिकतर पिता की ड्यूटी ग्रामीण क्षेत्र के थानों और चौकियों में होती थी। हम भाई-बहनों के उज्ज्वल भविष्य के लिए माता-पिता ने हमें नर्मदापुरम में ही रहकर पढ़ाने का फैसला किया। मां कल्याणी यादव के साथ रहकर हम दोनों ने पढ़ाई की।

### सीसीटीएनएस के क्रियान्वयन में मप्र की रैंकिंग टॉप पांच राज्यों में

**भोपाल।** भारत सरकार की महत्वकांक्षी परियोजना आईसीजीएस के सुचारू संचालन एवं पर्यवेक्षण के लिए मंगलवार को पुलिस विभाग की सीसीटीएनएस स्टेट एंपावर्ड कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीजीपी सुधीर सक्सेना ने आईसीजीएस, सीसीटीएनएस, एनएएफआईएस ई-विवेचना एप, ई-रक्षक एप, ऑनलाइन समन-वारंट माड्यूल की विस्तृत प्रगति की समीक्षा की साथ ही निम्न प्रदर्शन करने वाले जिलों को सुधार के लिए निर्देशित किया। एडीजी एससीआरबी शेखर ने बताया कि संपूर्ण भारत में निरंतर सीसीटीएनएस के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश की रैंकिंग टॉप 5 राज्यों में है। वहीं आईसीजीएस के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश टॉप तीन राज्य में बरकरार रखा है।

---

# मतदाता को जागरूक करने निकाली साइकिल रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

नगर पालिका परिषद द्वारा लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान को लेकर मंगलवार को शासकीय खेल मैदान से नगर पालिका द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने साइकिल रैली निकाली।

रैली को सीएमओ सुधीर उपाध्याय व राजस्व निरीक्षक बहादुर पाल, स्वच्छता निरीक्षक आशीष कानूनगो ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर रैली में स्कूली बच्चे खेल प्रशिक्षक व कर्मचारी मतदाताओं को जागरूक करने संबंधित स्लोगन लिखे बैनर तख्ती लेकर चल रहे थे। नपा के मयूर ने बताया कि स्वीप के तहत मंडीदीप में नपा मतदाताओं को उनके मताधिकार का महत्व बताते हुए लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए प्रेरित किया गया, जिसमें खेलो इंडिया सेंटर कोच प्रहलाद राठौड़ भी उपस्थित रहे।

### सैनिक गृहणियों के लिए स्तन कैंसर और सर्वाइकल शिविर का आयोजन

**संतनगर।** बहादुर जवानों की ग्रहणियों में स्तन का कैंसर एवं सर्वाइकल कैंसर के जागरुकता एवं जांच अभियान शुरू करने के लिए सैन्य अस्पताल भोपाल एवं अरविंदो इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज इंदौर के संयुक्त सहयोग से भोपाल छावनी में एक बड़े शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मुख्य सेना नायक, सैन्य अस्पताल भोपाल, ब्रिगेडियर के राहुल राय के मार्ग दर्शन में आयोजित किया गया। निशुल्क मैमोग्राफी जांच वातनाकूलित वाहन एवं सर्वाइकल कैंसर जांच वाहन की सुविधाओं की उपलब्धि इस शिविर का मुख्य आकर्षण रहा। इस शिविर में मुंह एवं हड्डियों की जांच की सुविधा भी उपलब कराई गई। इस शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि, नंदिता सिंह, जोनल प्रेसिडेंट आवा भोपाल के कर कमलों द्वारा किया गया।

---

भाजपा के सम्मेलन में लोगों को संबोधित करते हुए पटवा बोले

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने गरीबों के जीवन को बदलने का काम किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

गौहरगंज में मंगलवार को भाजपा का सम्मेलन आयोजित किया गया। भाजपा एवं युवा मोर्चा के तत्वावधान में आयोजित हुए कार्यक्रम में भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा ने कार्यकर्ताओं की हौसला अफजाई की।

पटवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार ने गरीबों के जीवन को बदलने का काम किया है। पटवा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धर्म के साथ खड़े होकर भारत को विश्व गुरु के पद पर आसीन करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाड़ली बहना, भांजी-भांजों और माताओं-बहनों, किसानों, मजदूरों, ठेले वालों को संपन्न बनाने का कार्य किया है। विधायक पटवा ने बैठक में सभी बूथ अध्यक्षयों, मोर्चा के मंडल के अध्यक्ष, मोर्चा पदाधिकारी पन्ना प्रमुख, बूथ अध्यक्ष, महामंत्री, शक्ति केंद्र, प्रभारी केंद्र, संयोजक तथा सरपंच, जनपद सदस्य, पार्षद, नापा अध्यक्षों से लोकसभा चुनाव में 7 मई को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने का संकल्प दिलाया। पटवा ने कहा कि भोजपुर क्षेत्र के मेरे भाई बहनों ने विधानसभा जीती, अब लोकसभा चुनाव में भोजपुर क्षेत्र में 85 से 90% मतदान करने के लिए हम घर-घर जाकर प्रचार करें। भोजपुर क्षेत्र के वफादार भाई बहाने हर पोलिंग बूथ पर सक्रिय हो जाएं।

पटवा ने कहा हमारा लक्ष्य है भोजपुर से लोकसभा में एक लाख पार करें। इस अवसर पर रमेश गौर, कन्हैया नंदवंशी, नरेंद्र शर्मा, डॉ. भूपेंद्र नागर, डॉ. कैलाश विनय, देवेंद्र सिंह राजू, माधव यादव, आनंद पांडेय, अशोक यादव, रामकिशोर नंदवंशी, कार्यालय मंत्री सर्वोदयनंद राजेंद्र, गुड्डू साहू, बागिस अग्रवाल, शांतनु पांडेय, जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, रामकिशोर चौहान, सोनू चौकसे, माया राय, आरती यादव, रवींद्र विजयवर्गीय, जीतू नंदवंशी, गुड्डू यादव, आमिर ममनून, शंकर पाल, कांता पटेल, सर्वेश गौर, पवन जोत सिंह आदि उपस्थित रहे।





---

विस क्षेत्र के 27 मतदान केंद्रों पर चलाया जा रहा अभियान

# मतदान के लिए पीले चावल देकर बांटे आमंत्रण-पत्र

***स्नेह निमंत्रण के साथ मतदाता तुम्हें बुलाने को 7 मई को भूल न जाना, वोट डालने आने को, यह मजमून लिखा।***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

7 मई को होने वाले मतदान के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय नवाचार कर रहा है, जिसके तहत गोविंदपुरा एसडीएम रवीश श्रीवास्तव ने क्षेत्र के 27 कम मतदान वाले केंद्रों के आसपास रहने वाले लोगों के लिए पीले चावल बांटकर अमंत्रण बंटवाना शुरू कर दिए हैं।

नरेला विधानसभा क्षेत्र में घर-घर पीले चावल बांटकर मतदान के लिए न्यौता भेजा जा रहा है, जिसमें स्नेह निमंत्रण के साथ मतदाता तुम्हे बुलाने को 7 मई को भूल न जाना, वोट डालने आने को। यह मजमून लिखा गया है। यह अभियान इस विधानसभा क्षेत्र के 27 मतदान केंद्रों पर चलाया जा रहा है, जहां विधानसभा चुनाव में पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले कम मतदान हुआ था। एसडीएम गोविंदपुरा ने बताया कि पीले चावल और अमंत्रण बांटने का अभियान मंगलवार से शुरू किया गया है। इसके लिए बनाए गए बूथ अवरनेस ग्रुप के सदस्य घर-घर जा रहे हैं। चावल और अमंत्रण पत्र देने के साथ ही उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करने संवाद भी किया जा रहा है। इन सदस्यों के साथ तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित चुनावी प्रक्रिया से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी भी मतदाताओं के घर पहुंच रहे हैं। श्रीवास्तव ने बताया कि मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए रंगोली, मेहंदी जैसी विभिन्न तरह की गतिविधियां की जा रही है।






---

नगर परिषद कार्यालय में बैठक आयोजित

# विभिन्न माध्यमों से लोगों को मतदान के लिए करें प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

लोकसभा चुनाव के लिए अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व गौहरगंज (एसडीएम) एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सोनाली शर्मा के द्वारा नगर परिषद कार्यालय बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप, स्वीप प्लान से संबंधित मंगलवार को नगर परिषद कार्यालय में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में समस्त नगरी क्षेत्र के आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, शिक्षक तथा बीएलओ मनीष शर्मा, एसडीएम हेमंत शर्मा, तहसीलदार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, सीएमओ द्वारा बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप ने समस्त मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किए जाने विभिन्न तरीके से जैसे पीले चावल, बैनर पोस्टर के माध्यम, ऑडियो के माध्यम, आमंत्रण पत्र, मतदाता पर्ची सहित अन्य तरीकों से अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाए, ताकि समस्त मतदाताओं का उत्साह वर्धन हो और नगर के समस्त मतदाता अधिक से अधिक संख्या में 7 मई को मतदान करें। इस बैठक में मुख्य रूप से कर्मचारी-अधिकारी कैलाश मालवीय, राजकुमार शर्मा, प्रमोद तिवारी, सुभाष सराठे, संजय बाजपेई, इसराइल मिर्जा, विवेक बिहार, दीपेश बैरागी, प्रमोद कुमार पांडेय, विनोद यादव, कन्हैया धुर्वे, सुशील चतुर्वेदी, सुरेश मालवीय, सुनील श्रीवास्तव एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।







महाराष्ट्र के उस्मानाबाद में पीएम मोदी ने कांग्रेस को घेरा

# आजकल मोहब्बत की दुकान में फेक वीडियो बिकने लगे आज कांग्रेस की पहचान... केवल विश्वासघात करना




*कांग्रेस सरकार में किसानों को लाठियां खानी पड़ती थीं, आज 2.5 लाख करोड़ की सब्सिडी मिल रही*



एजेंसी ▶▶ उस्मानाबाद

पीएम मोदी ने महाराष्ट्र में चुनावी रैली को संबोधित किया। उस्मानाबाद की जनसभा में पीएम मोदी ने कहा कि यह चुनाव भारत के स्वाभिमान का है। आपने 10 साल पहले का समय देखा है, आज भी देख रहे हैं। आज दुनिया उस भारत को जानती है जो दुनिया के विकास को गति दे रहा है। जब कांग्रेस की सरकार थी, तब किसानों की खाद भी लूट जाती थी। किसानों को यूरिया के लिए लाठियां खानी पड़ती थीं। हमने खाद पर किसानों को 2.5 लाख करोड़ की सब्सिडी दी है।

पीएम ने ये भी कहा कि जिनके घोटाले मैंने रोके हैं, वो मोदी से गुस्सा होंगे या नहीं? वे मोदी को गालियां देंगे या नहीं? इनकी हालत यह है कि झूठ नहीं चलता है तो एआई के द्वारा हमारे चेहरे का उपयोग करके उनकी 'मोहब्बत की दुकान' में फेक वीडियो बिकने लगे हैं। ये फेक वीडियो बना रहे हैं। मोदी की आवाज को और मोदी के भाषण का उपयोग करके नई-नई चीजें गढ़ कांग्रेस इतनी कंगालियत पर पहुंच गई है कि उसको पराजय का भय सता रहा है।

10 साल पहले का भी समय देखा है

### मैं आपका जीवन बदलना चाहता हूं, 'वे' मोदी को बदलना चाह रहे

पीएम मोदी ने कहा कि जिसका चंद्रयान वहां पहुंचता है, जहां कोई नहीं पहुंचा। जो भारत एक साथ 100 सैटेलाइट भेजता है। वह भारत, जो गगनयान को अंतरिक्ष में भेजने की तैयारी कर रहा है। वो भारत, जिसने मेड इन इंडिया कोरोना वैक्सीन बनाई। वो भारत, जो बड़े से बड़े युद्ध से भी अपने नागरिकों को सुरक्षित निकाल कर लाता है। पीएम ने कहा कि आपका जीवन बदलने के लिए दिन-रात काम करता है। इंडी गठबंधन वाले मोदी को बदलने के लिए पूरी ताकत लगा रहे हैं।

### हर खेत में, हर घर तक पानी पहुंचाना मेरे जीवन का बड़ा मिशन

महाराष्ट्र के माढा में पीएम ने लोगों से वोटिंग की अपील की। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस की लटकाई 100 परियोजनाओं में से 63 हमने पूरी की हैं। हर खेत में, हर घर तक पानी पहुंचाना मेरे जीवन का बहुत बड़ा मिशन है। विकसित भारत बनाने में देश की नारी शक्ति की बहुत बड़ी भूमिका है। वे गांव की अपनी बहनों को सशक्त करने में जुटा है। बीते 10 वर्षों में हमारे प्रयासों से 1 करोड़ बहनें लखपति दीदी बनी हैं। उन्होंने कहा कि अब मोदी ने गारंटी दी है कि मैं 3 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाऊंगा।

### देश के 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला

महाराष्ट्र में विशाल जनसभा में मोदी ने कहा, बीते 10 साल में आपने जब से मुझे काम दिया है, मैंने अपने शरीर का कण-कण और समय का पल-पल आपकी सेवा में लगाया है। आज देश के लोग, महाराष्ट्र के लोग, मोदी सरकार के 10 साल और कांग्रेस सरकार के 60 साल में अंतर देख रहे हैं। कांग्रेस 60 वर्षों में जो नहीं कर पाई, आपके इस सेवक ने 10 साल में करके दिखाया है।60 साल में आपने कई बार कांग्रेस के कई पीएम और नेताओं के मुंह से एक ही बात सुनी होगी कि गरीबी हटाएंगे, लेकिन गरीबी हटाई नहीं और आपके आशीर्वाद से हमने 10 साल में देश के 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। आज भाजपा सरकार रेल, रोड, एयरपोर्ट पर अभूतपूर्व खर्च कर रही है। बीजेपी-एनडीए सरकार, महाराष्ट्र को विकास की नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए काम कर रही है।

### केंद्रीय मंत्री गोयल ने मुंबई उत्तर सीट से भरा नामांकन

**मुंबई।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को मुंबई उत्तर लोकसभा सीट से नामांकन पत्र दाखिल किया। गोयल ने



महाराष्ट्र केसीएम एकनाथ शिंदे के साथ बांद्रा में निर्वाचन अधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे गोयल अभी राज्यसभा में सदन के नेता हैं। यहां पत्रकारों से बातचीत में गोयल ने दावा किया कि कांग्रेस बिना किसी नेतृत्व या नीति के एक 'नाकाम' पार्टी है।

### गुरुग्राम से राज बब्बर, कांगड़ा से आनंद शर्मा को मिली टिकट

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने एक और लिस्ट की घोषणा कर दी है। हरियाणा की गुरुग्राम सीट से राज बब्बर और हिमाचल



के कांगड़ा से आनंद शर्मा को टिकट दिया है। यह पहला लोकसभा चुनाव है जिसमें शर्मा चुनाव लड़ेंगे। महाराष्ट्र की मुंबई नॉर्थ सीट से भूषण पाटिल को उतारा है। हिमाचल के ऊना से पूर्व विधायक सतपाल रायजादा को हमीरपुर लोकसभा सीट से मैदान में उतारा है।

### पीएम के 'भटकती आत्मा' बयान पर भड़के शरद पवार

**मुंबई।** एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार के खिलाफ की गई पीएम की टिप्पणी से महाविकास अघाड़ी के नेता खफा हैं।



पीएम मेरी अंगुली पकड़कर राजनीति में आए

उन्होंने पीएम की जमकर आलोचना की। एक दिन पहले पुणे में एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने पवार को भटकती आत्मा बताया था। हालांकि, पीएम ने पवार का नाम नहीं लिया था। पीएम की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए पवार ने कहा कि पीएम मोदी आजकल मुझ पर काफी गुस्सा हैं। एक वक्त था, जब उन्होंने कहा था कि वे मेरी अंगुली पकड़कर राजनीति में आए हैं।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा

### जाति, पंथ और मजहब के आधार पर नहीं हो राजनीति



**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि इंसाफ और इंसानियत राजनीति का आधार होना चाहिए, लेकिन कांग्रेस ने राजनीतिक फायदे के लिए देश को जाति और धर्म में बांट दिया।उनका कहना था कि हमारे पास धर्म के आधार पर आरक्षण देने का कोई संवैधानिक अधिकार नहीं है, लेकिन लोगों को गुमराह कर उनका समर्थन हासिल करना कांग्रेस की पुरानी आदत रही है और आज भी वे ऐसी फॉर्मूले पर काम कर रहे हैं। यही वजह है कि समय के साथ उनका वजूद खत्म हो रहा है। महात्मा गांधी ने कहा था कि आजादी के बाद कांग्रेस को खत्म कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि उन्होने काफी सोच-समझकर ऐसा कहा था।

### गुवाहाटी में बोले गृहमंत्री शाह: धर्म के आधार पर आरक्षण गैरसंवैधानिक

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि भाजपा शुरू से ही एसटी, एससी और ओबीसी आरक्षण की समर्थक है। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी हमेशा इसके संरक्षक के रूप में भूमिका निभाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा धर्म के आधार पर आरक्षण का कभी भी समर्थन नहीं करती। उन्होंने यह बात मंगलवार को गुवाहाटी स्थित प्रदेश भाजपा मुख्यालय (अटल बिहारी वाजपेयी भवन) में संवाददाता सम्मेलन के दौरान कही। इस मौके पर असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भवेश कलिता आदि मौजूद रहे। भाजपा स्पष्ट रूप से मानती है कि धर्म के आधार पर आरक्षण गैर संवैधानिक है और जब भी इन राज्यों में हमारे पास अधिकार आएगा हम ये धर्म के आधार पर लादे गए आरक्षण को समाप्त कर एससी, एसटी और ओबीसी को न्याय दिलाने का काम करेंगे।



#### कांग्रेस झूठ और भ्रम फैला रही

शाह ने कांग्रेस पर झूठ और भ्रम फैलाने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि एससी, एसटी, ओबीसी आरक्षण में किसी एक राजनीतिक दल ने अगर डाका डाला है तो वो कांग्रेस पार्टी ने डाला है। सबसे पहले संयुक्त आंध्र प्रदेश में मुसलमानों को आरक्षण दिया। उसके कारण ओबीसी का आरक्षण कटा। उसके बाद में कर्नाटक में रातों-रात कोई सर्वे किए बगैर और पिछड़ापन तय किए बगैर सारे मुसलमानों को ओबीसी कैटेगरी में डालकर उनके लिए 4 प्रतिशत का कोटा रिजर्व कर दिया। इससे भी पिछड़ा वर्ग का रिजर्वेशन कटा है।

### शिवमोगा में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा का विपक्ष पर बड़ा हमला

कर्नाटक के शिवमोगा में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए 400 पार कर रही है। भाजपा और एनडीए को मिल रहे समर्थन से विपक्ष परेशान है। वे गहरे अवसाद में हैं। इसी वजह से वे समाज को विभाजित करने वाली राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में क्या किया? बाबा साहेब आंबेडकर ने कहा था कि संविधान धार्मिक आधार पर आरक्षण प्रदान नहीं कर सकता। विपक्ष अलगाववादी रवैए और विभाजनकारी ताकतों के साथ, तुष्टिकरण की राजनीति कर रहा है। वे अब निराश हैं। वे डीपफेक वीडियो ला रहे हैं। इंडी गठबंधन के नेताओं और उनकी पार्टियों को कोई शर्म नहीं आती।



#### विपक्ष अलगाववादी रवैए और विभाजनकारी ताकतों के साथ

*आंध्र विधानसभा के लिए एनडीए घोषणापत्र जारी*

आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए ने मंगलवार को संयुक्त घोषणापत्र जारी किया। पत्र में एनडीए ने पात्र महिलाओं को 1500 रुपए मासिक पेंशन देने का वादा किया। गठबंधन ने बेरोजगार युवाओं को 3000 रुपए मासिक वित्तीय सहायता देने का भी वादा किया। टीडीपी ने इससे पहले सुपर सिक्सकी घोषणा की थी, जिसमें महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा, प्रति वर्ष हर घर तीन मुफ्त सिलेंडर और प्रति वर्ष स्कूल जाने वाले प्रत्येक बच्चे को 15,000 रुपए देना शामिल है। आंध्र प्रदेश में तेलुगु देशम पार्टी, जन सेना और भाजपा गठबंधन में हैं।

**इंडी अलायंस का पीएम उम्मीदवार कौन :** नड्डा ने तेलंगाना के कोठागुडेम और महबूबाबाद में चुनावी रैली में इंडी अलायंस पर कटाक्ष किया है। नड्डा ने कहा, एनडीए चुनाव जीती तो नरेंद्र मोदी पीएम बनेंगे, पर कोई नहीं जानता कि इंडी गठबंधन का प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार कौन है?

---

## खबर संक्षेप

### दिल्ली में बिश्नोई-गोदारा गैंग के 2 गुर्गे गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गुरुग्राम पुलिस के साथ मिलकर लॉरेंस बिश्नोई और रोहित गोदारा गिरोह के दो शूटर विशाल-रवि को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में दोनों के पैरों में गोली लगी है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रवि और विशाल की हाल ही में रोहतक में स्क्रैप डीलर सचिन की हत्या में तलाश हो रही थी।

### शराब पीते-पीते मामा ने भांजे को मार डाला

**झालावाड़।** राजस्थान के झालावाड़ जिले के एक कस्बे में पैसों के लेन-देन को लेकर शराब के नशे में हुए झगड़े के दौरान 19 वर्षीय एक युवक की उसके मामा ने हथौड़ा मार कर हत्या कर दी। घटना भवानी मंडी थाना क्षेत्र में सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात को हुई। आरोपी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है और पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिवार को सौंप दिया है।

तीसरे चरण के मतदान से पहले पीएम ने एनडीए प्रत्याशियों को लिखा पत्र

## पीएम मोदी ने शाह समेत एनडीए के प्रत्याशियों से कहा-कांग्रेस के इरादों का करें खुलासा

कांग्रेस और उसके सहयोगियों के विभाजनकारी और भेदभावपूर्ण इरादे को बताएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पपीएम नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए उम्मीदवारों से कहा है कि वे एससी, एसटी और ओबीसी समुदायों से आरक्षण छीनने और इसे अपने वोट बैंक को देने के कांग्रेस के इरादे के बारे में मतदाताओं के बीच जागरूकता फैलाएं। तीसरे चरण के उम्मीदवारों को लिखे एक व्यक्तिगत पत्र में पीएम ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर विभाजनकारी और भेदभावपूर्ण इरादे रखने का आरोप लगाया।

पीएम ने गृह मंत्री अमित शाह को भी पत्र लिखा है। पीएम ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, वे लोगों की मेहनत की कमाई छीनकर अपने वोट बैंक को देने पर तुले हैं। कांग्रेस ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि वे विरासत टैक्स जैसे खतरनाक विचार लाएंगे। उन्हें रोकने के लिए देश को एकजुट होना होगा। हर उम्मीदवार को भेजे पत्र में पीएम ने इस बात पर जोर दिया कि यह कोई सामान्य चुनाव नहीं है।

#### खास बात

- कांग्रेस के आरक्षण वाले मुद्दे को लोगों को बताएं
- तुष्टिकरण वाली नीतियों को जनता तक फैलाएं



#### शाह के कार्यों को सराहा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लिखे पत्र में पीएम ने उन्हें केंद्र और पहले गुजरात में एक सफल मंत्री होने के अलावा पार्टी के सबसे मूल्यवान कार्यकर्ताओं में से एक बताया। पीएम ने कहा कि शाह मैंने भारत के उत्थान और समाज सेवा के प्रति आपकी अटूट प्रतिबद्धता देखी है। भाजपा अध्यक्ष के रूप में शाह ने इसे दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनाने के उनके सपने को साकार किया। अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और संसद में ब्रिटिश काल के कानूनों की जगह लेने वाले तीन आपराधिक कानूनों को पारित करने में उनकी भूमिका की सराहना की।

#### यह चुनाव सभी के लिए बेहतर जीवन सुनिश्चित करने में निर्णायक

उन्होंने कहा कि भारत भर के परिवार, विशेष रूप से वरिष्ठ सदस्य, पिछले 5-6 दशकों में जिन कठिनाइयों से गुजरे हैं, उन्हें याद होगा। पिछले 10 वर्षों में हर वर्ग के जीवन की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। समाज में सुधार हुआ, कई परेशानियां दूर हो गई हैं, फिर भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है और यह चुनाव सभी के लिए बेहतर जीवन सुनिश्चित करने के हमारे मिशन में निर्णायक होगा।

**विकसित राष्ट्र बनने की यात्रा में गति प्रदान करेगा**

मोदी ने कहा कि भाजपा को मिलने वाला प्रत्येक वोट 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनने की यात्रा में गति प्रदान करेगा। रुझान बताते हैं कि भारत की जनता हमारे इस विजन को समर्थन दे रही है।

**मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित करें**

पीएम ने कहा कि यह जरूरी है कि हमारे कार्यकर्ता लोगों को बड़ी संख्या में बाहर जाने और मतदान करने के लिए प्रेरित करें। बूथ जीतने पर ध्यान केंद्रित करें। प्रत्येक बूथ पर जीत से निर्वाचन क्षेत्र में सफलता मिलती है।

सुप्रीमकोर्टः पतंजलि केस में अब आईएमए मुश्किल में

## 'गंभीर परिणाम' की चेतावनी दी डॉक्टरों को भी आड़े हाथ लिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफ भ्रामक विज्ञापन के मामले में अब सुप्रीम कोर्ट ने इंडियन मेडिकल एसोसिशन को भी आड़े हाथों लिया है। अदालत ने आईएमए को भी नसीहत देते हुए कहा था कि आपको अपने डॉक्टरों के बारे में भी विचार करना चाहिए। अकसर वे महंगी और गैर-जरूरी दवाएं मरीजों को लिख देते हैं।

इसके अलावा बेंच ने कहा था कि यदि आप एक अंगुली किसी की ओर उठाते हैं तो बाकी आपकी ओर भी उठती हैं। आईएमए के अध्यक्ष डॉ. आरवी अशोकन ने कोर्ट की टिप्पणियों पर सवाल उठाए थे। अशोकन ने कहा था कि यह भाषा ठीक नहीं है। मंगलवार को पतंजलि और बाबा रामदेव के वकील मुकुल रोहतगी ने अदालत का ध्यान आकृष्ट किया। उन्होंने कहा, उनका कहना था कि अदालत हमारी ओर अंगुली क्यों उठा रही है? कोर्ट की टिप्पणियां एकतरफा हैं और उसे इस तरह का बर्ताव नहीं करना चाहिए।



#### रिकॉर्ड में रखने को कहा

जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि ऐसा कुछ है तो आप रिकॉर्ड में रखिए। बेंच ने कहा कि यदि ऐसा कुछ भी है तो उसके परिणाम फिर उससे भी गंभीर होंगे, जो अभी चल रहा है। बाबा रामदेव और पतंजलि के खिलाफ भ्रामक विज्ञापन मामले की अर्जी आईएमए ने डाली थी।

#### लाइसेंसिंग प्राधिकरण की खिंचाई की?

सुप्रीम कोर्ट में पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड से जुड़े भ्रामक विज्ञापन मामले में योग गुरु बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के एमडी आचार्य बालकृष्ण सुप्रीम कोर्ट पहुंचे। कोर्ट ने मामले में निष्क्रियता के लिए उत्तराखंड राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण की खिंचाई की।

ऑक्सफोर्ड एस्ट्राजेनेका वैक्सीन के खतरनाक साइड इफेक्ट के बारे में विशेषज्ञों ने किया साफ

## कोविशील्ड लगवाने वाले डरें नहीं, साइड इफेक्ट को हर आदमी अपने से न जोड़े

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ब्रिटेन की जिस ऑक्सफोर्ड एस्ट्राजेनेका वैक्सीन के खतरनाक साइड इफेक्ट खून के थक्के जमने की बात इस वक्त पूरी दुनिया में हो रही है। उससे अपने देश के लोगों में भी डर पैदा हो रहा है। कोरोना से बचाने के लिए देश में एस्ट्राजेनेका वैक्सीन को कोविशील्ड के नाम से लगाया गया था।

अब जब ब्रिटेन के हाई कोर्ट में एस्ट्राजेनेका ने साइड इफेक्ट की बात कबूल की है तो उन देशों में भी दहशत होने लगी है जहां पर इन वैक्सीन का इस्तेमाल हुआ था। भारत में वैक्सीन की मॉनिटरिंग करने वाले वैज्ञानिकों का कहना है कि इस रिपोर्ट से बेवजह घबराने की बिलकुल जरुरत नहीं है। क्योंकि जिस साइड इफेक्ट की बात सामने आ रही है वह अन्य वैक्सीन में भी होता है।देश के मुख्य महामारी विशेषज्ञ रहे और आईसीएमआर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. समीरन पांडा ने कहा कि लोगों को न तो डरने की जरूरत है।




◆ मुख्य महामारी विशेषज डॉ. पांडा ने दी सलाह

- **सवालः एक्स्ट्राजेनेका ने कोर्ट में स्वीकार किया कि उनकी इस वैक्सीन का साइड इफेक्ट है। यह खून के थक्के जमा रही है?**
- **जवाबः** देखिए, सबसे पहली बात तो हमें यह समझनी चाहिए कि वैक्सीन बनाने वाली कंपनी ने कहा क्या है? क्या यह कहा गया है कि वैक्सीन लेने वालों में खून के थक्के जम रहे हैं। आप उसको ऐसे समझिए कि किसी भी तरह की वैक्सीन के अपने साइडइफेक्ट होते हैं। लोगों को बेवजह डरने की जरूरत नहीं है।
- **सवालः अब तो वैक्सीन बनाने वाली कंपनी ने ही इसके बड़े साइड इफेक्ट बताए हैं। ऐसे में डर तो स्वाभाविक है?**
- **जवाबः** यह बात सही है कि वैक्सीन बनाने वाली कंपनी ने इसके साइड इफेक्ट बताए हैं। लेकिन यह एक साइंटिफिक एविडेंस है। साइंटिफिक एविडेंस को हर व्यक्ति खुद से जोड़कर नहीं देख सकता। क्योंकि किसी भी तरीके के ड्रग डेवलपमेंट या वैक्सीन डेवलपमेंट में इस तरीके के साइंटिफिक एविडेंस आते ही हैं।
- **सवालः लोगों में डर है कि अब तो खून के थक्के जमने वाली एक नई बात सामने आई है?**
- **जवाबः** पहली बात तो इस बात को लोगों को स्पष्ट रूप से समझना चाहिए की वैक्सीन का अचानक हार्ट अटैक से कोई लेना-देना नहीं है। शोध में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि वैक्सीन का सडन कार्डियक अरेस्ट से कोई संबंध नहीं है। देश और दुनिया के सभी वैज्ञानिकों को पता है कि किसी न किसी दवा या वैक्सीन के साइडइफेक्ट तो होते ही हैं।
- **सवालः** दरअसल यह वैक्सीन पूरी दुनिया में लगाई गई है। उसके साइड इफेक्ट से हर व्यक्ति खुद को जोड़कर देख रहा है?
- **जवाबः** यह बात बिल्कुल सही है कि दुनिया भर में कोविड से बचाव के लिए वैक्सीन का इस्तेमाल किया गया। इसी बात को लेकर न सिर्फ यह वैक्सीन बनाने वाली कंपनी बल्कि इसका इस्तेमाल करने वाले देश में कंसर्न बना हुआ है। लोगों को सिर्फ डरने की बजाए इस बात की भी जानकारी होनी चाहिए कि क्या यह क्लॉटिंग जानलेवा भी है या नहीं?
- **सवालः वैक्सीन लगवाने वालों में कितने प्रतिशत में क्लॉटिंग हुई है और कितनी मौते हुई हैं?**
- **जवाबः** इस पर दुनिया भर में शोध हो रहा है। लेकिन यह बात बिल्कुल तय है कि न तो क्लॉटिंग का प्रतिशत ज्यादा है और न ही इससे दुनिया भर के अलग अलग देशों में मौतें हुई हैं।
- **सवालः वैक्सीन के बड़े साइड इफेक्ट को लेकर कभी कोई संशय रहा?**
- **जवाबः** पूरी दुनिया के सामने इस बीमारी बचाव को लेकर आने को चुनौतियां थी। उसे दौर में वैक्सीन का डेवलप होना ही सबसे सफल और कारगर तरीका था। जिस वैक्सीन को पूरी दुनिया ने लगाया उसमें बाकायदा सफल क्लिनिकल ट्रायल किए गए थे। इसलिए न कोई शंका रही और न कोई संशय था। इस वैक्सीन पर फिलहाल न कोई पहले शक था न अब है।
- **सवालः अपने देश में जिन लोगों ने कोविशील्ड वैक्सीन लगवाई है उनके लिए कहेंगे?**
- **जवाबः** मैं फिर कहता हूं कि साइंटिफिक एविडेंस हर ड्रग डेवलपमेंट के दौरान करना ही होता है। इसलिए साइड इफेक्ट की बात का स्वीकार करना यह बिल्कुल साबित नहीं करता है कि हर वैक्सीन लगवाने वाले को यह खतरा है। यह बिल्कुल उसी तरीके से है कि आप किसी भी तरीके की दवा का इस्तेमाल करते वक्त उसका सकारात्मक पहलू देखते हैं या नकारात्मक पहलू। वैक्सीन के साइड इफेक्ट से हर आदमी अपने आपको जोड़कर न देखे। इससे घबराने की कोई जरूरत नहीं है। वैक्सीन से ही जीवन बचा है।

विदेशों में भी लोकसभा चुनाव 2024 का खुमार

# यूएस, यूके और जर्मनी में पीएम मोदी के समर्थन में हो रहे कार्यक्रम
# त्रिनिदाद-टोबैगो में 15 हजार लोगों ने किया हनुमान चालीसा का जाप

## अबकी बार 400 पार का नारा भी लगाया

### खास बातें

1. ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी कर रही विदेशों में आयोजन
2. मोदी की प्रचंड जीत की कामना कर रहे प्रवासी भारतीय
3. अमेरिका के मंदिर में मोदी के लिए सुदर्शन मंत्र का जाप
4. मोदी के समर्थन में ब्रिटेन में टॉवर ब्रिज पर मार्च



एजेंसी ▶▶ पोर्ट ऑफ स्पेन

भारत में हो रहे लोकसभा चुनाव 2024 का खुमार विदेशी सरजमीं तक भी देखा जा रहा है। अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी जैसे देशों में पीएम मोदी के समर्थन में कार्यक्रम हो रहे हैं। देश की संस्कृति की एक अन्य झलक उस समय दिखी जब प्रवासी भारतीयों ने त्रिनिदाद और टोबैगो में हनुमान चालीसा जाप का आयोजन भी किया। कैरेबियाई देश में इस आयोजन में हजारों की संख्या में प्रवासी भारतीय शामिल हुए।

### उच्चायुक्त भी रहे उपस्थित

प्रवासी भारतीयों ने त्रिनिदाद और टोबैगो में हनुमान चालीसा जाप कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम को कैरेबियाई देश में स्थित भारतीय उच्चायोग और राजस्थानी एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका (राना) न्यूयॉर्क की ओर से आयोजित किया गया। भारतीय संस्कृति के लिए राष्ट्रीय परिषद परिसर में आयोजित किया गया। त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय उच्चायुक प्रदीप राजपुरोहित ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की अध्यक्षता की और करीब 15 हजार भक्तों की भागीदारी देखी गई।

### अमेरिका में किया हवन-पूजा

अमेरिका में पीएम मोदी और भाजपा की प्रचंड जीत की कामना करते हुए भारतीय-अमेरिकी समुदाय ने पूरे अमेरिका में हवन किया। लोकसभा चुनाव 2024 में पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा की सफलता की प्रार्थना करते हुए ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी, यूएसए के स्वयंसेवकों ने हवन का आयोजन किया। संगठन के अध्यक्ष अदापा प्रसाद और महासचिव वासुदेव पटेल ने नेतृत्व किया। न्यू जर्सी के शिव विष्णु मंदिर, साईं दत्त पीठम में आयोजित समारोह के दौरान प्रतिभागियों ने सुदर्शन मंत्र का जाप किया।

### 11 हजार रक्षा सूत्र वितरित

इस दौरान अयोध्या के राम मंदिर से करीब 11 हजार रक्षा सूत्र भक्तों को वितरित करने के लिए लाए गए थे। जिन्हें उच्चायुक्त राजपुरोहित ने वितरित किया। उच्चायुक्त ने ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ राम मंदिर अमेरिका के संस्थापक प्रेम भंडारी के प्रयासों की प्रशंसा की। भंडारी ने प्रवासी सदस्यों को एक साथ लाने के लिए संगठित होने में मदद की।

### जर्मनी में कार रैली



जर्मनी में भाजपा के प्रवासी मित्रों ने मोदी के चुनाव अभियान को समर्थन दिया। बर्लिन में ब्रैडेनबर्ग टोर व म्यूनिख में प्रसिद्ध फुटबॉल एरेना में प्रवासी भारतीय एकजुट हुए और कार रैली आयोजित की। प्रवासी मित्र भाजपा जर्मनी के सह-संयोजक सुनील सिंह ने बताया कि रैली में प्रसिद्ध नारा अबकी बार 400 पार का नारा भी लगाया गया।

### ब्रिटेन में 'रन फॉर मोदी' कार्यक्रम



ब्रिटेन में भाजपा के प्रवासी मित्रों ने लंदन में 'रन फॉर मोदी' कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में प्रवासी भारतीयों ने भारी बारिश के बावजूद भाजपा और पीएम नरेंद्र मोदी के प्रति एकजुटता-समर्थन जताया। ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी यूके के महासचिव सुरेश मंगलगिरी ने बताया कि 2019 में भी उन्होंने इस तरह कार्यक्रम किया था। लंदन में रन फॉर मोदी फ्लैश मॉब कार्यक्रम वेस्टमिंस्टर पियर से शुरू हुआ और टॉवर ब्रिज पर खत्म हुआ।

### खबर संक्षेप

#### कोलंबिया में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, 9 की मौत



**बोगोटा।** सैनिकों के लिए सामान ले जा रहा सेना का एक हेलीकॉप्टर सोमवार को उत्तरी कोलंबिया के एक ग्रामीण इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे उसमें सवार नौ जवानों की मौत हो गयी। कोलंबियाई सेना ने एक बयान में कहा कि यह हेलीकॉप्टर सांता रोसा डेल सुर की नगरपालिका में सैनिकों के लिए सामान लेकर जा रहा था।

#### अनंतनाग-राजोरी सीट पर 25 मई को होगा मतदान



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने अनंतनाग-राजोरी लोकसभा सीट (जम्मू-कश्मीर) में मतदान की तारीख में संशोधन किया है। पहले यहां 7 मई को चुनाव होना था, लेकिन अब यहां छठे चरण में 25 मई को मतदान होगा। अनंतनाग-राजोरी संसदीय सीट का चुनाव टालने के लिए खराब मौसम के कारण मुगल रोड के बंद होने को आधार बनाया।

नवनियुक्त भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने कहा

# मेरा प्रयास नौसेना को मजबूत, आत्मनिर्भर और तकनीकी रूप से 'ज्यादा उन्नत' बनाना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय नौसेना को समुद्री क्षेत्र में उभरती चुनौतियों के मद्देनजर संभावित शत्रुओं से निपटने के लिए हर समय तैयार है।*

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने कहा है कि मेरा प्रयास भारतीय नौसेना को आत्मनिर्भर, मजबूत और तकनीकी रूप से ज्यादा उन्नत बनाने का रहेगा। मैं नई स्वदेशी तकनीकों को पेश करने और विकसित भारत के लिए 'आत्मनिर्भरता' की दिशा में भारतीय नौसेना के चल रहे प्रयासों को और भी मजबूत करूंगा। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना का छब्बीसवां नौसेना अध्यक्ष बनने पर मुझे अत्यंत गर्व और सम्मान की अनुभूति हो रही है। मुझसे पहले पच्चीस नौसेना अध्यक्षों ने अपनी कर्मठता और समर्पण से हमारी नौसेना को युद्ध तत्पर, विश्वसनीय, सुगठित और भविष्य की ताकत बनाई है। उन्होंने कहा कि हमारी नौसेना भविष्य के लिहाज से तत्पर बल के रूप में विकसित हुई है।



सेवानिवृत्त एडमिरल आर हरि कुमार (बाएं) से चार्ज लेने के बाद एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी (दाएं)

- *नौसेना हरदम 'राष्ट्र प्रथम' के मंत्र का पालन करते हुए खड़ी*
- *विकसित भारत के लिए चल रहे प्रयासों को मजबूत करेंगे*

#### नौसेना को राष्ट्रीय विकास का महत्वपूर्ण स्तंभ बनाएंगे

#### नई प्रौद्योगिकियों को करेंगे पेश

नौसेना प्रमुख ने यह कहा कि आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए नौसेना के जारी प्रयासों को बढ़ाने पर वह प्राथमिकता देंगे। उन्होंने कहा कि मैं आत्मनिर्भरता की दिशा में, नई प्रौद्योगिकियों को पेश करने में और 'विकसित भारत' के लिए हमारे सामूहिक प्रयासों की दिशा में राष्ट्रीय विकास का महत्वपूर्ण स्तंभ बनने में भारतीय नौसेना के चल रहे प्रयासों को भी मजबूत करूंगा।

#### नौसेना समुद्री हित और रक्षा पर खरा उतरेगी

एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि मेरा प्रयास भारतीय नौसेना को आत्मनिर्भर, मजबूत और तकनीकी रूप से उन्नत सेवा बनाने का रहेगा। मेरी पूरी कोशिश रहेगी कि भारतीय नौसेना कभी भी, कहीं भी, कैसे भी हमारे देश के समुद्री हित और समुद्री रक्षा दोनों पर हरदम खरी उतरे। उन्होंने आश्वस्त किया कि आपकी नौसेना हरदम 'राष्ट्र प्रथम' के मंत्र का पालन करते हुए आपके साथ खड़ी है।

#### नौसेना हर समय तैयार रहे


त्रिपाठी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में हमारी नौसेना युद्ध के लिए तैयार, एकजुट और विश्वसनीय के रूप में विकसित हुई है। उन्होंने कहा कि समुद्री क्षेत्र में मौजूदा और उभरती चुनौतियों के मद्देनजर भारतीय नौसेना को संभावित शत्रुओं से निपटने के लिए हर समय तैयार रहना होगा।

#### मानव संसाधन का कौशल विकास करेंगे

एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि मेरी प्राथमिकता हमारे मानव संसाधन का कौशल विकास करने की होगी जो हमारी नौसेना के पुरुष और महिला कर्मी हैं। मेरी प्राथमिकता उन्हें सर्वश्रेष्ठ शस्त्र, प्रशिक्षण, पेशेवर माहौल और प्रशासनिक समर्थन देने की होगी। मैं मानव संसाधन से संबंधित मुद्दों पर भी ध्यान दूंगा।

लंदन में युवक ने तलवार से किया हमला

# 13 साल के लड़के की मौत 2 पुलिसकर्मी समेत 4 घायल



एजेंसी ▶▶ लंदन

ब्रिटेन की राजधानी लंदन के हैनॉल्ट इलाके के पास 36 साल के युवक ने लोगों पर तलवार से हमला कर दिया। हमले में 13 साल के एक लड़के की मौत हो गई है। 4 लोग घायल हुए हैं, इनमें 2 पुलिस अधिकारी शामिल है।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। लिस ने बताया कि लोकल समय के मुताबिक सुबह 7:00 बजे पुलिस को थर्लो गॉर्डन इलाके में एक गाड़ी के घर में घुसने की सूचना मिली थी। शख्स ने कई लोगों पर हमला किया है।

#### सड़कों और स्टेशन को बंद किया

हैनॉल्टके डिप्टी असिस्टेंट कमिश्नर एड एडेल्कन ने कहा है कि घटना के कारण इलाके के कई लोग हैरान है। लोग हमले के बारे में जानना चाहते हैं। हम जल्द से जल्द लोगों को हमले की जानकारी देने की कोशिश करेंगे। हालांकि हमें नहीं लगता है कि हमला आतंकवाद से जुड़ा हुआ है। हमले के बाद पुलिस ने आसपास की सड़कों और हैनॉल्ट के ट्यूब स्टेशन को बंद कर दिया है। लंदन के मेयर सादिक खान ने कहा है कि उन्हें हमले की जानकारी से बेहद दुख हुआ।

#### आरोपी घरों में घुसने की कोशिश कर रहा था

हैनॉल्ट में हुई घटना के एक गवाह ने बताया कि मैंने सुबह करीब 7 बजे लोगों के चिल्लाने की आवाज सुनी। आवाज पुलिस के चिल्लाने की लग रही थी। मैंने पीछे की खिड़की से बाहर देखा कि पीले कपड़े पहने एक आदमी तलवार के साथ कुछ घरों में घुस रहा है।

डीआरजी और एसटीएफ़ की संयुक्त कार्रवाई

# मुठभेड़ में 3 महिलाओं समेत 9 नक्सली ढेर, कई हथियार जब्त

एजेंसी ▶▶ नारायणपुर

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर और कांकेर जिलों के सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में तीन महिलाओं समेत नौ नक्सलियों को मार गिराया है।

राज्य के गृह विभाग का कामकाज संभाल रहे उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि सोमवार रात को नारायणपुर और कांकेर जिलों के सीमावर्ती अबूझमाड़ क्षेत्र में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और विशेष कार्य बल (एसटीएफ़) के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना किया गया था।



#### सभी जवान सुरक्षित

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि अभियान के दौरान सोमवार सुबह लगभग छह बजे जब सुरक्षाबल के जवान टेकमेटा और काकूर गांवों के मध्य जंगल में थे तब नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी जिसपर सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की। सभी जवान सुरक्षित रहे।

#### आत्मसमर्पण करें

तलाशी अभियान के दौरान नक्सली डेरे से एक एके 47 राइफल समेत कई हथियार, गोला बारूद और दैनिक उपयोग का सामान जब्त किया गया है। उपमुख्यमंत्री ने नक्सलियों से कहा है कि वे समर्पण कर मुख्यधारा में लौटें, सरकार उनसे बातचीत के लिए तैयार है।

असम राइफल्स को मिली कामयाबी

# भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और अन्य युद्ध सामग्री बरामद, एक गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

असम राइफल्स ने सोमवार (29 अप्रैल) को नागालैंड के मोन जिले में पुख्ता खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए भारत-म्यांमार सीमा के समीप भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और अन्य युद्ध सामग्री जब्त की।

#### शत्रुओं के नापाक मंसूबे ध्वस्त

*रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्र के समीप भारी क्षमता वाले इन सैन्य ग्रेड हथियारों की बरामदगी असम राइफल्स द्वारा चलाए जा रहे सीमा सीलिंग ऑपरेशन के लिए बड़ी सफलता है। यह बरामदगी क्षेत्र में शांति भंग करने की कोशिशों में जुटे शत्रु तत्वों के नापाक मंसूबों के लिए भी बड़ा आघात है। बता दें कि पकड़ा गया व्यक्ति और बरामद सामान नागालैंड पुलिस के हवाले कर दिया गया है। सैन्य ग्रेड के हथियारों और लगभग 200 हैंड हेल्ड रेडियो सेटों की बरामदगी से गलत लक्ष्यों और क्षति का संकेत मिलता है।*

#### पोर्ट ब्लेयर हवाई अड्डे को रात में विमान उतारने, उड़ान भरने की सुविधा मिली



*पोर्ट ब्लेयर में वीर सावरकर अंतरराष्ट्रीय (वीएसआई) हवाई अड्डे के उत्क्रोश एयरफील्ड को रात में विमान को उतारने और उड़ान भरने की सुविधा मिल गयी है। एयरफील्ड लाइटनिंग सिस्टम (एएफएलएस) का कार्य पूरा होने के बाद हवाई अड्डा इस सुविधा के साथ तैयार है। हवाई अड्डा निदेशक देवेंद्र यादव ने कहा कि वीएसआई हवाई अड्डा अब आधुनिक प्रौद्योगिकियों से लैस है जिनसे रात, खराब मौसम एवं निम्न दृश्यता की स्थिति में विमानों का सुचारू परिचालन हो पाएगा।*

पन्नू मामले पर अमेरिका की खबर पर विदेश मंत्रालय का पलटवार

# इस गंभीर मामले में अवांछित और निराधार आरोप लगाए गए

- भारत-अमेरिका महत्त्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार
- भारत ने उच्च स्तरीय समिति गठित की
- यह मामला देश के राष्ट्रीय हित से जुड़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली





अमेरिका अखबार की एक खबर में सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की कथित हत्या की साजिश में एक भारतीय अधिकारी का नाम लिए जाने के एक दिन बाद मंगलवार को भारत ने कहा कि खबर में एक गंभीर मामले में 'अवांछित और निराधार' आरोप लगाए गए हैं। अखबार ने अज्ञात सूत्रों के हवाले से पन्नू की कथित हत्या की साजिश के संबंध में एक रॉ अधिकारी का नाम लिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि रिपोर्ट में एक गंभीर मामले में अवांछित और निराधार आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने संगठित अपराधियों, आतंकवादियों तथा अन्य के नेटवर्क पर अमेरिकी सरकार द्वारा साझा की गईं सुरक्षा चिंताओं की जांच के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित की है जिसकी जांच जारी है।

#### काल्पनिक टिप्पणियों की जरूरत नहीं

जायसवाल ने कहा कि इस पर काल्पनिक और गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणियों की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सात दिसंबर को संसद में कहा था कि भारत ने इस मामले में अमेरिका से प्राप्त सूचना की जांच के लिए एक जांच समिति गठित की है क्योंकि इस मामले से देश के राष्ट्रीय हित भी जुड़े हैं। पिछले साल नवंबर में अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता पर अमेरिका में सिख अलगाववादी पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश का आरोप लगाया था।

#### भारत इसे गंभीरता से ले रहा है: अमेरिका

**वाशिंगटन।** भारत सिख अलगाववादी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू की अमेरिका में हत्या की साजिश संबंधी आरोपों को गंभीरता से ले रहा है।



व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरीन ज्यां-पियरे ने यह टिप्पणी की है। ज्यां-पियरे ने कहा कि जांच की जा रही है और न्याय विभाग आपराधिक जांच कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत, अमेरिका के लिए महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है और हम कई क्षेत्रों में अपने सहयोग को बढ़ाने के लिए एक महत्वाकांक्षी एजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं। पन्नू की हत्या की कथित साजिश पर खोजी रिपोर्ट के बारे में ज्यां-पियरे ने कहा कि यह गंभीर मामला है और हम इसे बहुत गंभीरता से ले रहे हैं। भारत सरकार ने हमसे बहुत स्पष्ट रूप से कहा है कि वे इसे गंभीरता से ले रहे हैं और इसकी जांच कराएंगे।

#### बंदूकधारी मस्जिद में घुसा, छह की जान ली



**इस्लामाबाद।** पश्चिमी अफगानिस्तान में एक बंदूकधारी ने एक मस्जिद में घुसकर गोलीबारी शुरू कर दी जिससे वहां नमाज़ पढ़ रहे छह लोगों की मौत हो गई। तालिबान के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस मस्जिद को इसलिए निशाना बनाया गया, क्योंकि यह अल्पसंख्यक शिया समुदाय की है। तालिबान शासित गृह मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल मतीन कानी ने बताया कि यह हमला सोमवार रात को हेरात प्रांत के गुज़रा जिले में हुआ है।

पाक के पंजाब प्रांत में गेहूं खरीद संकट

# प्रदर्शनकारी किसानों पर पुलिस ने किया लाठीचार्ज, 200 से अधिक लोग गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶ लाहौर

पाकिस्तान में पंजाब पुलिस ने गेहूं खरीद संकट के बीच सोमवार को प्रदर्शनकारी किसानों पर लाठीचार्ज किया और लाहौर में 200 से अधिक किसानों को गिरफ्तार कर लिया। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में गेहूं की बंपर पैदावार के बाद, किसान शिकायत कर रहे हैं कि सूबे की मरियम नवाज़ सरकार गेहूं नहीं खरीद रही है और आटा मिलें उनकी फसलों के लिए सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य से कम दरों की पेशकश कर रही हैं। 'किसान इतेहाद' के प्रवक्ता मियां उमेर ने बताया कि विधानसभा प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज किया।

## आईपीएल : अभी तक पंजाब पर भारी पड़ी चेन्नई

# लखनऊ जायंट्स ने मुंबई इंडियंस को 4 विकेट से हराकर दर्ज की छठी जीत

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 48वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स ने मुंबई इंडियंस को 4 विकेट से हराते हुए अपनी छठी जीत दर्ज की है। इकाना स्टेडियम में खेले गए मैच में एमआई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 144/7 का स्कोर बनाया। जवाब में एलएसजी ने मार्कस स्टोइनिस की बेहतरीन पारी (62) की मदद से 19वें ओवर में लक्ष्य हासिल किया।

### एलएसजी ने आसानी से जीता मुकाबला

एलएसजी ने मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। एमआई का शीर्ष क्रम पूरी तरह से फ्लॉप रहा। नेहाल वढेरा (46) ने एमआई के लिए सबसे बड़ी पारी खेली। उनके अलावा आखिरी ओवरों में टिम डेविड (35) ने तेजी से रन बनाए और स्कोर 144 तक पहुंचाया। एलएसजी के लिए मोहसिन खान ने सबसे ज्यादा 2 विकेट झटके। जवाब में एलएसजी की शुरुआत अच्छी नहीं रही, लेकिन स्टोइनिस ने आसान जीत दिला दी।



### स्टोइनिस की एक और शानदार पारी

आईपीएल 2024 में स्टोइनिस शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। एक बार फिर इस खिलाड़ी ने कमाल की पारी खेली। उन्होंने मैच में 45 गेंद का सामना किया और 62 रन बनाकर आउट हुए। उनके बल्ले से 7 चौके और 2 छक्के निकले। यह उनके आईपीएल करियर का 9वां अर्धशतक रहा। उन्होंने 137.78 की स्ट्राइक रेट से मैच में बल्लेबाजी की। इस सीजन स्टोइनिस का आईपीएल में दूसरा अर्धशतक है। वह 300 से ज्यादा रन भी बना चुके हैं।

### नवीन उल हक ने की बेहतरीन गेंदबाजी

नवीन ने मैच में 3.91 की इकॉनमी से गेंदबाजी की। यह आईपीएल 2024 में 3 ओवर से ज्यादा की गई गेंदबाजी में दूसरा सबसे शानदार इकॉनमी रेट है। पहले स्थान पर जसप्रीत बुमराह हैं, जिन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 3.50 की इकॉनमी से गेंदबाजी की थी। मयंक संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं, उन्होंने भी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 3.50 की इकॉनमी से गेंदबाजी की थी।

### स्कोर बोर्ड

| मुंबई इंडियंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| ईशान किशन का यादव बो बिश्नोई | 32 | 36 | 3 | 0 |
| रोहित का स्टोइनिस बो मोहसिन | 04 | 05 | 1 | 0 |
| सूर्यकुमार का राहुल बो स्टोइनिस | 10 | 06 | 0 | 1 |
| तिलक वर्मा रन आउट | 07 | 11 | 1 | 0 |
| हार्दिक का राहुल बो नवीनुल हक | 00 | 01 | 0 | 0 |
| निहाल वढेरा बो मोहसिन | 46 | 41 | 4 | 2 |
| टिम डेविड नाबाद | 35 | 18 | 3 | 1 |
| मोहम्मद नबी बो यादव | 1 | 02 | 0 | 0 |
| गेराल्ड कोएत्जी नाबाद | 1 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : आठ रन, कुल योग : 20 ओवर में 144/7 रन
गेंदबाजी : स्टोइनिस 3-0-19-1, मोहसिन 4-0-36-2, नवीनुल 3.5-0-15-1, मयंक 3.1-0-31-1, बिश्नोई 4-0-28-1, हुड्डा 2- 0-13-0

| लखनऊ सुपर जाइंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| केएल राहुल का नबी बो पंड्या | 28 | 22 | 3 | 1 |
| अर्शिन कुलकर्णी पगबाधा बो तुषारा | 00 | 01 | 0 | 0 |
| मार्कस स्टोइनिस का वर्मा बो नबी | 62 | 45 | 7 | 2 |
| दीपक हुड्डा का बुमराह बो पंड्या | 18 | 18 | 2 | 0 |
| निकोलस पूरन नाबाद | 14 | 14 | 1 | 0 |
| एश्टोन टर्नर बो कोएत्जी | 05 | 09 | 0 | 0 |
| आयुष बडोनी रन आउट | 06 | 06 | 1 | 0 |
| कृणाल पंड्या नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 11 रन, कुल योग : 19 . 2 ओवर में 145/6 रन
गेंदबाजी : तुषारा 4-0-30-1, बुमराह 4-0-17-0, कोएत्जी 3-0-29-1, चावला 3-0-23-0, पंड्या 4-0-26-2, नबी 1.2-0-16-1

### कमाल की रही एलएसजी की गेंदबाजी

एलएसजी के सभी गेंदबाजों का मैच में योगदान शानदार रहा। मोहसिन ने 4 ओवर में 36 रन देकर 2 विकेट लिए। स्टोइनिस ने 3 ओवर गेंदबाजी की और 19 रन देकर 1 विकेट झटके।

## आईपीएल : कोहली ने 7वीं बार एक सीजन में बनाए 500 से अधिक रन

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने विश्व क्रिकेट में अपना बड़ा नाम किया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के साथ-साथ फ्रेंचाइजी क्रिकेट में भी उनका बल्ला खूब चला है। वह इंडियन प्रीमियर लीग में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने भारत की इस फ्रेंचाइजी लीग में कई बड़े रिकॉर्ड्स अपने नाम किए हैं। कोहली ने 7 बार किसी एक सीजन में 500 से अधिक रन बनाए हैं।

### आईपीएल 2024 में पूरे किए 500 रन

कोहली इस समय जोरदार फॉर्म में चल रहे हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पूर्व कप्तान ने आईपीएल 2024 में भी अपने 500 रन पूरे किए और वह इस सीजन में ये आंकड़ा छूने वाले पहले बल्लेबाज बने हैं। उन्होंने इस सीजन में 10 मैचों में ही ये आंकड़ा छू लिया। कोहली इस सीजन में 1 शतक और 4 अर्धशतक भी लगा चुके हैं। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ नाबाद 113 रन की पारी खेली थी।



**2011 में** 16 मैचों में 46.41 की औसत और 121.08 की स्ट्राइक रेट से 557 रन बनाए थे।
**2013 में** 16 मैचों में 138.73 की स्ट्राइक रेट से 634 रन बनाए थे।
**2015 में** 16 मैचों में 45.9 की औसत और 130.82 की स्ट्राइक रेट से 505 रन बनाए थे।
**2016 में** 16 मैचों में 81.08 की औसत और 152.03 की स्ट्राइक रेट से रिकॉर्ड 973 रन बनाए थे।
**2018 में** 14 मैचों में 139.10 की स्ट्राइक रेट के साथ 530 रन बनाए थे।
**2023 में** 14 मैचों में 53.25 की औसत और 139.82 की स्ट्राइक रेट के साथ 639 रन बनाए थे।

### किसी एक मैदान पर सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने सुनील नरेन

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 47वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के सुनील नरेन ने गेंदबाजी में अहम उपलब्ध हासिल की है। नरेन ने ईडन गार्डन स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में 24 रन देते हुए 1 विकेट चटकाया। इसके साथ ही वह आईपीएल के इतिहास में किसी एक मैदान पर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं।

## सबसे ज्यादा मैच जीतने वाले खिलाड़ियों में टॉप पर धोनी



एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 46वें मुकाबले में चेन्नई सुपरकिंग्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद को 78 रन से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने अपनी खोई हुई लय भी प्राप्त कर ली है। यह जीत सीएसके के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के लिए काफी अहम थी। वह आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा मैच जीतने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।

### महेंद्र सिंह धोनी-150 मैच

धोनी आईपीएल के इतिहास में पहले खिलाड़ी बने, जो 150 मैच जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे। साल 2008 में धोनी पहली बार सीएसके की टीम का हिस्सा बने थे और वह टीम के कप्तान भी थे। उनकी कप्तानी में सीएसके ने 5 बार ट्रॉफी अपने नाम की है और फ्रेंचाइजी 5 बार फाइनल तक भी पहुंची है। धोनी ने 135 मैच सीएसके के साथ और 15 मैच राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स के साथ जीते हैं।

### रोहित शर्मा-133 मैच

मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा सबसे ज्यादा मैच जीतने वाले खिलाड़ियों में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। उनके नाम 133 मैचों में जीत दर्ज है। वह साल 2009 के सीजन में हैदराबाद की टीम के साथ ट्रॉफी जीत चुके हैं।

**खास खबर**

## राधा-हेमलता के शानदार प्रदर्शन से भारत ने दूसरा टी20 19 रन से जीता



**सिलहट (बांग्लादेश)।** बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव और डी हेमलता के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने वर्षाबाधित दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में बांग्लादेश को डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर 19 रन से हरा दिया।

राधा के तीन विकेट की मदद से भारत ने पहले बल्लेबाजी चुनने वाली मेजबान टीम को 119 रन पर समेट दिया। राधा ने 19 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि दीप्ति शर्मा और श्रेयांका पाटिल को दो-दो विकेट मिले। बांग्लादेश के लिए सलामी बल्लेबाज मुर्शिदा खातून ने सर्वाधिक 46 रन बनाए। भारत की ओर से आठवें ओवर में आई राधा ने बांग्लादेश की कप्तान निगार सुल्ताना और फाहिमा खातून को लगातार दो गेंदों पर चलता किया। वह हालांकि हैट्रिक नहीं लगा सकी और सुल्ताना खातून ने उन्हें चौका जड़ा। दीप्ति ने रितु मोनी को दूसरा शिकार बनाया जबकि राधा ने राबिया खान को आउट किया।

### बारिश के कारण लागू हुई डकवर्थ लुईस प्रणाली

जवाब में भारत ने शेफाली वर्मा (0) का विकेट जल्दी गंवा दिया। इसके बाद हेमलता ने 24 गेंद में 41 रन बनाये और भारत ने 5.2 ओवर में एक विकेट पर 47 रन बना लिये थे जब दोबारा बारिश शुरू हो गई। हेमलता ने अपनी नाबाद पारी में पांच चौके और दो छक्के जड़े। उस समय भारत डकवर्थ लुईस प्रणाली से 19 रन आगे था और बारिश के कारण आगे का खेल नहीं होने पर भारत को विजयी घोषित किया गया। भारत अब पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 से आगे है।

### भारत ने ऐसे चटकाए बांग्लादेश के विकेट

इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश की दिलारा अख्तर ने रेणुका सिंह को पारी की दूसरी ही गेंद पर मिडविकेट में चौका लगाया। इसके बाद बैकवर्ड स्क्वेयर लेग में चौका लगाया। पहले ओवर में 11 रन बनने के बाद अनुभवी स्पिनर दीप्ति ने अख्तर को पवेलियन भेजा। वह स्वीप शॉट खेलने के प्रयास में डीप में रेणुका को कैच दे बैठी।




Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; Website: www.honda2wheelersindia.com; Customer Care: customercare@honda2wheelersindia.com

तस्वीर में दिखाया गया उत्पाद बाज़ार में उपलब्ध वास्तविक उत्पाद से भिन्न हो सकता है। उत्पाद में दिखाई गई एक्सेसरीज़ सामान्य उपकरण का हिस्सा नहीं हैं।

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **BALAGHAT:** Dreams Honda - 8349272776, 8349032276, 07632244220; Dreams Honda (Baihar) - 8269793376, 7389353376; **BHOPAL:** Surana Honda - 4074455, 7566665646; Sai Samarth Honda - 4254000, 9425019567; BGS Honda - 4044441, 4231111, 8889999743; Om Auto Honda - 9826331339, 4003018/19; Power Honda - 2981111, 7024877777; BGS Honda (Kolar Road) - 4038111, 8889999481; BGS Honda (Karondh) - 08889994503; Sai Samarth Honda (Bairagarh) - 2571100, 9424494542; Power Honda (Gulmohar) - 4256062, 7880055510; Shiv Honda (Berasia) - 9827205909; Poorvi Honda (Khilchipur) - 9827828182; Shri Sawariya Honda (Budni) - 9907404050, 9691222282; **BIAORA:** My Shiva Honda - 9425038999; Balaji Honda - 7415382282 (Kurawar); Shiv Shakti Honda (Talen) - 7000825923; **SEHORE:** Upadhyay Honda - 07562401281, 09111005258; Harshit Honda (Astha) - 9893096451; Shubham Honda (Nasrullaganj) - 9826356278; Ambika Honda (Icchawar) - 9926434100; **VIDISHA:** Speed Bike Honda - 8817084455; Raghu Honda (Ganjbasoda) - 9425148883; Capital Honda (Sironj) - 252244, 9713161534; **RAISEN:** BGS Honda - 07482 292222, 8717911666; Karma Honda (Begumganj) - 9893141574; Shubhi Honda (Udaipura) - 9993044486; Soumya Auto Honda (Khargone) - 8120124545; JB Honda (Obedullaganj) - 07480224232, 9926566102, Rajeev Honda (Mandideep) - 07480401458, 9302205644; **DAMOH:** Texol Honda - 9407071200, 9425096191; **SAGAR:** Sahil Honda - 7581989790, 9893893997; Sahil Honda Makronia - 9340968288, 9425095591; Raj Honda (Bina) - 8823016566; Shreemant Honda (Khurai) - 9826802066; **HARDA:** Sri Hari Krishna Honda - 9826313338; Kalash Honda (Timarni) - 9617406060; ShriSai Honda (Khirkia) - 9926386210; **CHHINDWARA:** Akshit Honda (Chourai) - 8989994445, 9770066639; Akshit Honda (Parasia Road, Chhindwara) - 8989994440, 9770066619; Akshit Honda (Seoni Road, Chhindwara) - 8989994441, 9770044415; Akshit Honda (Amarwara) - 8989994443, 9770066640; Akshit Honda (Parasia) - 8989994442, 9770066638; Shyam Honda (Pandhurna) - 9425818989; Ayush Honda (Junnardeo) - 9425871626, 6267013113; Maa Vaishnav Honda (Bichhua) - 8989994446, 9770066641; Manish Honda (Sausar) - 9244569009, 9200010004; **SEONI:** Anurag Honda - 9827112711, 9827122712; Shiv Shakti Honda (Keolari) - 9407848143: **BETUL:** Aaditya Honda - 231218, 8989231218; Shivam Honda (Bagdona) - 9425003802; Khyati Honda (Multai) - 9425440610; **ITARSI:** Sudarshan Honda - 7869954212; Sudarshan Honda (Hoshangabad) - 7869954215; Aman Honda (Piparia) - 8085138085; Paliwal Honda (Seoni, Malwa) - 9425476181; 9144332299; **ASHOKNAGAR:** Shri Shant Honda - 8889365888; Shrikrishna Honda (Chanderi) - 9425132725; **GUNA:** Seth And Sons Honda - 9644008081/82/85; RR Honda (Aron) - 9907700774, Seth and Sons (Raghogarh) 9644008082, 9644008089; **SHAJAPUR:** Rathi Honda - 8349990855; **SHUJALPUR:** Mahavir Honda - 9302352067; **INDORE:** Kasliwal Honda - 4228999, 8966002822; Kasliwal Honda (Bangali Square) - 8966002826; Rajpal Honda - 2461212, 9425065707; Rajpal Honda (Khandwa Road) - 2877101; 9827658000; Shyam Honda - 4757200, 9009550948; Shyam Honda (Airport Road) - 2616222, 9009550955; Shree Mangalam Honda - 6232446444, 9977055990, 6232388956; Doshi Honda - 9669266999, 4009600; Doshi Honda (Nanda Nagar) - 9669339994; 4025247; Doshi Honda (Nipania) - 9669801999, 4036444; Shri Ram Honda (Kshipra) - 9993717799; Shyam Honda (Sanwer) - 9009550943; Mohit Honda (Chandrawatiganj) - 9009663700; Riddhi Siddhi Honda (Palia) - 8770657728; GuruKripa Honda (Betma) - 9165155175; Om Sai Honda (Devguradia) - 8770657728; **BARWANI:** Sarswati Honda - 8602521213, 9993768111; Parmar Honda (Rajpur) - 9993356471, 8827751007; Pragati Honda (Pansemal) - 09424855055, 241266; Raj Rajeshwar Honda (Sendhwa) - 9424586222; 228034; **KHARGONE:** Bhandari Honda - 07282-241421, 9753222225; Mahaveer Honda (Anjad) - 9425088666; Manas Honda (Bedia) - 9479319469; Anmol Honda (Maheshwar) - 9926464254; **KHANDWA:** Sethi Honda - 9111002902, 9111002910; Sethi Honda (Chhanera) 9111002903, 7415345652; **DEWAS:** Sadguru Honda - 257499, 8719017666; Sadguru Honda (Ganga Nagar, Indore Road) - 7272252231; Maheshwari Honda (Sonkatch) - 9039921721, 9893821721; Om Sai Honda (Khategaon) - 9893464681; Vini Honda (Hatpipliya) - 9827062431; Patel Honda (Satwas) - 9713624496; Bhavana Honda (Kannod) - 9977663785; **DHAR:** Nakoda Honda - 9753478699; Nakoda Honda (Badnawar) - 8770440156; Dev Guru Honda (Dhamnod) - 9926646561; Falak Honda (Dharmapuri) - 9098111110; Khandelwal Honda (Manawar) - 9425914534; Mahaveer Honda (Rajgarh, Dhar) - 9826076523; Sairam Honda (Ghatabilod) - 9826068964; **KUKSHI:** Shyam Honda - 9333332200; Shree Hari Honda (Singhana) - 9713034535; Madhuram Honda (Dahi) - 9826841303; Joshi Honda (Gandhwani) 9425969272; **JHABUA:** Natural Honda - 9827068396, 9425102858; Natural Honda (Thandla) - 9111919496; **MANDSAUR:** Chaudhary Honda - 223355, 9752635333; Choudhary Honda (Shamgarh) - 9993143260; **RATLAM:** Anklesaria Honda - 236809, 9425329309; Anklesaria Honda (Jaora) - 7389940695, Khatushyam Honda (Alot) - 9993442929; Babji Honda (Sailana) - 9981953001; **SHUJALPUR:** Mahavir Honda - 9302352067; **KALAPIPAL:** Shree Balaji Honda - 9926028916; **SHAJAPUR:** Rathi Honda - 8349990855; **SHUJALPUR:** Moti Honda - 78794534435; **UJJAIN:** Avantika Honda - 9685099909, 8109057750; Ujjain Honda - 8109068222, 9713454399, 07342555326; Avantika Honda (Badnagar) - 07367225701, 9827890387; Jain Honda (Tarana) - 7566698489; Arihant Honda (Nagda) - 07366241481, 9425332717; Shiv Honda (Agar) - 9425941011; Pareek Honda (Khachrod) - 9826796963, 9340896405; Dhanlaxmi Honda (Mahidpur) - 9425033104; **HARDA:** Sri Hari Krishna Honda - 9826313338; Kalash Honda (Timarni) - 9617406060; ShriSai Honda (Khirkia) - 9926386210; **NEEMUCH:** Imdadallys Honda - 07423-404110, 225110; 9575751616; Savita Honda (Manasa) - 9993773232, 07421-243081, Aditya Honda (Jeeran) - 7509542276; Shikhar Honda (Rampura) - 9424041544; **BURHANPUR:** Krishna Sai Honda - 8989694646, 9827394646; Shree Sai Honda (Shahpur) - 9753633111; **SHIVPURI:** Seth Honda - 6264074441, Dhudhar Honda (Pichore) -7024325555; Jain Honda (Karera) - 8602760034; **SHEOPUR:** Moti Honda - 8269193208; **MHOW:** Radha Honda - 07324-275543; Radha Honda (Pithampur) - 7470884802, 7389049040; **SANAWAD:** Veera Honda - 9826533110, 9406523110; **GWALIOR:** A.S. Honda - 9926186437, 9926186413; Sumedha Honda - 8718819740, 8718819752; Divya Sai Honda - 09644204111, 9644207111; Niyati Honda (Bhitarwar) - 9755359098; Pujari Honda (Mohona) - 8587904580; Satnam Honda (Dabra) - 09827534200; Manuraj Honda (Bhander) - 9755574488; Shree Krishna Honda (Lahar) - 8839257016; Ashish Honda (Gohad) - 9713394900; **DATIA:** Dhruv Tara Honda - 7000239698, 7755801125; **RAGHOGARH:** 9644008089, 07747-919669; **BHIND:** M.S. Honda - 7999875353, 9039296063; **MORENA:** The Roshan Honda - 9300422900; Gupta Honda (Shabalgarh) - 9893170387; Aryan Honda (Ambah) - 9826288045 .

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930